CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम : 16°C

नई दिल्ली, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 193 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 21 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी के मंत्री राजभर की भाजपा से बगावत बिहार में लड़ेंगे चुनाव पेज 2



जोशना चिनप्पा ने जीता जापान ओपन का खिताब खेल टाइम्स



मानव जीवन में मादक पदार्थों के नुकसान तथा उनसे बचाव सम्पादकीय



हमास ने सभी 20 इजरायली बंधक रिहा किए इजरायल ने 250 फलस्तीनी कैदी छोड़े पेज 12

# पाकिस्तान में पुलिस फायरिंग में 250 लोगों की मौत

इस्लामाबाद, वार्ता

- टीएलपी का दावा, गाजा पीस डील के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे कार्यकर्ता, 1500 से ज्यादा लोग घायल
- पाकिस्तान रेंजर्स सहित सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज व आंसू गैस के गोले छोड़े

**पाकिस्तान** में गाजा पीस प्लान को समर्थन देने के खिलाफ पिछले पांच दिनों से प्रदर्शन जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी तहरीक -ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने दावा किया है कि पुलिस की फायरिंग में अब तक उनके 250 से ज्यादा कार्यकर्ता और नेता मारे गए हैं, जबकि 1,500 से अधिक घायल हुए हैं।

दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने ट्रम्प के पीस प्लान का समर्थन किया है। इसे लेकर कई पार्टियां नाराज हैं। टीएलपी चीफ साद हुसैन रिजवी विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने सरकार विरोधी, गाजा समर्थक और इजरायल विरोधी अभियान के तहत लाहौर से इस्लामाबाद तक लंबा मार्च किया। मार्च के दौरान रिजवी को भी 3 गोली लगी हैं। पार्टी के प्रवक्ता के मुताबिक, रिजवी की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें पास के एक मेडिकल सेंटर ले जाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना कहां हुई या कितने लोग मरे हैं, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। टीएलपी प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तानी पंजाब के कई हिस्सों में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और झड़पें जारी हैं। टीएलपी ने ट्रम्प के गाजा सीजफायर प्लान के विरोध में इस्लामाबाद में मार्च किया। ये -शेष पृष्ठ दो पर



## गायिका नेहा राठौर की मुकदमा रद्द करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के पहलगाम हमले पर कथित भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट मामले में दर्ज मुकदमा रद्द करने की उनकी याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया, जिसमें मामले की जांच जरूरी बताया गया था। पीठ ने कहा कि आरोप तय करते समय याचिकाकर्ता कथित तौर पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के सहित कुछ आरोपों को रद्द करने का मुद्दा उठा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'कोल्ड्रिफ' बनाने वाली श्रीसन फार्मा बंद, लाइसेंस रद्द

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स का मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस पूरी तरह से रद्द कर दिया। साथ ही कंपनी को हमेशा के लिए बंद करने की घोषणा की। सरकार को श्रीसन फार्मा की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गंभीर श्रेणी की गड़बड़ियां मिली थीं। कोल्ड्रिफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। चेन्नई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को श्रीसन फार्मा से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी भी की है। श्रीसन फार्मा के प्रमुख कर्मचारियों और तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (टीएनएफडीए) के गिरफ्तार डायरेक्टर इन-चार्ज पीयू कार्तिकेयन के ठिकानों पर भी रेड की गई। कार्तिकेयन को जुलाई, 2025 में रिश्वतखोरी के एक मामले में तमिलनाडु विजिलेंस एंड एंटी करप्शन (डीवीएसी) ने गिरफ्तार किया था। ईडी की ताजा कार्रवाई मिलावटी कोल्ड्रिफ सिरप बनाने और बिक्री से जुड़े वित्तीय लेन-देन मामले में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत (पीएमएलए) की जा रही है।

### मेरठ: पुलिस मुठभेड़ में इनामी निक्की ढेर

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ देहात के सरूरपुर इलाके में सोमवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी वांछित अपराधी मारा गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मेरठ देहात के बहसूमा निवासी शहजाद उर्फ निक्की के रूप में हुई है, जिस पर लड़कियों के साथ यौन उत्पीड़न समेत कई आरोप थे। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे सरधना-बिनौली मार्ग पर वाहनों की जांच कर रही पुलिस टीम ने एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। इसके बजाय, सवार ने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चला दीं। बुलेटप्रूफ जैकेट पहने एक पुलिसकर्मी गोली लगने के बाद बाल-बाल बच गया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें हमलावर घायल हो गया और अपनी बाइक से गिर गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से एक पिस्तौल, कारतूस और एक अपंजीकृत बाइक बरामद की गई।एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि शहज़ाद पहले भी कई मासूम बच्चियों के साथ बलात्कार के आरोप में जेल जा चुका है।

# बिहार चुनाव से पूर्व लालू परिवार को बड़ा झटका

## लालू यादव, राबड़ी देवी व तेजस्वी के खिलाफ IRCTC घोटाले में आरोप तय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव के खिलाफ भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) घोटाले से संबंधित एक मामले में भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश व धोखाधड़ी के आरोप तय किए हैं। विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने इस मामले में सोमवार को यह आदेश पारित किया।

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि लालू यादव, जो 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे, ने अपनी स्थिति का दुरुपयोग करते हुए निजी कंपनी सुजाता होटल्स को रांची और पुरी में दो आईआरसीटीसी होटलों के पट्टे के लिए अनुचित तरीके से ठेके दिए। इतना ही नहीं इसके बदले में, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव से जुड़ी एक कंपनी को बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर करोड़ों की जमीन हस्तांतरित की गई। कोर्ट ने लालू यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय किए, जबकि राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर भी साजिश और धोखाधड़ी के कई अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। लालू प्रसाद यादव, राबड़ी यादव और तेजस्वी यादव तीनों ने आरोपों को स्वीकार करने से इन्कार किया है। उन्होंने कहा कि वो ट्रायल का सामना करेंगे।



नई दिल्ली: लालू प्रसाद यादव आईआरसीटीसी घोटाला मामले में आरोपों पर सुनवाई के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट से बाहर निकलते हुए।

- सीबीआई के आरोप: लालू प्रसाद यादव ने रेल मंत्री रहते समय अनुचित तरीके से दो आईआरसीटीसी होटलों के पट्टे के लिए ठेके दिए

### बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों तथा सात अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश की आठ सीटों के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसी के साथ पंजाब के तरनतारन, राजस्थान के अंता, ओडिशा के नुआपारा, झारखंड के घाटशिला, तेलंगाना के जुबली हिल्स, मिजोरम के डम्पा और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर विधानसभा की नगरोटा व बड़गांव की रिक्त सीटों के उपचुनावों के लिए भी अलग-अलग अधिसूचना जारी की गई हैं। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीटों के लिए दो चरणों में छह और 11 नवम्बर को चुनाव कराए जाएंगे। बिहार में दूसरे चरण के चुनाव के साथ ही पंजाब, राजस्थान, ओडिशा, झारखंड, तेलंगाना, मिजोरम तथा जम्मू- कश्मीर के विधानसभा के उपचुनाव 11 नवम्बर को कराए जाने हैं। इन सभी चुनााव की मतगणना 14 नवम्बर को कराई जाएगी।

# करूर भगदड़: सुप्रीम कोर्ट ने दिए सीबीआई जांच के आदेश

- तीन सदस्यीय कमेटी निगरानी करेगी, एक्टर विजय की रैली में 41 लोगों की हुई थी मौत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को करूर भगदड़ मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने एक्टर विजय की पार्टी टीवीके और भाजपा नेता उमा आनंदन की मामले की सीबीआई जांच याचिका पर फैसला सुनाया। मद्रास हाईकोर्ट ने मामले की जांच एसआईटी को सौंपी थी।

बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस अजय रस्तोगी की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय कमेटी जांच की निगरानी करेगी। इसमें दो आईपीएस अधिकारी (तमिलनाडु कैडर के हो, लेकिन यहां के मूल निवासी नहीं) इसमें शामिल होंगे, जो आईजीपी रैंक से नीचे के नहीं होने चाहिए। बेंच ने 10 अक्टूबर को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से पूछा था कि जब एआईएडीएमके को करूर में कम जगह होने के कारण रैली की अनुमति नहीं दी गई तो फिर टीवीके को 27 सितम्बर की रैली को कैसे इजाजत दी गई। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि मद्रास हाईकोर्ट ने एसआईटी जांच का आदेश कैसे दिया, जबकि मामला मदुरै बेंच में था। 27 सितम्बर को तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत हुई थी।






# मोदी से मिलीं कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भारत-कनाडा संबंधों को नई गति देने के प्रयास
- विदेश मंत्रालय ने जारी किया साझा बयान

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से सोमवार को साउथ ब्लॉक अपने कार्यालय में मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच बिजनेस, एनर्जी, तकनीक, कृषि और सहयोग को लेकर चर्चा की।

पीएम मोदी ने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी को शुभकामनाएं दीं और आने वाली बैठकों का इंतजार करने की बात कही। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि विदेश मंत्री आनंद के इस दौरे से दोनों देशों के रिश्ते और मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे प्रधानमंत्री कार्नी से जल्द मिलने को उत्सुक हैं। इससे पहले भारत और कनाडा के विदेश मंत्रियों की मुलाकात के बाद साझा बयान जारी किया गया। बयान में कहा गया कि दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर रोडमेप तैयार किया गया। दोनों मंत्रियों ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और तनाव के समय में मजबूत साझेदारी जरूरी है।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# किशोर पर बालिग की तरह मुकदमे को आईक्यू-ईक्यू टेस्ट अनिवार्य

प्रयागराज, वार्ता



**किशोर न्याय बोर्ड किसी बच्चे पर बालिग की तरह मुकदमा चलाने के लिए आंतरिक भावना पर निर्भर नहीं रह सकता: हाईकोर्ट**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जघन्य अपराधों में किशोर पर बालिग की तरह मुकदमा चलाने के लिए आईक्यू और ईक्यू टेस्ट कराया जाना अनिवार्य है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किशोर न्याय बोर्ड (जेजे बोर्ड) किसी बच्चे पर बालिग (वयस्क) की तरह मुकदमा चलाने के लिए आंतरिक भावना पर निर्भर नहीं रह सकता। उसका मानसिक-भावनात्मक परिपक्वता का वैज्ञानिक और कठोर मूल्यांकन आवश्यक है।

कोर्ट ने इसके लिए जेजे बोर्ड और बाल न्यायालयों के लिए 11 अनिवार्य दिशानिर्देशों का एक सेट तैयार किया है जिनका पालन तब तक किया जाएगा, जब तक कि विधायिका इस संबंध में स्वयं कोई कानून नहीं बना लेती। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की एकल पीठ ने प्रयागराज निवासी किशोर की याचिका पर दिया है। जार्जटाउन थाने में 2019 में किशोर पर हत्या सहित विभिन्न आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया था। अपराध के समय किशोर की उम्र 17 साल छह महीने 27 दिन थी। जेजे बोर्ड ने उस पर पहले से दर्ज दो मुकदमों, जिला परिवीक्षा अधिक. ारी की रिपोर्ट, प्रारंभिक मूल्यांकन के आधार पर हत्या और अन्य अपराधों के परिणामों को समझने में सक्षम पाते हुए एक वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का आदेश दिया था। अपीलीय न्यायालय ने भी जेजे बोर्ड के फैसले को बरकरार रखा। इन दोनों आदेशों को किशोर ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि किशोर न्याय बोर्ड, अपीलीय न्यायालय की ओर से उम्र निर्धारण के लिए किया गया प्रारंभिक मूल्यांकन कानून के अनुसार नहीं है और अविश्वसनीय है। बच्चों की उम्र का निर्धारण करने के लिए बौद्धिक क्षमता द्धआईक्यूऋ और भावनात्मक बुद्धिमत्ता द्धईक्यूऋ का मनोवैज्ञानिक परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। मनोवैज्ञानिक परीक्षण के लिए मानकीकृत उपकरणों जैसे बिनेट कामत टेस्ट, विनलैंड सोशल मैच्योरिटी स्केल (वीएसएमएस), भाटिया बैटरी टेस्ट आदि का उपयोग किया जाना चाहिए। साथ ही रिपोर्ट में उपयोग की गई कार्यप्रणाली का उल्लेख होना चाहिए। जघन्य अपराध करने की बच्चे की शारी. रिक और मानसिक क्षमता और उसके परिणामों को समझने की उसकी क्षमता के संबंध में स्पष्ट निष्कर्ष दर्ज किए जाएंगे। बोर्ड परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी को 15 दिन के भीतर एक सामाजिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देगा। बाल कल्याण पुलिस अधिकारी दो सप्ताह के भीतर बच्चे की और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर एक सामा. जिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। जघन्य अपराध के मामलों में, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एक महीने के भीतर गवाहों के बयान और जांच के अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करेगा। बच्चे के किसी भी पिछले अपराध में संलिप्तता की संख्या और प्रकृति का विवरण देना होगा।

## एक लाख का इनामी गुरुसेवक ढेर, साथी फरार

**लखनऊ।** लखनऊ के थाना पारा क्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपए का इनामी बदमाश गुरुसेवक मारा गया जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

पुलिस उपायुक्त पश्चिमी की क्राइम ब्रांच और लखनऊ कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि बुद्धेश्वर निवासी योगेश पॉल की हत्या कर वाहन लूटने वाला बदमाश गुरुसेवक, शाहजहांपुर के पुवायां में भी अपने साथी के साथ अवनीश दीक्षित की हत्या कर चार पहिया वाहन लूट चुका है। वह उसी वाहन को बेचने के इरादे से मोहान रोड होते हुए आउटर रिंग रोड की ओर जा रहा था। सूचना पर पुलिस टीमों ने जीरो प्वाइंट और आउटर रिंग रोड कट पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान जैसे ही संदिग्ध वाहन पहुंचा, पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने गाड़ी तेज कर भागने की कोशिश की। पीछा करने पर गाड़ी फंस गई और बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में गुरुसेवक गोली लगने से घायल होकर गिर पड़ा, जबकि उसका साथी झाड़ियों में भाग निकला। घायल बदमाश को तत्काल रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### होमगार्ड बनने के नियमों में बदलाव

**लखनऊ।** प्रदेश में होने वाली 44 हजार पदों पर होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती में अब सार्वजनिक, शासकीय व अर्द्धशासकीय सेवाओं में नियमित रूप से कार्यरत व्यक्ति आवेदन नहीं कर सकेंगे। पहले ऐसे कर्मी होमगार्ड बनने के लिए पात्र होते थे। होमगार्ड विभाग ने इसमें बदलाव करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इसे मंजूरी मिलने के बाद सार्वजनिक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय सेवाओं में कार्यरत कर्मी होमगार्ड भर्ती के लिए बनने वाले एनरोलमेंट बोर्ड में आवे. दन के लिए पात्र नहीं होंगे। होमगार्ड भर्ती के लिए एनरोलमेंट की प्रक्रिया भी तय कर दी गई है। इसके आवेदन जिलेवार ऑनलाइन लिए जाएंगे। एनरोलमेंट वास्तविक रिक्तियों के सापेक्ष होगा, जिससे लाखों युवाओं को आवेदन करने का मौका मिलेगा।

### कैडेट अंतरिक्ष के माता-पिता बोले- बेटे ने नहीं की आत्महत्या

**बहराइच।** राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के एयरफोर्स कैडेट अंतरिक्ष कुमार सिंह के पार्थिव शरीर का रविवार शाम को सुमेरपुर गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। परिवार शोक में डूबा है। परि. जनों ने अंतरिक्ष की मौत को आत्महत्या न मानते हुए आरोप लगाया कि सेना के अधिकारियों द्वारा पूरे मामले को छिपाने की कोशिश की जा रही है, उन्हें सीसीटीवी रिकार्डिंग तक नहीं दिखाई गई। माता-पिता और भाई का कहना है कि अंतरिक्ष रात 10.30 बजे तक बिल्कुल सामान्य था, फिर अचानक ऐसा क्या हुआ कि उसने फांसी लगा ली। अंतरिक्ष के पिता रवि प्रताप सिंह, जो असम के गुवाहाटी में सूबेदार पद पर तैनात हैं, ने बेटे को मुखाग्नि दी है।

## पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को हाईकोर्ट से मिली राहत

प्रयागराज, वार्ता

**कोर्ट ने रंगदारी और जमीन पर कब्जा करने के मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रहे मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगाई**

कानपुर के सीसामऊ से सपा के विधायक रहे इरफान सोलंकी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने रंगदारी और जमीन पर कब्जा करने के मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रहे मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ कर रही है। कानपुर के जाजमऊ थाना क्षेत्र के दुर्गा विहार निवासी विमल ने 25 दिसम्बर 2022 को पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सोलंकी के साथ ही बिल्डर हाजी वसी, शाहिद लारी और कमर आलम के खिलाफ भी मारपीट, रंगदारी, धमकी समेत सार्वजनिक संपति नुकसान निवारण अधि. नियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वादी ने आरोप लगाया था कि उसकी जाजमऊ स्थित आरा. जी संख्या 963 जिसका रकबा एक हजार वर्ग मीटर जमीन था। विधायक इरफान सोलंकी, हाजी वसी, कमर आलम और शाहिद लारी ने जबरन उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया था। डीएम से शिकायत पर लेखपाल ने जाकर जांच की और पुलिस के द्वारा कार्रवाई करके जमीन कब्जा मुक्त कराने की बात भी लिखी थी। जब इन लोगों ने उसकी जमीन पर कब्जा किया था, तो दर्शाया कि आराजी संख्या 48 की जमीन का हिस्सा है। वादी ने आराजी संख्या 48 के संबंध में जानकारी की गई तो पता चला कि यह जमीन कानपुर डेवलपमेंट अथारिटी के नाम है, जिसका पूरा रकबा 77 सौ वर्ग मीटर का है।

### बिहार के चिन्हित जिलों में मजबूत जनाधार का किया दावा

# योगी के मंत्री राजभर की भाजपा से बगावत

बलिया, वार्ता



**बिहार में लड़ेंगे चुनाव, कल 153 प्रत्याशी उतारेंगे, बोले-जब जरूरत थी तो गिड़गिड़ा रहे थे अभी भी समय**

एनडीए के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव में अकेले उतरने का फैसला किया है।

सुभासपा नेता और उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के बड़े बेटे अरविंद राजभर ने सोमवार को यह जानकारी ऑनलाइन दी। उन्होंने बताया कि सुभासपा बिहार के चिन्हित जिलों में मजबूत जनाधार के आधार पर अकेले चुनाव लड़ने को तैयार है। अरविंद राजभर सुभासपा के वर्तमान में प्रधान राष्ट्रीय महासचिव है। अरविंद ने एनबीटी ऑनलाइन से कहा कि यूपी की तर्ज पर उनकी पार्टी बिहार में भी एनडीए गठबंधन में रहकर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी थी। इसके लिए एनडीए गठबंधन की अगुआ बीजेपी के सभी संबंधित लीडरों से लगातार संपर्क बना हुआ था। अरविंद ने बताया कि उन्हें जानकारी हुई कि बिहार बीजेपी स्टेट यूनिट से गठबंधन को लेकर सकारात्मक रिपोर्ट बीजेपी टाप लीडरशिप को नहीं दी गयी है। इसके बाद एनडीए की ओर से इस बाबत (बिहार विधानसभा गठबंधन) अब तक कोई सकारात्मक संकेत उन्हें नहीं मिले हैं। इस बाद अरविंद ने बताया कि यूपी में बीजेपी और सुभासपा के कोआर्डिनेटर राज्यसभा सदस्य डाक्टर दिनेश शर्मा को सुभासपा के अकेले बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के निर्णय से उन्होंने भिज्ञ करा दिया है। इस बीच अरविंद ने बताया कि बीजेपी के अन्य शीर्ष नेताओं को भी निर्णय से संबंधित सूचना उनकी ओर से भेज दी गयी है। अरविंद ने बताया कि उनके पार्टी की ओर से सोमवार को 35 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की तैयारी है। प्रयास किया जा रहा है कि जल्द से जल्द उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए जाएं। अरविंद राजभर ने कहा कि सुभासपा किसी समझौते या दावे के बजाय बिहार में अपने संगठन की ताकत पर भरोसा करती है। बिहार में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। ओमप्रकाश राजभर ने एनडीए की तरफ से सीटों में हिस्सेदारी नहीं मिलने पर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि बिहार के भाजपा नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व को गलत फीडबैक दिया है। इसकी सज़ा बिहार के लोगों को मिलेगी। उन्होंने 153 सीटों पर लड़ने का ऐलान करते हुए कहा कि बिहार में हम एक मोर्चा बनाकर चुनाव लड़ेंगे।

### राजनीति के दगे हुए कारतूस हैं ओपी राजभर: सपा सांसद पांडेय

**बलिया।** सपा सांसद सनातन पांडेय ने भाजपा के स्वदेशी अभियान पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के लोग और देश के पीएम वही कहते हैं, जो नहीं करते हैं। इन लोगों ने कहा था कि दीपावली में चीन से आने वाली लाइटों का उपयोग नहीं किया जाएगा। हकीकत यह है कि आज पूरे देश में चीन की लाइटें बिक रही हैं। सांसद सनातन पांडेय ने डाक बंगले में बातचीत में कहा कि कहा कि मुझे भी स्वदेशी की बात पसंद है। हम भी स्वदेशी अपनाना चाहते हैं, लेकिन भाजपा को देश और स्वदेशी पर विश्वास ही नहीं है। चीन से सटी हमारी सीमाएं कम हुई हैं। इन्हें बताना चाहिए था कि भारत की सीमाएं क्यों घटी हैं। ओमप्रकाश राजभर द्वारा आजमगढ़ की एक सड़क के विकास को मॉडल के रूप में दिखाते हुए योगी सरकार की तारीफ पर सांसद ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर का यह बयान बता रहा है कि वह अंदर से डरे हुए हैं। भाजपा में मंत्री बनने के बाद जहुराबाद का उन्होंने कितना विकास कराया।



**सेंसेक्स** 82327.05
**निफ्टी** 25227.35



**सोना रु.** 124155
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 175325
प्रति किलो



## आईटी कंपनियों के दबाव में लुढ़का शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के दबाव में सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सप्ताह के पहले ही दिन 173.77 अंक (0.21 प्रतिशत) उतरकर 82,327.05 अंक पर बंद हुआ।

पिछले दो कारोबारी दिवसों पर हरे निशान में बंद होने वाला सूचकांक आज 450 अंक से ज्यादा की गिरावट में खुला था, लेकिन बाद में कुछ हद तक उबरने में कामयाब रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 58 अंक यानी 0.23 फीसदी की गिरावट में 25,227.35 अंक पर बंद हुआ। एनएसई में जिन 3,202 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,118 के शेयर हरे निशान में, 1,974 के लाल निशान में बंद हुए, जबकि 109 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित रहे। आईटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, धातु और तेल एवं गैस समूहों में बिकवाली का जोर ज्यादा रहा।

वहीं बैंकिंग एवं वित्तीय सेक्टरों के शेयरों में लिवाली अधिक हुई। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली कंपनियों के सूचकांक मिडकैप-50 में 0.23 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.17 प्रतिशत गिर गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स में सबसे अधिक 2.67 फीसदी की गिरावट रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1.46 प्रतिशत और इंफोसिस का 1.40 प्रतिशत टूट गया। पावर ग्रिड, बीईएल, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। मुनाफे में रहने वालों में अडानी पोर्ट्स का शेयर सबसे अधिक 2.04 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.32 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 0.93 प्रतिशत और एक्सिस बैंक का 0.79 प्रतिशत की तेजी में रहा। भारती एयरटेल और एनटीपीसी में भी तेजी रही। अन्य एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट हावी रही। जापान का निक्केई 1.01 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.52 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.19 प्रतिशत टूट गया। यूरा. ेपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.54 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.03 प्रतिशत की बढ़त में थे।

## चांदी एक दिन में 10,825 महंगी 1.75 लाख पार पहुंची, सोना 2,630 बढ़कर 1.24 लाख के पार

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत पुष्य नक्षत्र से एक दिन पहले 13 अक्टूबर को अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी की कीमत एक दिन में 10,825 रुपए बढ़कर 1,75,325 रुपए प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई है। शुक्रवार को ए 1,64,500 रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 2,630 रुपए बढ़कर 1,24,155 रुपए हो गए हैं। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,21,525 रुपए पर था।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। इस साल अब तक सोने की कीमत 47,993 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,24,155 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 89,308 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,75,325 रुपए प्रति किलो हो गई है। गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डॉलर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपए में यह लगभग 1,55,000 रुपए प्रति 10 ग्राम होगा।

## चावल, चीनी, दालें मजबूत खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं में मंदी रही। चीनी और दालों के दाम भी बढ़े। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 48 रिंगिट घटकर 4,496 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.20 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 107 रुपए बढ़कर 3,852.25 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं का भाव 13 रुपए टूटकर 2,851.67 रुपए प्रति क्विंटल रहा। आटे की कीमत भी 22 रुपए घटी और यह 3,303.82 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 78 रुपए और सोया तेल की 41 रुपए प्रति क्विंटल घट गयी। पाम ऑयल 89 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 28 रुपए और वनस्पति 68 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 135 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। चना दाल की औसत कीमत 127 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल भी 143 रुपए महंगी हुई। मूंग दाल की औसत कीमत 125 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। तुअर दाल 193 रुपए और उड़द दाल 39 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 83 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चीनी भी 17 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7903.22 रुपए, मसूर काली 8153.44 रुपए, मूंग दाल 10118.90 रुपए, उड़द दाल 10429.94 रुपए, तुअर दाल 10536.24 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### पाकिस्तान में...

प्रदर्शन 9 अक्टूबर से जारी है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सुरक्षा बलों और तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के प्रदर्शनकारियों के बीच सोमवार को हिंसक झड़पें हुईं। इसमें 2 पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और दर्जनों दूसरे अधिकारी घायल हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन रात 2 बजे शुरू हुआ और सुबह 7 बजे तक चला। मुरीदके में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की। पाकिस्तान रेंजर्स सहित सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने कई जगहों पर कैंप लगाए थे, लेकिन भारी बैरिकेडिंग के बावजूद हिंसा भड़क उठी। पुलिस ने शनिवार को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान 170 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सुरक्षा बलों ने उनके खिलाफ हथियारों का इस्तेमाल किया। यहां मीडिया कवरेज भी बैन है। वहीं, टीएलपी नेता साद रिजवी ने प्रदर्शनकारियों से कहा था कि गिरफ्तारी कोई समस्या नहीं है, गोलियां कोई समस्या नहीं हैं, शहादत हमारी नियति है। इस प्रदर्शन की शुरुआत तब हुई, जब गुरुवार देर रात पंजाब पुलिस ने टीएलपी मुख्यालय पर छापा मारकर इसके नेता साद रिजवी को गिरफ्तार करने की कोशिश की थी। साद निकल गया, लेकिन पुलिस और साद समर्थकों के बीच हुई झड़पों में कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने शहर के अंदर और बाहर की सड़कें बंद कर दी थी। दंगा रोकने के लिए पुलिस को प्रमुख रास्तों पर तैनात किया गया और सरकारी दफ्तरों व विदेशी दूतावासों वाले रेड जोन को पूरी तरह सील कर दिया गया। टीएलपी की स्थापना 2015 में खादिम हुसैन रिजवी ने की थी। वे पंजाब के धार्मिक विभाग में काम करते थे, लेकिन 2011 में सलमान तासीर की हत्या करने वाले मुमताज कादरी का समर्थन करने पर नौकरी से निकाले गए। 2016 में कादरी को सजा होने पर टीएलपी ने ईश निंदा के मुद्दे पर देशव्यापी प्रदर्शन शुरू किए। खादिम ने फ्रांस के खिलाफ भी भड़काऊ बयान दिए। उनकी मृत्यु के बाद 2021 में बेटे साद रिजवी ने संगठन संभाला।

## पूर्व वरिष्ठ नौकरशाह गोपीनाथन हुए कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह और पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे चुके केरल मूल के के. गोपीनाथन सोमवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। गोपीनाथन कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पवन खेड़ा, कांग्रेस सांसद शशि कांत सेंथिल की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। गोपीनाथन ने 2019 में नौकरी से त्यागपत्र दिया था, लेकिन उनका इस्तीफा अब तक स्वीकार नहीं किया गया। वेणुगा. ेपाल ने कांग्रेस का अंग वस्त्र पहनाते हुए उनका परिचय देते हुए कहा कि देश के दलित और हाशिए पर पड़े लोगों के प्रति जुनून रखने वाले और हमेशा न्याय और एकता के लिए लड़ने वाले बहादुर नौकरशाहों गोपीनाथन की पहचान है। गोपीनाथन का कांग्रेस में शामिल होना स्पष्ट संदेश है कि यह एकमात्र ऐसी पार्टी है जो न्याय के लिए लड़ रही है।

## नकली कफ सिरप: यूपी में नारकोटिक्सस टीमों के ताबड़तोड़ छापे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ सहित कई जिलों में पड़ताल, मेडिकल स्टोर सील**

**लखनऊ।** कोडिन कफ सिरप की धरपकड़ के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीम ने जिले भर में छापे मारे।

लखनऊ, रायबरेली व सीता. पुर में टीमों ने 10 जगह पर छापा मारकर जांच की। इस दौरान कई फर्म संचालक शटर बंद करके भाग गए। टीम ने फर्म संचालकों को फोन करके कफ सिरप खरीद से जुड़े दस्तावेज तलब किए हैं। जांच दौरान गड़बड़ी मिलने पर दो मेडिकल स्टोर (एक लखनऊ व एक सीतापुर में) सील किए गए। अफसरों का कहना है कि गुजरात की एक फर्म जिसका डिपो लखनऊ में है, के जरिए नारकोटिक्स की दवाओं व कफ सिरप की आपूर्ति कई जिलों में की गई थी। एफएसडीए के सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश यादव ने बताया कि छापे के लिए 13 जिलों के ड्रग इंस्पेक्टरों को लखनऊ बुलाया गया। टीम ने लखनऊ में नौ फर्म व सीतापुर में एक फर्म की जांच की। सहायक मंडल आयुक्त के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज व अर्पिक फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के तीन स्थानों पर जांच की गई जिसमें फर्म के अंदर गड़बड़ी मिली। नारकोटिक्स औषधियों का भंडारण संतोषजनक नहीं था। फर्म के जरिए भारी मात्रा में कोडिन कफ सिरप विक्रय में अनियमितता मिली। बिक्री से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए हैं। ब्रजेश ने बताया इधिका व अर्पिक फर्म के मालिक मनोहर जैसवाल हैं, जो गुजरात में रहते हैं। लखनऊ में इनका डिपो है। गुजरात की इस फर्म के जरिए बड़ी तादाद में कोडिन सिरप प्रदेश के विभिन्न जिलों में भेजा जा रहा था। अमीनाबाद ओल्ड मेडिसिन मार्केट स्थित श्री श्याम फार्मा जांच के दौरान बंद मिला। टीम ने स्टोर को सील कर दिया है। टीम का कहना है इस मेडिकल स्टोर ने बड़ी तादाद में कफ सिरप व नारकोटिक्स दवाओं की खरीद ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फर्म से की है। वहीं सीतापुर के नैमिष धाम मेडिकल स्टोर संचालक ने 2600 बाटल कोडिन कफ सिफ ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज फर्म से क्रय किया था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गुलाबी बाग इलाके में फटा गैस सिलेंडर एक ही परिवार के पांच लोग झुलसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुलाबी बाग इलाके में सोमवार सुबह गैस सिलेंडर फटने से बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में एक ही परिवार के पाँच लोग, जिनमें तीन मासूम बच्चे शामिल हैं, गंभीर रूप से झुलस गए। बताया जा रहा है कि यह परिवार कुछ ही दिन पहले बिहार से दिल्ली आया था और नयी बस्ती, किशनगंज क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहा था।

यह हादसा सोमवार सुबह लगभग ९ बजकर २२ मिनट पर थाना गुलाबी बाग क्षेत्र के अंतर्गत नयी बस्ती इलाके में हुआ जानकारी के मुताबिक घर में रखे गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई, जिससे कुछ ही मिनटों में धमाका हो गया। विस्फोट की तीव्रता इतनी थी कि मकान के एक कमरे की तीन दीवारें गिर गईं और आस–पड़ोस के लोगों में अफरा–तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें मौके पर पहुँचीं। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। वहीं, स्थानीय लोगों की मदद से झुलसे हुए परिवार के सदस्यों को तुरंत अस्पताल पहुँचाया गया।इस हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान हजरत और उसकी पत्नी रुखसार के रूप मै हुई है, हादसे में उनके तीन बच्चे हुस्सन (०७ वर्ष),आफिया (०६ वर्ष), छोटे (०५ वर्ष) के रूप में हुई है, सभी घायलों को उपचार के लिए बड़ा हिन्दू राव अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टरों के अनुसार तीनों बच्चों की स्थिति फिलहाल स्थिर है। वहीं, दोनों पति पत्नी को आगे के उपचार के लिए आरएमएल अस्पताल रेफर किया गया है ,प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि गैस सिलेंडर लीकेज था, और रेगुलेटर बंद न होने के कारण सिलेंडर से गैस का रिसाव हुआ और जिस कमरे में परिवार रह रहा था उसे छोटे काम वह कमरा बहुत ही छोटा था, रात को परिवार जब उसमें सोया तोहरी साहब के कारण कमरे में गैस इकट्ठा हो गई सुबह जब परिवार उठा और खाना बनाने के लिए घर में जब किसी ने गैस जलाने की कोशिश की, तो आग भड़क गई और कुछ ही पलों में सिलेंडर फट गया।धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की दीवारों में दरारें आ गईं और खिड़कियाँ हिल गईं।

## वन्यजीवों को साफ–सुथरा पानी उपलब्ध कराने को जेएनयू में उठाया जा रहा कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में जल निकायों के जीर्णोद्धार की तैयारी है। जिससे परिसर में रहने वाले वन्यजीवों को साफ–सुथरा पानी पीने के लिए उपलब्ध हो सकें। इसके लिए जल निकायों को चिन्हित कर लिया गया है। जेएनयू की एनिमल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष प्रो. पीयूष प्रताप सिंह ने कहा कि जेएनयू में कई छोटे–बड़े जल निकाय है। गर्मी के मौसम में सूख जाते है। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए जल निकायों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। जिससे वर्षभर उनमें पानी मौजूद रहे और वन्यजीवों को पानी मिल सकें। जल निकायों की सफाई होगी उनमें जमी गाद को निकाला जाएगा।

इस संबंध में सोसाइटी की पहली बैठक भी हुई। इसमें जल निकायों के जीर्णोद्धार सहित परिसर में वन्यजीवों के संरक्षण पर निर्णय लिए गए। जेएनयू का ८५ फीसदी हिस्सा वन क्षेत्र है। अरावली की पहाड़ियों में अलग–अलग जगहों पर जल निकाय है। पश्चिमाबाद, ब्रह्मपुत्रा, ताप्ती हॉस्टल के पीछे, शिप्रा और कोयना हॉस्टल के पास बड़े जल निकाय है। जबकि सरस्वतीपुरम और न्यू ट्रांजिट हाउस पावर ग्रिड के पास छोटे–छोटे जल निकाय बने हुए है। इसमें पश्चिमाबाद, शिप्रा और कोयना हॉस्टल के पास बने जल निकाय में बने एनीकट में दरार आ गई है। इससे जल संचयन नहीं हो पा रहा है। साथ ही न्यू ट्रांजिट हाउस और ताप्ती हॉस्टल के पास के जल निकायों में सीवेज लाइन से पानी रिसकर आ रहा है। जिससे पानी दूषित हो रहा है। इस संबंध में नगर निगम और सरकार के अधिकारियों से भी बातचीत की गई। जिससे जल निकायों के जीर्णोद्धार की दिशा में कार्य हो सकें। जेएनयू में पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता बनाए रखने के लिए यह जरूरी है।

# केमिस्ट्री की मदद से दिया था लूट को अंजाम, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दिल्ली विवि से एमएससी और एमफिल पास शुभम (३२) नाम के लुटेरे को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने २०१७ में अपने रसायन विषय के ज्ञान की मदद से बैंक लूट की घटना को अंजाम दिया था। उसने पटाखों के साथ केमिकल मिलाकर धुएं वाला बम तैयार किया फिर वारदात को अंजाम दिया गया।

आरोपी डीयू के किरोड़ीमल कॉलेज का छात्र रहा है। उसने कॉलेज से बीएससी ऑनर्स किया हुआ है। आरोपी ने २०१७ में सीतामढ़ी बिहार में बैंक ऑफ इंडिया पर धावा बोलकर कैश लूट लिया था। २०१७ में लूट की वारदात के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया था। जमानत लेकर आरोपी दिल्ली भाग आया। वर्ष २०२१ में उसने राजधानी में अलग–अलग दो ज्वेलर को निशाना बनाकर लूटपाट की। मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। यहां से जमानत पर बाहर आया। तय समय पूरा होने के बाद भी कोर्ट में पेश नहीं होने पर अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित किया हुआ था।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि ९ अक्तूबर को उनकी टीम को सूचना मिली थी कि मॉडल टाउन इलाके में दो ज्वेलर के यहां हुई लूट के मामले में फरार बदमाश हरिनगर, सोहना, गुरुग्राम आने वाला है। खबर मिलते ही फौरन इंस्पेक्टर सतीश मलिक और अन्यों की टीम का गठन किया गया। बाद में आरोपी को दबोच लिया गया।

बिहार के सीतामढ़ी में पैदा हुआ दीप शुभम परिवार संग १९९० के दशक में दिल्ली के बुराड़ी आकर बस गया। पिता ने दिल्ली आकर कारोबार शुरू कर दिया। भाई इंजी. नियर बन गया। नानी के यहां रहकर आरोपी ने बिहार के नामी स्कूल से १२वीं कक्षा पास की। बाद में वह दिल्ली आ गया। दिल्ली के नॉर्थ कैंपस के मशहूर कॉलेज किरोड़ीमल में बीएससी ऑनर्स रसायन विज्ञान में २०१२ में दाखिला लिया। बाद में आरोपी ने डीयू से एमएससी और एम.फिल रसायन विज्ञान से कर लिया। क्लैट का टेस्ट पास करने के बाद आंध्र प्रदेश के कॉलेज में एलएलबी में दाखिला ले लिया।

# गो आधारित अर्थव्यवस्था से मजबूत होगा देशः डॉ. वल्लभभाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए भारत के ग्रामीण अंचल में गो आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना होगा। नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में पर गहन चिंतन किया गया। इस अवसर पर मिशन भारत के सीईओ साकेत मणि त्रिवेदी ने वर्ष 2047 तक गाय आधारित अर्थव्यवस्था के माध्यम से 35 ट्रिलियन डॉलर की दृष्टि पर अपने विचार रखे। भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री और ग्लोबल कॉन्फेडरेशन ऑफ काऊ–बेस्ड इंडस्ट्रीज के संस्थापक डॉ. वल्लभ भाई कथीरिया ने विश्वभर के गो–



उद्यमियों और गौ प्रेमियों के संगठित प्रयासों और सहयोग पर बल देते हुए कहा कि "गाय ही स्वस्थ, समृद्ध और उज्ज्वल विश्व की आधारशिला है।" कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री एस. पी. बघेल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्रीरामदास अठावले, तथा अनेक विशिष्ट अतिथियों ने अपनी प्रत्यक्ष एवं परोक्ष उपस्थिति एवं शुभकामनाएं दर्ज कराई। भारत के विभिन्न राज्यों के गौसेवा आयोगों के अध्यक्ष, गाय आधारित उद्यमों के प्रमुख, एवं स्वदेशी नस्लों से जुड़ी सरकारी योजनाओं के प्रतिनिधि भी इस सम्मेलन में सम्मिलित हुए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गौसेवा गतिविधि के राष्ट्रीय संयोजक अजित मोहपात्रा, सुनील मानसिंहका, हुकुमचंद्र सांवला, सुनील देवधर, प्रदीप मेहता, प्रो. आर.एस.चौहान, प्रो वीरेंदर विजय, श्री सुरपति दास, डॉ रश्मि सिंह, गौरव केडिया, प्रो विवेक कुमार ने भी सम्बोधित किया। जी.सी.सी.आई डायरेक्टर मित्तल खेतानी एवं पुरीश कुमार, ए.डब्लूबी. आई. के राम रघुवंशी ओर अतुल सिंघल भी उपस्थित रहे।

# दूध कारोबारी से की 10 लाख की धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा स्थित यमुना विहार में दूध कारोबारी के साथ १० लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कारोबारी ने गुजरात के भरूच स्थित एक डेयरी कंपनी के मैनेजर पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, यमुना विहार निवासी शिकायतकर्ता दूध कारोबारी भूपेन्द्र सिंह भजनपुरा थाने में शिकायत दी। उन्होंने बताया कि गुजरात के भरूच स्थित डेयरी कंपनी के मैनेजर राकेश कुमार के साथ उनकी दूध को लेकर डील हुई थी। क्रय विक्रय रकम इत्यादि तय होने के बाद राकेश कुमार ने पीड़ित से १० लाख एडवांस जमा करने के लिए बोला और ३० जून को पीड़ित ने आरोपी द्वारा दिए गए बैंक खाते में १० लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। लेकिन रुपये मिलने के बाद कई बार बातचीत हुई और आरोपी दूध भेजने में आनाकानी करने लगा। हर बार आरोपी नया बहाना बनाकर दूध भेजने का समय आगे बढ़ा देता। रकम जमा करने के बाद काफी समय तक दूध की डिलीवरी नहीं मिलने पर पीड़ित ने मामले में आरोपी के खिलाफ भजनपुरा थाने में शिकायत दी।

## एक नजर

### हत्या के प्रयास में एक गिरफ्तार, दो फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर–पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में लूट के दौरान एक व्यक्ति पर चाकू से जानलेवा हमला किया था, पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चाकू बरामद कर लिया है,अभी उसके दो साथी फरार है पुलिस जिनकी तलाश में जुटी ह। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सलमान (२२) के रूप में हुई है स पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने गुर्गों के साथ पीड़ित से रुपये लूटने आया था लेकिन जब रुपये नहीं मिले तो उसने गुस्से में पीड़ित को चाकू से हमला कर दिया। इसके फरार साथियों की पुलिस को तलाश है। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया ११ अक्टूबर की सुबह सोनिया विहार क्षेत्र में चाकूबाजी में एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना मिली। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो घायल की पहचान पुस्ता सोनिया विहार निवासी ३५ वर्षीय मुन्ना लाल के रूप में हुई। उसे तत्काल जेपीसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान मुन्ना लाल ने बताया कि वह सुबह सुबह दैनिक क्रिया के लिए यमुना खादर क्षेत्र की ओर जा रहा था, तभी अचानक आए तीन अज्ञात बदमाशों ने उसे घेर लिया और रुपये मांगने लगे। पीड़ित ने रुपये न होने की बात की तो झुंझलाए बदमाशों ने पीड़ित पर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और तकनीकी टीम व स्थानीय सूत्रों की मदद से आरोपी सलमान को सोनिया विहार के चौथे पुस्ता इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के बयान पर पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है। पुलिस इसके साथ मौजूद इसके दो अन्य फरार गुर्गों की तलाश कर रही है।

### नई डिजिटल फिल्म पेश की

**नई दिल्ली।** डाबर आंवला हेयर ऑयल ने करवा चौथ पर नई डिजिटल फिल्म पेश की है । एक युवा जोड़े, देव और मैगी के बीच एक हल्की–फुल्की लेकिन सार्थक बातचीत को दर्शाती इस फिल्म में मजेदार बहस कर रहे हैं कि करवा चौथ का व्रत रखना है या नहीं। इसके बाद एक दिलचस्प और अपनेपन से भरी बातचीत सामने आती है, जो यह दर्शाती है कि आज के जोड़े कैसे पुरानी परंपराओं को व्यक्तिगत पसंद और आपसी सम्मान के साथ संतुलित करते हैं। इस अभियान के बारे में बात करते हुए, अंकुर कुमार, हेड ऑफ मार्केटिंग - हेयर केयर, डाबर इंडिया लिमिटेड, ने कहा, ष्डाबर आंवला हमेशा से अंदरूनी और बाहरी मजबूती का प्रतीक रहा है। इस अभियान के माध्यम से, हम करवा चौथ के बदलते सार का जश्न मनाना चाहते थे, जहां प्यार मजबूरी से नहीं, बल्कि साथ निभाने से व्यक्त होता है। यह आधुनिक रिश्तों का एक हल्का–फुल्का प्रतिबिंब है ख्र जो मजबूत, बराबर और देखभाल पर आधारित हैं। इसी बात को आगे बढ़ाते हुए, जसलीन कोहली, डीजीएम मार्केटिंग, डाबर इंडिया लिमिटेड, ने कहा, ष्यह अभियान आज के रिश्तों की गतिशीलता को खूबसूरती से दर्शाता है । जहां मैं चाहे कुछ भी करूं, मेरा साथी हमेशा मेरे साथ खड़ा है।

### डिजिट इंश्योरेंस को मिला बेस्ट फिनटेक इंश्योरेंस अवार्ड

**नई दिल्ली।** गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस (डिजिट इंश्योरेंस) को मुंबई में आयोजित हुए प्रतिष्ठित एफई बेस्ट बैंक्स अवाड्र्स 2025 में बेस्ट फिनटेक इंश्योरेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड डिजिट इंश्योरेंस की एमडी एवं सीईओ, जसलीन कोहली को गृहमंत्री, अमित शाह ने दिया।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री, देवेंद्र फड़नवीस और माननीय उप मुख्य मंत्री, एकनाथ शिंदे मौजूद थे। इस अवार्ड के बारे में डिजिट इंश्योरेंस की एमडी एवं सीईओ, जसलीन कोहली ने कहा, यह सम्मान टेक–आधारित इनोवेशन प्रदान करने पर हमारे निरंतर केंद्रण का प्रमाण है। डिजिट इंश्योरेंस में हम लगातार चुनौतीपूर्ण स्थितियों पर ध्यान केंद्रित करके बीमा के परिवेश में सुधार ला रहे हैं ताकि पारदर्शिता, स्पीड एवं विश्वास के साथ सेवाएं प्रदान की जा सकें। यह अवार्ड हमें ऐसे समाधानों का निर्माण करने का प्रोत्साहन देता है, जो हमारे ग्राहकों और पार्टनर्स को सशक्त बनाएं तथा उद्योग में नए मानक स्थापित करें।

### अध्याश्री व सुकृति बने सुपर डांसर के संयुक्त विजेता

**नई दिल्ली।** 'सुपर डांसर चैप्टर 5' की शुरुआत से ही यह शो दर्शकों को बांधे और मनोरंजन करता रहा। इस सीजन में भारत के कुछ सबसे प्रतिभाशाली डांसर नजर आए, जिनकी सोशल मीडिया पर पहले से ही बड़ी फैन फॉलोइंग है। इसी वजह से इस बार का डांस मुकाबला उम्मीद से कहीं ज्यादा कड़ा रहा। हर हफ्ते प्रतिभागियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से पूरे देश को मंत्रमुग्ध किया, और आखिरकार अध्याश्री और सुकृति ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी अपने नाम की।

टॉप 6 फाइनलिस्ट में अप्सरा, अध्याश्री, सुकृति, अदिति, सोमनश और नमिश शामिल थे। बॉलीवुड के दिग्गज और भारत के सबसे पसंदीदा डांसर्स में से एक गोविंदा ने जज पैनल पर शिल्पा शेट्टी, गीता कपूर और मरजी पेस्टोंजी के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# अंजान नम्बर से ग्रुप में जोड़कर हो रही धोखाधड़ी

**टॉस्क देने के बाद रुपये जमा करवाकर फोन कर देते हैं ब्लॉक**

**सफदर अली**

**नई दिल्ली।** अंजान फोन नंबर से व्हट्सएप मैसेज और फिर कुछ फर्जी विश्वस्नीय वादे करने के बाद टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ दिया जाता है। कुछ टॉस्क देकर आपके खाते में रुपये भी आने पर आपका विश्वास बढ़ जाता है। इसी अति विश्वास का फायदा उठाकर धोखेबाज आपकी कमाई को अपने बैंक खातों में जमा कर लेते हैं। जब आप अपनी कमाई के रुपये वापिस लेने की कोशिश करते हैं।

धोखेबाज आपका फोन ब्लॉक लिस्ट में डाल देते हैं। यह चलन काफी पुराना हो गया है,लेकिन आज भी लोग धोखेबाजों के जाल में फंस रहे हैं।

**यूपीएससी की पढ़ाई करने वाला टॉस्क में फंसा**

बिहार से मुखर्जी नगर आकर यूपीएससी की पढ़ाई कर रहे मो.इश्तियाक ऐसे जाल में फंसने वाले पीडिघ्तों में से एक हैं। जिन्होंने पुलिस को बताया कि बीते 27 सितम्बर को अज्ञात नंबर से टेलीग्राम से उसके टेलीग्राम पर हैलो लिखा मैसेज आया। उसने हाय लिखकर मैसेज का जवाब दिया। उसके पास एक ओर मैसेज आया। जिसमें घर बैठे काम करके १२ रुपये हर रोज कमाने की बात लिखी थी। उसने दिये गए ग्रुप पर येस लिखकर ज्वाइन कर लिया। वेराइटी केक नामक शॉप का बिजनैस पेज भेजकर ५ स्टार रेटिंग करने का टास्क दिया। लिंक पर क्लिक करके उसने रेटिंग की। उसके बाद उसे एक लिंक पर क्लिक करके अपनी पेमेंट लेने के लिये कहा गया। उसको एक सौ 51 रुपये मिले। एक अन्य टॉस्क से उसको चार सौ रुपये मिले। बताया गया कि सात सौ रुपये इंवेस्ट करने पर नौ सौ दस रुपये मिलेगें। उसने एक क्यूआर कोड भेजा,जिसपर उसने सात सौ रुपये ट्रांस्फर किये। टॉस्क पूरा करने पर उसको एक स्क्रिन शॉट दिखाया,जिसमें २१ सौ रुपये दिखाई दिये।

28 सितम्बर को एक लाख एक हजार रुपये क्यूआर कोड देकर अलग अलग यूपीआई आई व बैंक खातों में जमा करवा लिये। जिसका प्रॉफिट एक लाख २२ हजार तीन सौ रुपये दिखा रहा था। जब रुपये निकालने की कोशिश की। उससे ३९ हजार रुपये टैक्स के तौर पर जमा करवाने के लिये कहा गया। मना करने पर बोला गया कि आप रुपये नहीं निकाल सकते। उसे तब ठगी का अहसास हुआ।

**पहले टॉस्क पर कमाई आई फिर मोटी रकम जमा करवा ली**

मूलरूप से बिहार और दिल्ली में नेहरू कुटिया,मलकागंज में किराये के मकान पर रहने वाले सुमन कुमार ने बताया कि वह एक स्टूडेंट है। 11 जून को अंजान नंबर से उसके व्हट्सएप पर मैसेज आया था। पार्ट टाइम जॉब की बात लिखी थी। टेलीग्राम से जुडने के बाद एक लिंक भेजा। उसके बाद छोटे छोटे टॉस्क पूरा करने पर पैसे भी आते रहे। फिर नौ हजार का टॉस्क बताया गया। बताए बैंक खाते में रुपये जमा कर दिये। बोला गया कि ये रुपये आपको २६ हजार रुपये का टॉस्क पूरा करने के बाद मिलेगें। उसने ऐसा ही किया। ठगों ने बताया कि आपने टॉस्क में एक गलती कर दी है। आपके रुपये कंपनी ने ब्लॉक कर दिये हैं। अनब्लॉक करने के लिये ५८ हजार रुपये का प्लान पूरा करना होगा। उसके बाद फिर से यही रकम मांगी गई। उस वक्त पता चला कि उसके साथ साइबर फ्रॉड हो गया है।

**जल्दी समय में दो गुना लालच में फंसी फरहा**

तिलकबाजार,खारी बावड़ी इलाके में रहने वाली फरहा जल्दी समय में दो गुना पैसा होने के लालच में फंस गई। फरहा ने बताया कि वह कुछ महीने पहले टेलीग्राम पर स्थित एक ग्रुप ऑफिशियल मेंबर ऑफ क्यूपीएल फोर्थ क्वाटर इन 2024 से जुड़ी थी,जिसमें पार्ट टाइम ऑन लाइन टास्किंग जॉब के अवसर दिये गए थे। ग्रुप में काम करने के बीच उसको एक निवेश योजना के बारे में बताया गया,जिसमें वादा किया गया कि आपके द्वारा लगाई गई राशि दोगुना हो जाएगी। उसे एक एपीके फाइल एप्लिेशन वेब ब्राउजर के माध्यम से डाउनलोड करने के लिये कहा गया। उसने निर्देशों का पालन करते हुए किश्तों में रुपये जमा करवाए। एप्लिकेशन में उसके जमा रुपये को दोगुना दिखाया गया। लेकिन जब उसने अपने जमा रुपये निकालने की कोशिश की। उसे रुपये निकालने के लिये शर्तें दी गई। जिसमें ओर रुपये जमा करने के लिये कहा गया। जिसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। उसने 26 जुलाई से एक अगस्त के बीच उसने अपने और भाभी के बैंक खातों से एक लाख 11 हजार पांच सौ 21 रुपये जमा करवाए थे।

# जायसवाल समाज ने की राजनीतिक हिस्सेदारी व भागीदारी की मांग

**नई दिल्ली।** जायसवाल स्व. महासभा दिल्ली एनसीआर के के अध्यक्ष एडवोकेट शैलेन्द्र जायसवाल के संयोजन में समाज के केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद यसो नाईक के आवास पर दीपावली मंगल मिलन समारोह का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। रविंद्र जयसवाल ने कहा कि समाज को एक जुट होकर देश की तरक्की में सहभागिता निभाते हुए और अपने समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान में प्रत्येक समाज के प्रमुख व्यक्ति को योगदान करना चाहिए। समारोह की अध्यक्षता कर रहे अशोक जायसवाल राष्ट्रीय संरक्षक ने अपने उद्बोधन में संघी शक्ति, कलयुगे, संगठन को पूरे देश में मजबूत करने पर



बल दिया। इस मौके पर अटल कुमार गुप्ता, हरीश चंद कलाल, अजय कुमार जायसवाल, हरिशंकर जायसवाल पूर्व विधायक मध्यप्रदेश, राजेंद्र मेवाडा, राजाराम शिवहरे, राम कुमार वालियापूर्व मंत्री, पूर्व कुलपति गुलाबचंद जायसवाल, वी कुमार गौड़, फूलचंद जायसवाल मुंबई, राजकुमार जायसवाल गोरखपुर, राष्ट्रीय युवा महासचिव नितेश जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने 'छठ पूजा' की तैयारियों को लेकर समिति का किया गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा दिल्ली में 'छठ पूजा 2025' के आयोजन हेतु स्थानों के चयन एवं तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है।

कला, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा को इस समिति का अध्यक्ष नामित किया गया है। यह समिति राजधानी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में छठ पूजा के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान, सुविधाओं की उपलब्धता, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, परिवहन और श्रद्धालुओं की सहूलियत से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत करेगी।समिति में चार विधायक सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं।

# शिक्षा को बढ़ावा देने को किया 'कावेरी' का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दीपक पब्लिशर्स के सौजन्य से द पार्क होटल में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए श्कावेरीश का शुभारंभ किया गया। कावेरी के माध्यम से दीपक पब्लिशर्स ने सामाजिक पहल की है। जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा प्राप्त करना हमारा अधिकार है, और शिक्षा का प्रसार –प्रसार करना हमारा कर्तव्य , कावेरी महज ब्रांड नहीं है। एक सामाजिक पहल है जिसका उद्देश्य वितरिक वित्तीय पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना हर बच्चे को अच्छी से अच्छी शिक्षा सुलभ करना है । दीपक पब्लिशर्स का मानना है कि शिक्षा कोई विशेष अधिकार नहीं है बल्कि मौलिक अधिकार है। एक ऐसी कुंजी है जो संभावना को उजागर करती है। राष्ट्र का निर्माण करती है ।दीपक पब्लिशर्स के डायरेक्टर दीपक जैन का मानना है उन्होंने अपने देश में एक



बड़ी–बड़ी चुनौती देखी है । जो शैक्षिक पुस्तकों को अच्छी कीमत पर बाधा उत्पन्न होती है। अक्सर योग्य छात्रों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली तक पहुंचने से रोकती हैं। ऐसे में कावेरी हर बाधा को दूर करने के लिए तैयार है।

दीपक पब्लिशर्स प्रकाशन के डायरेक्टर सचिन जैन शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाना है।जिसके लिए वह प्रतिबद्ध है। हम समृद्धि और अच्छी तरह से शोध की गई सामग्री वाली अच्छी गुणवत्ता वाली पुस्तकों का उत्पादन और वितरण करेंगे। जो किसी अग्रणी प्रकाशक के मानकों के अनुरूप हो, सबसे बड़ा अंतर हमारी पुस्तकों में बेहद चुनौतीपूर्ण कीमतों उपलब्ध होगी। कावेरी के डायरेक्टर सौरभ जैन है कहां की शिक्षा के क्षेत्र में किसी को पीछे नहीं रहना चाहिए । उन्होंने बताया कि हमारी पुस्तकें उच्च गुणवत्ता वाले कागज पर उत्कृष्ट बाइंडिंग के साथ मुद्दत की जाएगी। जिसमें टिकाऊ पन और एक बेहतरीन पढन अनुभव सुनिश्चित होगा।

# यात्रा में उमड़ी लोगों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रानी बाग स्थित महेंद्रा पार्क में अखण्ड हिंदू परिषद के बैनर तले भगवा क्रांति यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में भारी संख्या में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रैली की शुरूआत महेंद्रा पार्क से की गई।

इसके बाद संत कोलम्बस स्कूल से होते हुए रानीबाग पहुंची। इसके बाद महेंद्रा पार्क में जाकर रैली का समापन हुआ। रैली में लोगों ने जयश्रीराम व हिंदुओं के समर्थन में कई नारे लगाए। रैली जहां जहां से भी निकली, लोगों ने जयश्रीराम के उदघ्घोष के साथ लोगों का उत्साह वर्द्धन भी किया।

राष्ट्रीय महासचिव रूचि अधिकारी बिष्ट ने आए हुए लोगों का आभार जताया। इस मौके पर राष्ट्रीय संयोजक श्रीराम सिंह,



राष्ट्रीय महासचिव रूचि अधिकारी बिष्ट, संस्थापक शोभा शर्मा, शशिकांत त्रिवेदी, बलराम चावला, संतोष ठाकुर, रिचा सहदेव, ललिता नारायण, मोनिका सैनी, पूनम यादव, रमेश सिंघल, सुमित सिंह, भूपेंद्र नेगी, भूमिजा बिष्ट, मयंक भंडारी, अमित गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सकुरा ब्लूम एडिशन प्रस्तुत किया

**नई दिल्ली।** हाउस ऑफ सनटोरी ने रोकू जिन – सकुरा ब्लूम एडिशन को भारत में पेश किया। यह एडिशन सकुरा फूल (जिसे चेरी ब्लॉसम भी कहा जाता है) और जापान के प्रसिद्ध हनामी उत्सव से प्रेरित है। यह नया एडिशन जापान की बसंत ऋतु की रौनक की याद दिलाता है। जापानी दर्शन 'शुन' पर आधारित, सकुरा ब्लूम एडिशन जापान की बसंत ऋतु की ताजगी को समेटे हुए है। इसे सकुरा फूल की नाजुक और सुगंधित महक से तैयार किया गया है, जो हनामी की शाश्वत सुंदरता को जीवंत करता है। ऋषि वल्ली, सीनियर डायरेक्टर ख्र मार्केटिंग, सनटोरी ग्लोबल स्पिरिट्स, ने बताया कि जापानी जिन की वैश्विक मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में रोकू जिन–सकुरा ब्लूम एडिशन का भारत में आगमन रणनीतिक रूप से एकदम सही कदम है।

# स्पाइन सर्जरी में तकनीकी प्रगति पर प्रकाश डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड स्पाइन डे, 16 अक्टूबर के अवसर पर, गुरुग्राम और नोएडा के प्रमुख स्पाइन विशेषज्ञ एकत्रित हुए ताकि स्पाइन सर्जरी में नवीनतम प्रगतियों पर चर्चा कर सकें, विशेष रूप से यह कि आधुनिक तकनीक कैसे रोगियों के परिणामों और रिकवरी को परिवर्तित कर रही है। एडवांसमेंट्स इन स्पाइन सर्जरी थीम के तहत, पैनल ने रोबोटिक–असिस्टेड और मिनिमली इनवेसिव तकनीकों की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला, यह दर्शाते हुए कि नवाचार और सर्जिकल विशेषज्ञता कैसे एक साथ आकर अधिक सुरक्षित प्रक्रियाएं, कम जटिलताएं व तेज रोगी रिकवरी प्रदान कर रही हैं। डॉ. संदीप वैश्य, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं एचओडी ख्र न्यूरोसर्जरी एवं गामा नाइफ, फोर्टिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम, ने कहा आज, हम स्पाइन स्वास्थ्य और उपचार प्रगति पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए। आज की स्पाइन सर्जरी अत्यंत उन्नत और सुरक्षित है, जिसमें 97–98% सफलता दर है। मरीज सर्जरी के बाद 1–2 दिनों के भीतर चलने लगते हैं। रोबोटिक तकनीक के साथ, कट छोटे होते हैं, प्रिसीजन अधिक होता है, और रिकवरी पहले की तुलना में बहुत तेज होती है। इसी भावना को प्रतिध्वनित करते हुए, डॉ. राहुल गुप्ता, न्यूरोसर्जन, फोर्टिस हॉस्पिटल, एस्कॉर्ट्स ओखला, ने जोर दिया कि तकनीक ने स्पाइन सर्जरी में क्रांति ला दी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109–110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली–110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011–41509401–2
फैक्सः 011–41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर महिला से 15 लाख की ठगी

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। क्रिप्टोकरेंसी के आकर्षक वादों के जाल में फंसकर गाजियाबाद के पास एक छोटे शहर की रहने वाली एक महिला को 15 लाख रुपये का चूना लगा दिया गया है। यह मामला 'बिटकैपिटलएक्स' नामक फर्जी क्रिप्टो कॉइन स्कीम से जुड़ा है, जिसने देशभर में हजारों निवेशकों को ठगकर करीब 1500 करोड़ रुपये का महाघोटाला किया है।

पीड़िता आरती (नाम गोप. नीय) ने अपनी आपबीती साझा करते हुए बताया कि इस गिरोह ने 60 दिनों में निवेश दोगुना करने का लालच देकर उन्हें फंसाया। यह घोटाला जून 2025 में शुरू हुआ था, जब शबिटकैपिटलएक्सश ने खुद को एक क्रांतिकारी क्रिप्टो प्रोजेक्ट के रूप में प्रचारित किया। मल्टी-लेवल मार्केटिंग (एमएलएम) मॉडल के जरिए छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों को निशाना बनाया गया। गाजियाबाद जैसे क्षेत्रों में ऑनलाइन वेबिनार, स्थानीय इवेंट्स और सोशल मीडिया कैंपेन के माध्यम से निवेशकों को लुभाया जाता था।

शुरुआत में छोटे रिटर्न देकर भरोसा जीता जाता, फिर बड़े निवेश करवाए जाते। फर्जी सिम कार्ड, म्यूल बैंक खातों और क्रिप्टो वॉलेट्स के जरिए पैसे ट्रांसफर किए जाते, जिससे ट्रेल छिपाना आसान हो जाता। आरती ने बताया, 'कंपनी ने शबिटकैपिटलएक्स कॉइन' के वैश्विक बाजार में उभरने का दावा किया, लेकिन कोई रजिस्ट्री, वैध लाइसेंस या रेगुलेटरी अप्रूवल नहीं दिखाया। मैंने 15 लाख रुपये निवेश किए, जो मेरी जमा-पूंजी का बड़ा हिस्सा था। अब वे पैसे लौटाने से इंकार कर रहे हैं।' आरती के मुताबिक उन्होंने गृह मंत्रालय को पत्र लिखा और नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर भी रिपोर्ट दर्ज कराई। 'यह गिरोह बेहद खतरनाक है। मेरी पहचान गोप. नीय रखी जाए, क्योंकि वे बदला ले सकते हैं', आरती ने बताया इस स्कीम का जाल पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों तक फैला है।



हाल ही में गोवा, थाईलैंड और लखनऊ में इस गैंग ने लग्जरी पार्टियां आयोजित कीं, जहां नए निवेशकों को फंसाया गया। मुख्य आरोपी बृजेश कुमार (पिता: नंद किशोर, मूल निवास: शामपुरा, रोपड़, पंजाब; स्थायी पता: रांची, झारखंड) और नीलेश प्रताप सिंह (पिता: राजेश प्रताप सिंह, पता: पूरे मर्दन सिंह, रायबरेली, उत्तर प्रदेश; अस्थायी पता: धनास, चंडीगढ़) फरार हैं। जानकारी के मुताबिक, वे दुबई या थाईलैंड में छिपे हो सकते हैं।

ये दोनों पहले भी बोट्टो, टीएलसी, क्यूएफएक्स और वॉकर एफएक्स जैसी एमएलएम और क्रिप्टो फ्रॉड कंपनियों में शामिल रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि इनके तार पकिस्तान से भी जुड़े हैं अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन को देखते हुए पीड़िता ने लुक आउट सर्कुलर (LOC) जारी करने और ईडी सीबीआई व साइबर विशेषज्ञों की जांच की मांग की है।

## डाबर इंडिया के अध्यक्ष मोहित बर्मन ने
# आई.एम.टी के छात्रों को एआई के युग में उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व के लिए किया प्रेरित




शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। आईएमटी के दीक्षांत समारोह में डाबर इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष ने स्नातकों से ध्यजा की पीढ़ी बनने का आग्रह किया, और बदलती दुनिया में कदम रखते हुए नवाचार और ईमानदारी का मिश्रण करने का आह्वान किया। चार दशकों से अधिक समय से प्रबंधन शिक्षा में अग्रणी आईएमटी ने वार्षिक दीक्षांत समारोह 2025 का आयोजन किया। जिसमें 2025 के स्नातक छात्रों की उपलब्धियों, दृढ़ता और समर्पण का जश्न मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डाबर इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष मोहित बर्मन, प्रतिष्ठित संकाय, पूर्व छात्रों और उद्योग जगत के लीडर्स के साथ उपस्थित थे। अपने शानदार करियर से प्रेरणा लेते हुए, बर्मन ने एक प्रेरक भाषण दिया जिसने स्नातक छात्रों को गहराई से प्रभावित किया।

दीक्षांत समारोह 2025 की कक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जहाँ 850 से अधिक छात्रों ने पीजीडीएम पूर्णकालिक, पीजीडीएम मार्केटिंग, पीजीडीएम वित्तीय प्रबंधन, पीजीडीएम बीएफएस, पीजीडीएम डीसीपी, पीजीडीएम एक्सपी, पीजीडीएम (कार्यकारी कार्यकारी) और प्रबंधन में फेलो कार्यक्रम में डिप्लोमा प्राप्त किए, जिससे एक गतिशील वैश्विक अर्थव्यवस्था में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए उनकी तत्परता पर बल मिला। मुख्य भाषण देते हुए आईएमटी के मुख्य संरक्षक कमलनाथ ने डेटा-संचालित निर्णय लेने, स्वचालन और जिम्मेदार नेतृत्व पर अपने विचारों से स्नातकों को प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि भविष्य को आकार देना आपका काम है – आपका नेतृत्व अभी से शुरू होता है और स्नातकों से ईमानदारी, समावेशिता और स्थायी प्रथाओं के माध्यम से मूल्य सृजन का आग्रह किया। 2025 की कक्षा को बधाई देते हुए आईएमटी के निद. शक, डॉ. आतिश चट्टोपाध्याय ने इसे 'भारत की तकनीकी यात्रा में एक असाधारण क्षण' कहा, और एआई और डिजिटल परिवर्तन में देश के बढ़ते नेतृत्व को रेखांकित किया। डॉ. चट्टोपाध्याय ने स्नातकों को याद दिलाया कि आज नेतृत्व केवल उपलब्धियों के बारे में नहीं है – यह जिम्मेदारी के बारे में भी है।

# साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में कूड़े के ढेर से लोगों को हो रही परेशानी

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 सौर ऊर्जा मार्ग स्थित नगर निगम के ट्रांसफर स्टेशन पर कूड़े का ढेर लगाकर उसे डंपिंग स्टेशन में बदल दिया गया है। रोजाना आसपास के क्षेत्र से कूड़ा लाकर डंप किया जा रहा है और उसे महीनों तक नहीं उठाया जा रहा है कूड़े के ढेर बिल्कुल कंपनियों के सामने व दीवारों के नजदीक लगे हैं। फैक्ट्रीयो के अंदर और आसपास की स्थिति कूड़े के ढेर के कारण बहुत खराब हो रही है, मक्खियां और दुर्गंध फैल रही है, जिससे उद्योगो में काम करना असंभव हो गया है। कर्मचारी व श्रमिकों को गंदगी की वजह से स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो रही है, आसपास की कई कंपनियों में श्रमिकों ने आना बंद कर दिया है



कई फैक्ट्रीया ने यहां से अब दूसरी जगह शिफ्ट करने की बात कही हैं तथा ट्रांसफर स्टेशन के नजदीक प्राथमिक विद्यालय भी है जिसमें सैकड़ो बच्चो को भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है एसोसिएशन ने इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है लेकिन अभी तक समाधान नहीं हो पा रहा है।

# सीएसएचपी पब्लिक स्कूल मनाया गया दीपोत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। सी.एस.एच.पी. पब्लिक स्कूल प्रताप विहार में हर वर्ष की भांति दिवाली मेला-"दीपोत्सव" बड़े उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ विद्यालय की निर्देशिका सविता गुप्ता और प्रधानाचार्या ममता शर्मा के दीप प्रज्वलन कर किया। दीप प्रज्वलन के साथ ही कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस आयोजन में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।





इस मेले में विभिन्न स्टॉल्स लगाए गए, जिनमें प्रमुख रहे-खाद्य सामग्री स्टॉल, हस्तशिल्प और दीया सजावट स्टॉल, खेल और मनोरंजन स्टॉल के साथ टैलेंट हंट प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। "टैलेंट हंट" प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों कोअपनी प्रतिभा दिखाने का एक अद्भुत मंच प्रदान किया। नृत्य, गायन, वादन, आदि के माध्यम से छात्रों ने समा बाँध दिया। छात्रों की माताओं ने भी टैलेंट हंट के माध्यम से डांस प्रतियोगिता एवं रैंप वॉक में बढ़चढ़कर भाग लिया।

मेले का विशेष आकर्षण सेल्फी जोन,टेटू स्टॉल, और कला प्रतियोगिता भी रहे। दिवाली मेले ने न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा को मंच प्रदान किया, बल्कि सामाजिकता और उत्सवधर्मिता की भावना को भी प्रोत्साहित किया।आयोजन को सफल बनाने में शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों का योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर पर विद्यालय निर्देशिका ने अपने संदेश में कहा "दिवाली न केवलरोशनी का त्योहार है, बल्कि आत्मविकास, रचनात्मकता और संस्कृति के संरक्षण का भी प्रतीक है। इस मेले ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव और मंच प्रदान किया। मैं सभी शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को इस सुंदर आयोजन के लिए बधाई देती हूँ।' विद्यालय प्रधानाचार्या ममता शर्मा जी अपने भी अपने सुझावों में कहा कि हमारे विद्यालय का उद्देश्य सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना रहा है।

# धन्यवाद सभा व राष्ट्रीय लोकदल सदस्यता अभियान का किया गया आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर राष्ट्रीय लोकदल से बागपत लोकसभा के लोकप्रिय सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान कि मांग पर गाँव सैदपुर हुसैनपुर डीलना मोदीनगर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आयुष महाविद्यालय निर्माण को मंजूरी प्रदान करने पर गाँव व क्षेत्र कि ओर से धन्यवाद सभा एवं राष्ट्रीय लोकदल सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता रामपाल चौधरी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल गाजियाबाद द्वारा की जाएगी। मुख्यअतिथि सदस्यता अभियान में बागपत मोदीनगर के लोकप्रिय सांसद डॉ राजकुमार सांगवान रहे। विशिष्ट अतिथि योगेंद्र सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता उत्तर प्रदेश, मंडल अध्यक्ष इंद्रवीर भाटी क्षेत्रीय महासचिव मनवीर भाटी डॉ पूनम गर्ग, योगेंद्र सिंह पतला, रेखा चौधरी, जयदीप सिंह, विनोद चौधरी, अजित खंजरपुर, तेजबीर डबाना, विनोद गौतम, सतेंद्र तोमर, परमेन्द्र आर्य, नरेन्द्र जाटव, चन्दवीर चौधरी, कृष्ण चौपियन, जयवीर नेहरा, अलोक चौधरी, डॉ इलम सिंह, मनीष किलोहड़ा, विराट सांगवान, सचिन प्रधमगढ़, अरुण तेवतिया, कपिल चौधरी, डागर, आयोजक, मनोज राठी जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल।

# वाल्मीकि जयंती पर समाजसेवी सिकंदर यादव रहे मुख्य अतिथि

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। विजय नगर स्थित वाल्मीकि पार्क में महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य पुरस्कार वितरण, सम्मान समारोह एवं समाज गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गाजियाबाद के वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव ने शिरकत की। उन्होंने समाज में एकता, सहयोग और भाईचारे की भावना पर बल दिया। इस अवसर पर वाल्मीकि जयंती समिति की ओर से सिकंदर यादव को समाज सेवा और सामुदायिक एकता में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में सिकंदर यादव ने कहा कि "महर्षि वाल्मीकि जी ने समाज को ज्ञान, समानता और



मानवता का संदेश दिया। आज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को जीवन में अपनाएं और समाज को एकजुट रखने के लिए आगे आएं। जब समाज शिक्षित और संगठित होगा, तभी सशक्त भारत का निर्माण संभव है।" उन्होंने आगे कहा कि समाज को जोड़ने और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए युवा वर्ग को शिक्षा, जागरूकता और सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उपस्थित लोगों ने सिकंदर यादव के विचारों की सराहना की और कहा कि ऐसे समाजसेवियों से प्रेरणा लेकर समाज में नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार होता है। इस अवसर पर अध्यक्ष कृष्ण ढिकोलिया, राजेश कुमार, प्रवीण गहलोत, रवि एडवोकेट, प्रदीप चौहान, अमी चंद, संजय टांक, ओमप्रकाश पार्षद, और गोपाल शिशोदिया पार्षद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राजनगर एक्सटेंशन के प्रत्येक हिस्से से मिले बेहतर कनेक्टिविटी: अतुल वत्स

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा कई पहलुओं को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक के दौरान जिन रोड के निर्माण के लिए भूमि का अर्जन किया जाना है, उनके प्रस्ताव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। इस पहलू पर भी चर्चा हुई कि प्राधिकरण द्वारा बजट जो रोड निर्माण के लिए प्राविधान किए गए है, उसमें कितनी रोड का निर्माण किया जाना महत्वपूर्ण है। अभी कितनी सड़कें आ सकती है। साथ ही निर्देशित किया कि शासन से प्राप्त होने वाले फंड से प्रस्तावित सड़कों को डीपीआर प्राथमिकता के आधार पर तैयार करते हुए शासन को भेजा जाए।

इसके अतिरिक्त अन्य सड़कों के भूमि अर्जन से संबंधित प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत किए जाए। बैठक के दौरान खासतौर से इस बात पर जोर दिया गया कि राजनगर एक्सटेंशन की ऐसी तमाम 18, 24, 45 मीटर की रोड जिनकी कनेक्टिविटी नहीं है, उन्हें जोड़ने पर प्राथमिकता से काम किया जाए। तमाम रोड को एंड टू एंड कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाए। इसके बाद साथ जो रुकी हुई सड़कें है, उनके काम में भी तेजी लायी जाए। राजनगर एक्सटेंशन की प्रमुख हम तुम रोड के कार्य में तेजी लाने के लिए मंगलवार को किसानों के साथ सहमति प्राप्त करने के लिए कैंप लगाने का भी निर्णय लिया गया।

# हाइटेक इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग में अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। हाइटेक इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एन एच 09 पर नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद द्वारा स्टूडेंट एवं सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के लिए साइबर सिक्योरिटी से संबंधित अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन चीफ वार्डन ललित जायसवाल हाइटेक इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग के अध्यक्ष आनंद प्रकाश गोयल गुलाम नबी सहायक नागरिक सुरक्षा द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन करके किया गया।

कार्यक्रम में हाईटेक इंस्टिट्यूट के निर्देशक पंकज मिश्रा, एवं विशाल कौशिक व सुनील सहगल उपस्थित रहे। कार्यशाला में प्रस्तुति तुषार शर्मा आईटी एवं साइबर स्पेशलिस्ट द्वारा की गई जिसमें साइबर से होने वाले खतरों को ध्यान में रखते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं वॉलंटियर्स/ वार्डनों को बेसिक स्टडी के साथ उच्च स्तर की जानकारी प्रदान की गई तथा बचाव के उपाय भी बताए गए। सरकार द्वारा जारी साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930, साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल, संचार-साथी पोर्टल सहित अन्य सुविधाओं एवं सेवाओं के बारे में अवगत कराया।

कार्यशाला में छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया तथा साइबर सिक्योरिटी से संबंधित तकनीकी ज्ञान का एवं जानकारी का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद एवं हाइटेक इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ से 366 प्रतिभागियों के द्वारा कार्यशाला में प्रतिभा किया गया। विशेष कर नागरिक सुरक्षा कोर से चीफ वार्डन ललित जायसवाल, असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर गुलाम नबी, स्टाफ अधिकारी टू चीफ वार्डन (फायर) राजेंद्र कुमार शर्मा, डिवीजनल वार्डन दीपक अग्रवाल सुधीर कुमार डिप्टी डिवीजनल वार्डन संजय गोयल, राजकुमार तोमर, स्टाफ अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव, नवनीत चौधरी रमन सक्सेना सुनील कुमार गोयल घटना नियंत्रण अधिकारी संजय शर्मा उमेश बाबू गुप्ता दिव्यांशु सिंगल पोस्ट वार्डन आरक्षित, अनिल सांवरिया आदि बड़ी संख्या में वार्डन उपस्थित रहे।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज विशेष कार्यक्रम का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज विजयनगर में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत Buildathon 2025 के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में कार्यक्रम सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्यस डॉ विभा चौहान शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने ऑडियो वीडियो के माध्यम से दिए गए लिंक की सहायता से प्रोग्राम का सजीव प्रसारण देखा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक संजीव शर्मा एवं क्षेत्र के पार्षद एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विद्यालय की छात्राओं खुशी यादव और रितिक द्वारा Vocal for local पर अपने विचार व्यक्त किए गए एवं 2047 में विकसित भारत की संकल्पना पर डॉ विभा चौहान प्रधानाचार्य द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए इस अवसर पर छात्रों द्वारा प्रोजेक्ट भी प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# चैरिटेबल ट्रस्ट ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। भगवान परशुराम मंदिर संजय नगर सेक्टर 23 में जनशक्ति एक आवाज चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे डॉ संजीव शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर का शुभारंभ किया। कांग्रेस के पूर्व महासचिव डॉ संजीव शर्मा ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में ब्लड डोनेशन जरूर करना चाहिए लोगों को अवेयर करना चाहिए। आज भी स्वेक्षा से केवल 0.8 लगभग लोग ही रक्तदान करते हैं। इस मौके पर अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पंडित सुभाष शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेके गौड़ वार्ड पार्षद पप्पू नगर, पार्षदअजय शर्मा, जिला चेयरमैन विनीत शर्मा, जनशक्ति एक आवाज के संयोजक अवनीश त्यागी, संरक्षक मनोज पंडित जिला प्रभारी अनिरुद्ध शर्मा राजीव कुमार महानगर अध्यक्ष ललित बिष्ट उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु दत्त दुबे टीटू भाई ब्रह्मदत्त दुबे, महिला सभा के अध्यक्ष अर्चना चौधरी विशाल शर्मा युवा के अध्यक्ष गौरव शर्मा शुभम शर्मा भूषण पंडित जी परम आदरणीय संरक्षक राकेश शर्मा जी राजनगर मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी पाराशर आर एस शर्मा जी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर बबलू सिंह अशोक ठाकुर अशोक पंडित जी संस्थापक हरीश शर्मा ने सभी का धन्यवाद समय-समय पर हम इस तरह के कैंप के आयोजन करते रहते हैं और सभी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।



गाजियाबाद। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ राणा करवाचौथ पर्व के उपलक्ष पर अपनी धर्म पत्नी कोमल राणा के साथ।

# लायंस क्लब मोदीनगर टाउनशिप का इंस्टॉलेशन व इंडक्शन प्रोग्राम दीपावली उत्सव के साथ संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। लायंस क्लब मोदीनगर टाउनशिप द्वारा वर्ष 2025-26 का इंस्टॉलेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम दीपावली सेलिब्रेशन के साथ धूमधाम से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रसिद्ध समा. जसेवी सतीश नेहरा को क्लब के अध्यक्ष की शपथ दिलाई गयी,सतीश नेहरा के साथ उनकी कार्यकारिणी में नवीन कुमार को सेक्रेटरी तथा आशु अग्रवाल को ट्रेजरार की शपथ भी दिलाई गई।

इंस्टॉलेशन एवं इंडक्शन समारोह का संचालन PMJF लायन आदित्य गुप्ता द्वारा विधि-विधान से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि PMJF लायन विनय सिसोदिया, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इनॉगुरल ऑफिसर PMJF लायन विनय मित्तल इंटरनेशनल डायरेक्टर मंच पर क्लब के पदाधिकारियों के साथ उपस्थित रहे। क्लब के सभी सदस्य अपने परिवार सहित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और अपनी सहभागिता से कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बनाया।






इस कार्यक्रम में क्लब में शामिल हुए नए सदस्यों डॉ अजय तोमर, डॉ विजय तोमर व शोभित गुप्ता को भी शपथ दिलाई गई। नवनियुक्त अध्यक्ष सतीश नेहरा ने सभी PMJF लायंस का आभार प्रकट किया जिन्होंने अपना कीमती समय निकालकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रमुख रूप से लॉयन नीरज त्यागी, हिमांशु अग्रवाल विनोद नेहरा, अमित त्यागी, नीरज गर्ग अमित कौशिक गौरव गुप्ता मनोज ढिंगरा सर्वेश कंसल समीर शर्मा दिनेश चचड़ा पंकज ग्रोवर दिनेश गुप्ता विपिन गर्ग सहित सभी लायन सपरिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दिवाली सेलिब्रेशन भी किया गया व नवनियुक्त अध्यक्ष सतीश नेहरा ने सभी अतिथियों,क्लब के सदस्यों व विशेष आमंत्रित मेहमानों को

**संबंध विच्छेद**

मैं विद्यावती पत्नी स्व. इन्द्र कुमार निवासी- म.नं- 871, पूजा कालोनी लोनी जिला- गाजियाबाद अपनी पुत्री दुर्गा को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों की वे स्वयं जिम्मेदार होंगी।

**Name change**

I, Mohammad Irfan C/o Idris R/o Vpyariyan Main Bazar Loni Dehat Distt Ghaziabad (UP) Have Changed My Name From Mohammad Irfan To Irfan Ali Henceforth I Would Be Known By Name Of Irfan Ali For All Future Purposes.

**Name change**

I, Reshma W/o Irfan Ali R/o Mohalla Vpyariyan Main Bazar Loni Dehat P.O. Loni Distt Ghaziabad (UP)-201102 Have Changed My Name From Reshma To Reshma Begam Henceforth I Would Be Known By Name Of Reshma Begam For All Future Purposes.

# आठवीं पास धोखेबाजों का नौकरी दिलवाने का रैकेट पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिला की साइबर थना पुलिस ने एक ऐसे रैकेट का पर्दाफाश करते हुए दो धोखेबाजों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने आठवीं तक पढ़ाई कर रखी थी।

वह युवाओं से धोखाधड़ी करके नौकरी दिलवाने का आश्वासन देकर धोखाधड़ी कर रहे थे। आरोपियों की पहचान मोहम्मद अकबर और रुपेन्द्र कुमार के रूप में हुई है। ठगी की रकम हासिल करने के लिए आरोपियों ने कई बैंक खातों का इस्तेमाल किया था। आरोपियों से दो फोन, एक पासबुक, एक चेक बुक और सिम कार्ड बरामद किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रोहिणी सेक्टर-२८ में रहने वाली एक महिला शिकायतकर्ता से पता चला कि उसने स्टेप4केरियरडॉट कॉम के एक जॉब कंसल्टेंट आशीष साहनी नाम के एक व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया, जिसने उन्हें पैनल एडवोकेट की नौकरी दिलवाने का आश्वासन दिया। आरोपी की बातों में आकर उसने उसके कहे मुताबिक उसके बैंक खाते में ३९ हजार चार सौ ९८ रुपये जमा करवा दिये। साथ ही अपने दस्तावेज भी उसका दे दिये थे। मगर धोखेबाज ने न तो कोई नौकरी दिलाई और न ही रूपये वापिस की। पुलिस ने मामला दर्ज किया। इएसीपी दिनेश कुमार की देखरेख में एसएचओ गोविंद सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता से उसके बैंक खाते, मोबाइल फोन व सोशल मीडिया अकाउंट की डिटेल ली। जांच में पता चला कि शिकायतकर्ता के खाते से एक्सिस बैंक खाते में तीन बार रुपये भेजे गए थे। ये बैंक खाते दिल्ली के रहने वाले मोहम्मद अकबर और संजय अहिरवाल के नाम पर थे। आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी की। क्योंकि आरोपी अक्सर अपने सिम और डिवाइस के साथ-साथ अपने ठिकाने भी बदलते रहते थे। मोबाइल फोन की लोकेशन और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से आरोपी मोहम्मद अकबर को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि मामले में सेक्टर-16 बी, द्वारका का रहने वाला रूपेंद्र कुमार और एक अन्य सहयोगी संजय अहिरवाल शामिल हैं। मोहम्मद अकबर की निशानदेही पर, सह-आरोपी रूपेंद्र कुमार को उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार किया। आरोपी रूपिंदर से पता चला कि मुख्य आरोपी प्रद्युम्न पांडे ने ऑनलाइन नौकरी धोखाधड़ी के पीडिघ्तों से ठगी के पैसे इकट्ठा करने के लिए दूसरों द्वारा उपलब्ध कराए गए कई बैंक खातों का इस्तेमाल किया। रूपेंद्र कुमार ने समन्वयक के रूप में काम किया और अकबर और संजय अहिरवाल जैसे स्थानीय व्यक्तियों को धोखाधड़ी के धन को स्थानांतरित करने के लिए अपने खाते उपलब्ध कराने की व्यवस्था की। आरोपी मोहम्मद अकबर १० पर्सेंट कमीशन के बदले में ठगी के पैसे प्राप्त करने के लिए सह-आरोपी रूपेंद्र को अपना एक्सिस बैंक खाता दिया। आरोपी रूपेश वह धोखाधड़ी के नेटवर्क में बिचौलिए की भूमिका निभाता था, स्थानीय संपर्कों के जरिए 10 पर्सेंट कमीशन पर बैंक खाते खुलवाता था।

## दयालपुर में स्कूटी सवारों ने बरसाई गोलियां

**नई दिल्ली।** नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के दयालपुर नेहरू विहार इलाके में रविवार रात अंधाधुंध फायरिंग की घटना से सनसनी फैली गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस को जांच में पता चला कि नेहरू विहार डी-२ के पास दो स्कूटी सवार बदमाशों ने फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया। लोगों का कहना है कि उन्होंने चार राउंड गोलियां चलने की आवाज सुनी। ताबड़तोड़ फायरिंग के बीच लोगों ने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। जिसके बाद इलाके में सन्नाटा फैल गया। पुलिस ने क्राइम टीम की मदद से घटनास्थल से तीन खोखे और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि स्कूटी पर सवार संदिग्ध तेजी से आए और गोलीबारी के बाद फरार हो गए। फिलहाल पुलिस आरोपियों का सुराग लगाने के लिए घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# जैन मंदिर का शिखर कलश खरीदने वाले दो गिरफ्तार, चोर पकड़ से बाहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ज्योति नगर थानांतर्गत जैन मंदिर से हुए शिखर कलश चोरी के मामले में पुलिस ने स्क्रैप डीलर सहित दो लोगो को गिरफ्तार किया है, जिस शिखर कलश को चोरी किया गया था उसकी कीमत करीब 40 लाख रूपये बताई जा रही है, अष्टधातु से बने इस कलश पर सोने की परत चढ़ी हुई थी स गौरतलब है कि अभी तक जिस चोर ने शिखर कलश चुराया था उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है बल्कि दो स्क्रैप डीलरों को गिरफ्तार किया गया है जिनके बाद से कलश के दो हिस्से मिले है स कलश की बरामदगी के बाद पुलिस ने साफ किया है कि चोरी कलश श्श्अष्टधातुश्श से बनाया गया था। इसमें करीब २०० ग्राम सोना भी लगा हुआ है। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि 11 अक्टूबर ज्योति नगर थाने में दुर्गा पुरी चौक के पास जैन मंदिर के शिखर से कलश चोरी की शिकायत मिली। तुरंत संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, तकनीकी निगरानी और स्थानीय सूत्रों की मदद से छानबीन करते हुए कलश को खरीदने वाली एक सुंदरनगरी निवासी ४२ वर्षीय महिला स्क्रैप डीलर तक पहुंची। महिला से सख्ती से पूछताछ करने व तलाशी लेने के बाद इसके कब्जे से चोरी हुए कलश का एक हिस्सा बरामद कर लिया गया। कलश के दूसरे हिस्से के बारे में पूछने पर महिला ने न्यू मुस्तफाबाद निवासी २४ वर्षीय दानिश नामक दूसरे कबाड़ी के बारे में बताया। पुलिस ने महिला की निशानदेही पर तत्काल छापेमारी करके आरोपी दानिश को कलश के दूसरे हिस्से के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने कलश के हिस्सों को सस्ते में खरीदा लिया था। फिलहाल पुलिस मामले में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य चोर के बारे में जानकारी खंगाल रही है।

## किरण बेदी ने की सीएम रेखा गुप्ता से मुलाकात

**नई दिल्ली।** आईपीएस अधिकारी रहीं किरण बेदी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मुख्यमंत्री ने नवज्योति इंडिया फाउंडेशन के वार्षिकोत्सव में आने की कृपा की है। मेरे अलावा, नवज्योति इंडिया फाउंडेशन की निदेशक नीतू शर्मा भी मौजूद थीं।

# आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण को लेकर समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने दिल्ली पुलिस अकादमी (डीपीए) में पुलिस कर्मियों के लिए आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण को संस्थागत रूप देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को तीन वर्षों की अतिरिक्त अवधि के लिए नवीनीकृत किया है।दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा की उपस्थिति में दिल्ली के विशेष पुलिस आयुक्त (प्रशिक्षण) संजय कुमार और एनडीआरएफ आईजी नरेंद्र सिंह बुंदेला ने पुलिस मुख्यालय में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने दिल्ली पुलिस की आपदा प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एनडीआरएफ की विशेषज्ञता और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने जन सुरक्षा सुनिश्चित करने में इस सहयोग के महत्व पर बल दिया। समझौता ज्ञापन के तहत, एनडीआरएफ प्रशिक्षक डीपीए में सभी श्रेणियों के पुलिस प्रशिक्षुओं के लिए नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित करते हैं। प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन एवं तैयारी, बचाव अभियान, सीपीआर तकनीक, समुदाय-आधारित आपदा प्रबंधन और घटना प्रतिक्रिया प्रणाली शामिल हैं।२०२२ से, लगभग '१७,०००' प्रशिक्षु लाभान्वित हुए हैं।



**दिल्ली पुलिस और एनडीआरएफ ने आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन का किया नवीनीकरण।**

# पर्सनल लॉ बोर्ड ने रामलीला मैदान में 16 नवम्बर को रैली करने का फैसला किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारिणी की बैठक में आज कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इन फैसलों में राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में एक बड़ी रैली करने के साथ ही वक्फ संपत्तियों को बुनियाद पोर्टल पर अपलोड करने के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने का फैसला किया गया है। बोर्ड अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी के अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित इस बैठक में वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन में आने वाली तमाम परेशानियाँ को दूर करने का फैसला किया गया। बैठक में वक्फ संपत्तियों को सरकार द्वारा स्थापित किए गए बुनियाद पोर्टल पर पंजीकृत करने के लिए विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया की विभिन्न राज्यों से वक्फ मुतवलियों को पोर्टल पर रजिस्टर्ड कराने के लिए कई प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। पोर्टल के इस्तेमाल करने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पोर्टल पर एक संपत्ति को पंजीकृत करने में घंटे भर से अधिक का समय बर्बाद हो रहा है। इन तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए वक्फ संपत्तियों के जानकारों की सेवाएं लेने पर भी चर्चा की गई है। इसके लिए राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तर पर हेल्प डेस्क स्थापित करने की भी योजना पर चर्चा की गई है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने पोर्टल पर संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन की समय सीमा बढ़ाए जाने की मांग सुप्रीम कोर्ट से की है। सुप्रीम कोर्ट में पोर्टल मामले पर सुनवाई २८ अक्टूबर के दिन है ।बोर्ड प्रवक्ता कासिम रसूल इलियास ने बताया कि आज की बैठक में १६ नवंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में वक्फ संपत्ति संरक्षण अधिवेशन आयोजित करने का फैसला लिया गया है। इस बड़े कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी धार्मिक सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर रणनीति बनाने पर भी विचार किया गया है। इसके अलावा राज्य स्तर पर भी बड़े-बड़े सम्मेलन और बैठक आयोजित करने का भी फैसला लिया गया है।

## दिल्ली में जगाया उत्सव का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** टीवी9 फेस्टिवल ऑफ इंडिया का तीसरा संस्करण मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में शानदार अंदाज में संपन्न हुआ और संगीत, संस्कृति और उत्सव की मनमोहक यादें अपने पीछे छोड़ गया। पाँच दिनों में, इस उत्सव ने नई दिल्ली को एक सांस्कृतिक केंद्र में बदल दिया, जहाँ परिवार, दोस्त और समुदाय भारत के उत्सवी माहौल में डूबे रहे। इस साल के आयोजन में शान और सचेत-परंपरा के लाइव कॉन्सर्ट शामिल थे, जिसने एक ऊर्जावान उत्सव का माहौल तैयार किया। उत्सव का मैदान हर शाम हाई-वोल्टेज डांडिया नाइट्स से जीवंत हो उठता था, जहाँ सेलिब्रिटी डीजे - डीजे साहिल गुलाटी, डीजे डीश्आर्क, डीजे वियोला और डीजे जैप्स- देर रात तक दर्शकों को नाचते रहे।

# दीपावली को लेकर खत्म किया भ्रम, 20 अक्टूबर को दिवाली मनाने की कैट की सलाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इस वर्ष दिवाली को लेकर काफी भ्रांति है और दिवाली 20 अथवा 21 अक्टूबर को मनाई जाये इसको लेकर बेहद मत विभिन्नता है। प्रत्येक भारतीय पर्व को उसकी तिथि गणना एवं धर्मशास्त्र के नियमों के अनुसार ही मनाने का शास्त्र निर्देश करता है, किंतु आधुनिक समाज में शास्त्र की जानकारी के अभाव में कई बार भ्रम उत्पन्न हो जाता है। यही कारण है कि अनेक अवसरों पर दो-दो तिथियों के चलते विवाद की स्थिति बन जाती है। इस वर्ष दीपावली की तिथि को लेकर भी इसी प्रकार की भ्रांति और असमंजस का वातावरण बना हुआ है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री तथा दिल्ली से चाँदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि यद्यपि शास्त्र सम्मत दीपावली मनाने का निर्णय धर्माचार्यों द्वारा किया जाना चाहिए, किंतु देश भर के व्यापारियों में बने भ्रम को दूर करने की दिशा में कैट ने अपनी वेद एवं ज्योतिष कमेटी के संयोजक तथा महाकाल की नगरी उज्जैन के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य आचार्य श्री दुर्गेश तारे से इस विषय पर स्थिति स्पष्ट करने का आग्रह किया, ताकि देशभर के व्यापारियों को सही सलाह दी जा सके। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और दिल्ली व्यापार महासंघ ने २० अक्टूबर को दिवाली मनाने का फैसला किया है। विहिप के प्रदेश सचिव सुरेंद्र गुप्ता द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इस वर्ष कार्तिक अमावस्या तिथि दो दिन रहेगी, जो २० अक्टूबर (सोमवार) को दोपहर ३:४४ बजे से शुरू होकर २१ अक्टूबर (मंगलवार) को शाम ५:५४ बजे तक रहेगी। उन्होंने बताया कि ज्योतिषी और धर्मगुरु इस बात पर सहमत हैं कि लक्ष्मी और गणेश की पूजा उस दिन करना सर्वोत्तम होता है जब अमावस्या तिथि पर प्रदोष और निशीथ काल (मध्यरात्रि) हो। इसी के आधार पर, दिवाली की मुख्य पूजा २० अक्टूबर (सोमवार) की रात को की जानी चाहिए। विहिप द्वारा जारी एक पत्र में, सभी धार्मिक, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों से आह्वान किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में २० अक्टूबर की रात को दिवाली समारोह आयोजित करें और पूजा करें। इसी प्रकार, दुकानों, प्रतिष्ठानों और कार्यालयों में भी २१ अक्टूबर की सुबह या दोपहर में पूजा की जा सकती है। दिल्ली व्यापार महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने बताया कि व्यापारिक संगठनों ने २० अक्टूबर को दिवाली मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि काशी के ज्योतिषियों और चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर के विद्वानों के सर्वसम्मत निर्णय के आधार पर २० अक्टूबर को दिवाली मनाने का निर्णय लिया गया है।

# 18 लाख की चांदी लेकर चंपत हुए बदमाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** न्यू उस्मानपुर इलाके में शनिवार शाम स्कूटी सवार बदमाशों ने ज्वेलर से रोडरेज के बहाने १८ लाख रुपये की चांदी लूटी और भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन केस दर्ज करने के बजाय उन्हें इधर से उधर टहलाती रही। न्यू उस्मानपुर से पीड़ित को वेलकम थाने भेजा बाद में इधर-उधर दौड़ने के बाद न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।पुलिस के मुताबिक पीड़ित रामरत्न अग्रवाल शाहदरा में रहते हैं। यह अपने पिता पवन अग्रवाल के साथ चांदी का काम काम करते हैं। शनिवार दोपहर रामरत्न अपने दोस्त रोहन के साथ चांदनी चौक चांदी खरीदने गए थे। यहां से १८ लाख रुपये की ११ किलो चांदी खरीदी। रामरत्न ने स्कूटी की डिग्गी में चांदी रख ली और घर के लिए निकल गए। जीटी रोड पर जाम लगा होने के कारण रामरत्न ने स्कूटी को न्यू उस्मानपुर थाने वाली रोड पर मोड़ लिया। इस बीच जग प्रवेश चंद्र अस्पताल के पास स्कूटी सवार दो अन्य युवकों ने इनकी स्कूटी को टक्कर मारी और झगड़ने लगे। इस बीच आरोपियों के दो और साथी वहां पहुंच गए। इन लोगों ने रामरत्न की स्कूटी की चाबी निकाल ली। इस बीच लोगों की भीड़ जुट गई। आरोपियों ने इसका फायदा उठाकर डिग्गी से चांदी निकाल ली।

## नेहा एसके मेहता जुड़ीं इत्ती सी खुशी से

**नई दिल्ली।** सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अपनी दिल छू लेने वाली कहानी से दर्शकों के दिल जीत रहा है, जिसमें दिवेकर परिवार की खुशियाँ, संघर्ष और आपसी रिश्तों का खूबसूरत चित्रण है। अब इस कहानी में नया मोड़ लाने आ रही हैं पूर्व तारक मेहता का उल्टा चश्मा से जुड़ी अभिनेत्री नेहा एसके मेहता, जो शो में अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) की नाटकीय माँ हेतल का किरदार निभाएंगी। हेतल की एंट्री शो में नए ड्रामा और मनोरंजन की लहर लेकर आएगी। वह बातूनी, रंगीन मिजाज की और बेबाक है, हमेशा सबका ध्यान अपनी ओर खींचने की कोशिश करती है और अपने स्टाइलिश, ग्लैमरस अंदाज को दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। अपनी "अच्छी-खासी इमेज" बनाए रखने की उसकी जिद अक्सर परिवार में हलचल और हास्य का कारण बन जाती है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** त्यागी ब्राह्मण समाज उत्थान समिति ने 200 मेधावी छात्र-छात्राओं तथा राष्ट्र एवं समाज के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

खतौली के बुआड़ा रोड स्थित आर.के. फार्म में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि गोल्ड प्लस ग्लास इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वाइस प्रेसीडेंट सुरेश त्यागी एवं त्यागी ब्राहमण समाज दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष सुनील त्यागी ने कहा कि बच्चों को मेहनत से पढाई करके अपने मां-बाप, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करना चाहिए। मुख्य अतिथि सुरेश त्यागी ने कहा कि बच्चों को पठन-पाठन के साथ ही खेल प्रतियोगिताओं में भी भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष धनप्रकाश त्यागी ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने तथा समाज को संगठित कर उसके चहमुखी विकास पर जोर दिया। इस मौके पर राज्य स्तर की खो खो खिलाड़ी नव्या त्यागी, फोरमुला फोर कार रेस के राष्ट्रीय चौंपियन ध्रुव त्यागी, नासा प्रतियोगिता में शामिल हुए अनिकेत त्यागी, पीएचडी पारुल त्यागी तथा पत्रकार भागेश कुमार त्यागी को भी सम्मानित किया गया। समिति के मुख्य संरक्षक डा. एन .के. त्यागी ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस मौके समिति के पूर्व अध्यक्ष हरिराज सिंह त्यागी, डा. आयुषी त्यागी, डा.विपुल कुमार त्यागी, प्रेमचंद त्यागी, संजीव त्यागी तथा अमरीश त्यागी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में त्यागी ब्राहमण समाज दिल्ली के महासचिव अमरीश त्यागी, कोषाध्यक्ष विक्रांत त्यागी, पत्रकार भागेश कुमार त्यागी सहित त्यागी समाज गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, बागपत, शामली, बुलंद शहर, हरिद्वार तथा देहरादून आदि से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



## सूत्रों का सफर प्रदर्शनी में सजी भारतीय बुनाई विरासत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डिजाइन केंद्र, विकास आयुक्त (हथकरघा), वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से जनपथ स्थित हैंडलूम हाट में स्पेशल हैंडलूम एक्सपो: सूत्रों का सफर की शुरुआत हो गई है। यह प्रदर्शनी 16 अक्टूबर तक चलेगी, जिसमें भारत के पारंपरिक हथकरघा की समृद्ध विरासत की झलक देखने को मिलेगी। हर दिन सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक चलने वाले इस सात दिवसीय आयोजन में देशभर के 75 बुनकर, स्वयं सहायता समूह और सहकारी समितियाँ अपने-अपने क्षेत्र की पारंपरिक वस्त्र कला प्रदर्शित कर रही हैं। यहाँ आने वाले लोग न सिर्फ हथकरघा उत्पाद खरीद सकेंगे, बल्कि बुनाई और डिजाइनिंग की बारीकियाँ भी करीब से देख सकते हैं। इस एक्सपो का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक भारतीय हथकरघा को बढ़ावा देना और बुनकरों तथा उत्पादकों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ना है।

# एकतरफा प्यार में चाकू से ताबड़तोड़ वार करके युवती की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नन्द नगरी थानांतर्गत अपराधिक मानसिकता वाले सिरफिरे आशिक ने एक तरफा प्यार के चलते युवती को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया, आरोपी ने युवती की हत्या उस समय की जब युवती समोसे खरीदने गयी थी, पहले से घात लगाकर बैठे आरोपी ने चाकू से ताबड़तोड़ वार करके युवती की जान ले ली, गौरतलब है कि आरोपी ने हत्या करने के बाद युवती के घर जाकर खुद इस बात की जानकारी दी ष कि तुम्हारी बेटी को मार दिया है, उसे उठा लाओ ष स फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है स मृतक युवती की पहचान रिया (२०) के रूप में हुई है, युवती नन्द नगरी के डी ब्लॉक में परिवार के साथ रहती थी स युवती के घर के पास हो आरोपी आकाश (२३) की नानी का घर था, जहां आकाश का अक्सर आना-जाना लगा रहता था, आकाश, रिया से एक तरफा प्यार करता था पर रिया उसे पसंद नहीं करती थी, अपने एक तरफा प्यार के चलते आकाश रिया को परेशान करता था।

सोमवार की सुबह रिया अपने घर से थोड़ी दूर स्कूल ब्लॉक में समोसे खरीदने गयी थी, तब पहले से ही घात लगा कर बैठे आरोपी ने उसके ऊपर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए, और युवती को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गया स मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस युवती को लेकर जीटीबी अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया स वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद थाने पहुंचकर खुद को पुलिस के हवाले कर दिया स

उत्तर-पूर्वी दिल्ली पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया सोमवार सुबह करीब १०.३० बजे युवती को चाकू लगने की नन्द नगरी थाना पुलिस को सूचना मिली थी, मौके पर पुलिस को घायल अवस्था में युवती मिली, जिसे जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, पर वारदात में प्रयोग किया गया चाकू अभी बरामद नहीं हुआ है।

# जनकपुरी में पानी की लाइनों के सुधार कार्यों का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री एवं जनकपुरी विधायक आशीष सूद ने अपने विधानसभा क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगभग ३ करोड़ रुपए की लागत से कई प्रमुख कार्यों का शुभारंभ किया।

यह पहल "रेखा सरकार आपके द्वार ख्र जनकल्याण के लिए तैयार" अभियान के अंतर्गत की गई है।इस अवसर पर सूद ने कहा कि रेखा सरकार के नेतृत्व में दिल्ली में जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। जनकपुरी में आधारभूत सुविधाओं को सशक्त बनाना हमारी प्रतिबद्धता है ताकि हर नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर जीवन सुविधाएं मिल सकें। शिक्षा मंत्री ने आगे कहा कि पिछले करीब दस वर्षों से जनकपुरी विधानसभा में रखरखाव के नाम पर सीवर और पानी की लाइनों पर कोई काम नहीं हुआ था। लेकिन अब हमारी सरकार जनता को स्वच्छ पानी और बेहतर सीवर व्यवस्था देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने आगे कहा कि जनकपुरी में पिछले २७ वर्षों में विशेष रूप से पिछले एक दशक में विकास और जन-सुविधाओं के क्षेत्र में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पिछली सरकार के कार्यालय में जनकपुरी उपेक्षा का शिकार रहा है।

# एमसीडी के अगले बजट में रहेगा शिक्षा पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की तैयारी के लिए एमसीडी के वित्त विभाग ने विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया है जिसके तहत सभी विभागों के साथ बैठकें शुरू होंगी।

बजट में राजधानी की स्वच्छता, सड़क निर्माण और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि संपत्ति कर, विज्ञापन शुल्क, पार्किंग शुल्क, कनवर्जन चार्ज, टोल टैक्स और विभिन्न प्रकार के लाइसेंस शुल्क को बढ़ाया जा सकता है। इनमें कई वर्षों से बढ़ोतरी नहीं हुई है। साथ ही, खर्चों में कटौती और संसाधनों के कुशल प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उसकी योजना है कि अनावश्यक खर्चों को सीमित किया जाए और उपलब्ध धन का अधिकतम उपयोग उन क्षेत्रों में किया जाए जिनका सीधा संबंध जनता की सुविधा और शहर के विकास से है। एक सप्ताह तक चलने वाली बैठकों में हर विभाग अपनी योजनाओं, खर्च के अनुमान और भविष्य की वित्तीय आवश्यकताओं की जानकारी देगा।

> **अधिकारियों का कहना है कि संपत्ति कर विज्ञापन शुल्क, पार्किंग शुल्क, कनवर्जन चार्ज टोल टैक्स और विभिन्न प्रकार के लाइसेंस शुल्क को बढ़ाया जा सकता है।**

एमसीडी का लक्ष्य है कि बजट तैयार करने से पहले सभी विभागों की प्राथमिकताएं और जरूरतें स्पष्ट हो जाएं ताकि अगले वित्तीय वर्ष में कामकाज समय पर शुरू किया जा सके। एमसीडी सूत्रों के मुताबिक, वित्त विभाग ने प्रत्येक विभाग को प्रस्तावित कार्यों, परियोजनाओं और उनके लिए अनुमानित धनराशि का ब्योरा प्रस्तुत करने को कहा है। यह जानकारी एमसीडी के समेकित बजट का आधार बनेगी।

आयुक्त दिसंबर के पहले सप्ताह में बजट प्रस्ताव को स्थायी समिति के समक्ष पेश करेंगे जिसके बाद उसे सदन में अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। इस बार एमसीडी का बजट केवल खर्च का दस्तावेज नहीं बल्कि सुधार और संसाधन-संतुलन का रोडमैप होगा। प्रशासन उम्मीद कर रहा है कि समय से पहले तैयारी और समन्वय से न सिर्फ राजस्व की स्थिति सुधरेगी बल्कि विकास कार्यों में भी तेजी आएगी।एमसीडी के अनुसार, आगामी वर्ष के बजट में स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। योजना है कि कूड़ा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जाए, डोर-टू-डोर कलेक्शन सिस्टम को और मजबूत किया जाए और लैंडफिल स्थलों के कचरे के निपटान के कार्य को तेज किया जाए। सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों को भी बजट में अहम स्थान मिलेगा। बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए जल निकासी तंत्र को दुरुस्त करने पर विशेष बल दिया जाएगा।

साथ ही, पार्कों के रखरखाव और हरित क्षेत्रों के विस्तार को भी प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी एमसीडी ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए बड़े लक्ष्य तय किए हैं। स्कूलों में आधारभूत ढांचे के सुधार, स्मार्ट क्लासरूम की संख्या बढ़ाने और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए अलग से बजट प्रावधान किए जाएंगे।

# दो महीने में बरामद हुआ पौने दो करोड़ का नशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पिछले दो महीनों में रेलवे स्टेशन से आरपीएफ, ड्रग्स कंट्रोल विभाग व दिल्ली पुलिस ने करीब ढाई क्विंटल गांजा बरामद किया है। इसकी बाजार की कीमत लगभग पौने दो करोड़ रुपये से ज्यादा है।

सुरक्षा एजेंसियों की लगातार कार्रवाई के बावजूद ऐसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं। तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए एनसीबी और रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) के बीच संवेदनशील ट्रेनों, रूट्स और स्टेशनों (जैसे राजधानी एक्सप्रेस जैसी तेज गति वाली ट्रेनें) पर निगरानी बढ़ाने के लिए जानकारी भी साझा की जाएगी। रेलवे स्टेशन पर स्कैनर की संख्या बढ़ाने पर भी काम किया जा रहा है। यह तस्कर मुख्य रूप से ओडिशा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर राज्यों जैसे गुवाहाटी व डिब्रूगढ़ से उच्च गुणवत्ता वाला गांजा लाकर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करने की फिराक में थे। इन आरोपियों ने राजधानी एक्सप्रेस जैसी मुख्य ट्रेनों को तस्करी करने का माध्यम बना लिया है। पिछले दिनों करीब चार बार राजधानी एक्सप्रेस से ही गांजे की बड़ी खेप बरामद की गई है। ऐसे मामलों में कमी लाने के लिए ट्रेनों और स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक बोर्डों के माध्यम से एंटी-ड्रग मैसेज और मानस हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे।

# लाखों रुपये के अवैध पटाखों के साथ दो युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दीपावली त्योहार से ठीक पहले पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला कृष्ण गंज में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार की देर शाम एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध पटाखों का जखीरा बरामद किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले दो युवकों को भी गिरफ्तार किया है

रविवार की देर शाम एसडीएम मनोज कुमार और सीओ अनीता चौहान के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने पुलिस बल के साथ पिलखुवा थाना क्षेत्र में दो से तीन मकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कमरों और गोदाम जैसे हिस्सों से करीब दो लाख रूपये की कीमत के विभिन्न नामी कंपनियों के बम, रॉकेट, अनार, फुलझड़ियां, सुतली



बम और अन्य विस्फोटक सामग्री भारी मात्रा में बरामद की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले दो युवक रजत पुत्र संजय कुमार और कपिल पुत्र अनिल निवासी मोहल्ला कृष्णगंज थाना पिलखुवा जनपद हापुड को भी गिरफ्तार किया है। पिलखुवा सीओ अनीता चौहान ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मोहल्ला कृष्ण गंज में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। उन्होंने बताया कि भंडारण करने वाले के पास पटाखों के व्यापार या गोदाम संचालन के लिए कोई वैध लाइसेंस नहीं था। कृष्ण गंज घनी आबादी वाला इलाका है, ऐसे में मकानों के अंदर इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री का भंडारण करना बेहद खतरनाक था। अधिकारियों ने आशंका जताई कि ज़रा सी भी चिंगारी से पूरा मोहल्ला विस्फोट की चपेट में आ सकता था। एसडीएम मनोज कुमार ने बताया कि दीपावली को देखते हुए पूरे क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। बिना लाइसेंस पटाखों का भंडारण या बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्ज़े से करीब दो लाख रूपये की कीमत के 6 कट्टे अवैध पटाखे बरामद कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

# बस ने बाइक व ऑटो में मारी टक्कर, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहाँ एक तेज रफ्तार बस ने बाइक और ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि इस दौरान एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की जांच शुरू कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के रिलायंस रोड पर सोमवार की सुबह एक तेज रफ्तार बस ने एक बाइक और ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो में सवार बुलंदशहर निवासी 35 वर्षीय मोनू की दर्दनाक मौत हो गई जबकि



एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। इस दौरान हाइवे पर जाम लग गया। घटना की सूचना मिलते ही पिलखुवा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ऑटो को साइड करवाया और यातायात को सुचारू करवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच का उचित कार्रवाई की जाएगी।

# आयकर विभाग की एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में सोमवार की सुबह आयकर विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी से हड़कंप मच गया। आयकर विभाग की टीम ने शहर के बुलंदशहर रोड स्वर्ग आश्रम रोड और श्रीनगर में शिक्षक दंपति, अधिवक्ता और मीट कारोबारी समेत कई स्थानों पर छापेमारी की। बताया जा रहा है कि जांच एजेंसियों को इन कारोबारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति और टैक्स चोरी की शिकायतें मिली थीं। इस दौरान जांच एजेंसियों ने कई अहम दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड जब्त किए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह आयकर विभाग की टीम ने मोहल्ला श्रीनगर में टैक्स विभाग के अधिवक्ता नितिन गर्ग, कृष्णा नगर में रहने वाले शिक्षक दंपति और मीट कारोबारी हाजी यासीन के पुराने घर और कार्यालय पर छापेमारी की गई। बताया जा रहा है कि जांच एजेंसियों को इन कारोबारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति और टैक्स चोरी की शिकायतें मिली थीं। सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसियों ने कई अहम दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड जब्त किए हैं। जांच एजेंसियों को शक है कि इन मीट कारोबारियों ने बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की है और अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित की है। सूत्रों की माने तो जांच एजेंसियां जब्त किए गए दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच करेंगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त



कार्रवाई हो सकती है। आयकर विभाग की एक साथ कई स्थानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी से हड़कंप मचा रहा। वही आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# मिशन शक्ति के तहत थाना प्रभारी ने स्कूल बस में बच्चों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत हापुड़ पुलिस लगातार लोगो में जागरूकता का संचार कर रही है। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ-साथ अब छोटे-छोटे बच्चों को भी सुरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना देहात प्रभारी विजय कुमार गुप्ता व उनकी पुलिस टीम ने एक अनूठी पहल करते हुए सुबह स्कूल बस में सफ़र कर रहे मासूम बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। थाना प्रभारी ने बच्चों से आत्मरक्षा, सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों और शालीन व्यवहार पर संवाद किया। पुलिसकर्मियों ने बच्चों को बताया कि किसी भी विपरीत परिस्थिति या डर की स्थिति में वे तुरंत पुलिस से मदद ले सकते हैं। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा और 181 महिला सहायता नंबर का उपयोग करने की जानक. ारी दी गई। पुलिस टीम ने बच्चों से सवाल-जवाब के जरिए उनकी समझ को परखा और उन्हें प्रेरित किया कि वे घर जाकर अपने अभिभावकों, दोस्तों और पड़ोसियों को भी इन महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराएं। थाना प्रभारी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का मकसद सिर्फ महिलाओं की सुरक्षा नहीं बल्कि पूरे समाज में जागरूकता फैलाना है, ताकि बच्चे और अभिभावक दोनों आत्मनिर्भर और सतर्क बन सकें। सुबह के समय जब अधिकांश लोग अपने घरों में विश्राम कर रहे थे, तब



पुलिस टीम का यह समर्पण समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाता है। स्थानीय अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि हापुड़ पुलिस का यह प्रयास निस्संदेह अनुकरणीय है और बच्चों में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ाने वाला है। अभिभावकों ने कहा कि इस तरह की पहलें बच्चों को न केवल सुरक्षित रहने की शिक्षा देती हैं, बल्कि पुलिस और जनता के बीच भरोसे का पुल भी मजबूत करती हैं। मिशन शक्ति के तहत हापुड़ पुलिस की यह मुहिम जिले भर में चर्चा का विषय बनी हुई है और अन्य क्षेत्रों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

# पूर्व विधायक ने छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने की उपमुख्यमंत्री से उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर की पॉश कालोनियों में छुट्टा पशुओं, बंदरों व कुत्तों के आतंक का मामला उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के दरबार में कांग्रेस के पूर्व विधायक गजराज सिंह द्वारा पहुंचाया गया है। पशुओं, बंदरों व कुत्तों द्वारा आये दिन हमला कर महिला, बच्चों व बुजुर्ग लोगों को घायल किया जा रहा है। जिसको लेकर कांग्रेस से हापुड़ विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे व वरिष्ठ कांग्रेस नेता गजराज सिंह ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को पत्र सौंपकर शहर की पॉश कालोनियों में छुट्टा पशुओं, बंदरों व कुत्तों के आतंक के मामले में उन्हें अवगत कराया। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को बताया कि हापुड़ शहर की पॉश कालोनी श्रीनगर, शिवपुरी, राधापुरी, देवलोक, स्वर्ग आश्रम रोड, पटेलनगर, रेवती कुंज, ज्ञानलोक आदि में वर्तमान समय में आवारा छुट्टा पशुओं, बंदरों व कुत्तों का अत्यधिक आतंक बना हुआ है। आये दिन महिलाओं,



बच्चों व बुजुर्ग लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे है। इसकी जानकारी देने के बावजूद भी स्थानीय प्रशासन ने इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि उक्त मामले में सम्बंधित विभागों को समस्या का समाधान करने के निर्देश जारी किए जाए। समस्या का समाधान होने पर पॉश कालोनी की जनता सदैव आपकी आभारी रहेगी। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पूर्व विधायक गजराज सिंह को समस्या का शीघ्र ही समाधान कराने का आश्वासन दिया।

# विकास एजेंडे पर एकमत हुई पालिका, जनता को बेहतर सुविधाओं का भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका परिषद पिलखुवा की बोर्ड बैठक सोमवार को पालिकाध्यक्ष विभू बंसल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक धर्मेश सिंह तोमर सहित 23 पालिका सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में विकसित भारत संकल्प विजन 2047 को साकार करने हेतु सम्मेलन व गोष्ठी आयोजित की गई तथा नगर के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। पालिका अध्यक्ष ने प्रस्ताव रखा कि पावरलूम एवं विद्युत शक्ति से चलने वाले उद्योगों पर पूर्व में 6 प्रति हॉर्सपावर वार्षिक लाइसेंस शुल्क था, जिसे 100 कर दिया गया था। इसे अव्यावहारिक मानते हुए बोर्ड ने इसे घटाकर 30 प्रति हॉर्सपावर प्रतिवर्ष करने का निर्णय



लिया। बैठक में गौशाला स्थानांतरण, दुकान निर्माण, पुस्तकालय स्थापना, वाहन डिपो, पार्क नामकरण, सीवरेज उपविधि निर्माण सहित 10 विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। पालिकाध्यक्ष विभू बंसल ने कहा कि हमारा लक्ष्य पिलखुवा को स्वच्छ, सुदृढ़ और विकसित नगर के रूप में स्थापित करना है। पारित प्रस्तावों से नागरिक सुविधाओं और आधारभूत संरचना में बड़ा सुधार होगा।

## एक नजर

### एंटी रोमियो टीम ने मनचलों पर कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिलाओं और छात्राओं से छेड़छाड़ या फब्तियां कसने वाले मनचलों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से जिला में एंटी रोमियो स्क्वाड टीम सक्रिय दिखी। ज़िलें की एंटी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूल,पार्क और मंदिरों के बाहर एसपी के निर्देशन में तैनात दिखी। टीम ने ज़िलें में स्थित स्कूलों में छात्राओं से बात कर उन्हें हेल्प लाइन नंबरों और अपराध से लड़ने के संबंध में जागरूक किया।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा पार्क, सार्वजनिक स्थान, स्कूल, कालेज के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में एन्टी रोमियों टीम को भ्रमण कर मनचलों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत स्कूलों के आसपास मंडराने वाले संदिग्ध युवकों को डांट फटकार लगाई गई। पार्क और बाग-बगीचों में टहलने जाने वाली महिलाओं या युवतियों पर फब्तियां करने वाले बिगड़ैल युवक गायब दिखे। मनचलों में टीम की दहशत देखते ही बन रही थी। ज़िलें के थानों की एंटी रोमियों टीमों, महिला सुरक्षा दल द्वारा प्रमुख बाजारों, गांव, कस्बों, पार्कों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों के आस-पास मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग कर अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध युवकों से पूछताछ कर उन्हें सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया।

### कबड्डी के मैदान से शुरू हुई रंजिश ने लिया हिंसक रूप, युवक से जमकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भोवापुर में एक सामान्य कबड्डी खेल विवाद बड़े हिंसक झगड़े में तब्दील हो गया। रविवार दोपहर कथित तौर पर कुछ दबंगों ने एक युवक के घर में सीधे घुसकर उस पर लाठी-डंडे, तलवार, फरसा और सरिया जैसे हथियारों से जानलेवा हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

मामले की पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार शाम कबड्डी खेल के दौरान अंकित गिरी और मनजीत के बीच हुई तकरार ने अगले दिन हिंसा का रूप ले लिया। आरोप है कि मनजीत ने अपने चार साथियों के साथ हथियारबंद होकर अंकित के भाई देवेंद्र गिरी के घर में धावा बोल दिया और उन पर जानलेवा हमला किया। मामले में सीओ अनीता चौहान ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा दबिश अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी।

### पालिका ने चलाया बुलडोजर, गांधी रोड बाजार में अतिक्रमण पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका की एक विशेष टीम ने सोमवार को गांधी रोड बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर कार्रवाई की। बुलडोजर और ट्रैक्ट-ट्रॉली के साथ पहुंची टीम को देखते ही दुकानदारों में भगदड़ मच गई, और कई ने सड़क किनारे लगाए अपना सामान स्वयं हटाना शुरू कर दिया।सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दीपक कुमार के नेतृत्व में चले इस अभियान में प्रवर्तन दल ने बाजार का निरीक्षण किया और फुटपाथ व सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी। दीपक कुमार ने स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसा करने पर जुर्माना अथवा लाइसेंस रद्द करने जैसी कार्रवाई की जाएगी। अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह ने बताया कि नगर की यातायात व्यवस्था और सौंदर्यीकरण के लिए यह अभियान नियमित चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांधी रोड समेत सभी मुख्य बाजारों को अतिक्रमण-मुक्त बनाना पालिका का लक्ष्य है और चेतावनी के बाद भी अतिक्रमण जारी रखने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# महिला प्रधानों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को जिले के डीपीआरसी केंद्र में महिला प्रधानों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस प्रशिक्षण में जिले के सभी ब्लॉकों से आई हुई महिला प्रधानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डा. दीपक सिंह वरिष्ठ फैकल्टी, शिव कुमार, सद्दाम एवं शहवाज़ स्टेट कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। जिन्होंने अपने सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रशिक्षण का उद्देश्य



महिला प्रतिनिधियों को पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं की बेहतर समझ, नेतृत्व क्षमता और तकनीकी ज्ञान प्रदान करना है। आने वाले दो दिनों तक विशेषज्ञ प्रशिक्षक विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी देंगे। कार्यक्रम के दौरान डीपीआरसी परिसर में उत्साह और सीखने का माहौल देखने को मिला।

# युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री का हुआ वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री द्वारा इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ के जुपिटर हॉल में किया गया। जनपद के चारों विकास खण्डों से आये मंगल दलों को उक्त कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से लिंक प्राप्त करते हुए विकास भवन सभागार हापुड़ में विधायक विजयपाल आढती एवं मुख्य विकास अधिक. ारी हिमांशु गौतम की उपस्थिति में दिखाया गया। इसके बाद विधायक विजयपाल आढती एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम



द्वारा युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल किट वितरित की गयी। विधायक द्वारा युवाओं को खेल के प्रति जागरूक रहने एवं अपने प्रदेश का नाम रोशन किये जाने के सम्बन्ध में आशीष वचन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद से आये युवाओं को अन्य विभागीय महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री में वॉलीबॉल-5, वॉलीबॉल नेट-1, फुटबॉल-5, एयर पम्प-1, फिटनेस टयूब-1, युवक मंगल दल हेतु, स्किपिंग रोप-3 महिला मंगल दल हेतु का वितरण किया गया। इस अवसर पर युवा कल्याण विभाग से अंकित सहलौत, रानू धारीवाल एवं प्रियंका चौधरी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

# बच्चों को साइबर अपराध को लेकर किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात पुलिस टीम ने देहात क्षेत्र के शिवलोक कॉलोनी में स्थित विजय लाइब्रेरी में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। मिशन शक्ति अभियान के तहत हापुड़ पुलिस द्वारा नारी सुरक्षा, बाल सुरक्षा और साइबर जागरूकता के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना देहात की पुलिस टीम ने सोमवार को देहात क्षेत्र के शिवलोक कॉलोनी में स्थित विजय लाइब्रेरी में बच्चों के बीच पहुंचकर साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन ठगी से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान



महिलाओ उप निरीक्षक मनीषा चाहर, रश्मि, उप निरीक्षक नकुल चौहान व सनी सिंह मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों ने बच्चों को बताया कि इंटरनेट का सही और सुरक्षित उपयोग कैसे करें और किन-किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि वे साइबर अपराधियों के जाल में न फँसें। बच्चों को समझाया गया कि सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से बात न करें, अपनी निजी जानकारी, फोटो या बैंक से जुड़ी डिटेल किसी के साथ साझा न करें। पुलिस टीम ने उन्हें बताया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। महिला उपनिरीक्षकों ने मिशन शक्ति अभियान की भावना को समझाते हुए कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध पर नियंत्रण नहीं बल्कि समाज को जागरूक बनाना भी है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे अपने परिवार और दोस्तों को भी इन बातों से अवगत कराएं ताकि हर कोई साइबर सुरक्षित रह सके। विजय लाइब्रेरी में उपस्थित अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने थाना देहात पुलिस की इस पहल की प्रशंसा की। लोगों का कहना था कि इस तरह के अभियान बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं।

# बंद फैक्ट्री से ट्रांसफार्मर सामान समेत बड़ी चोरी, पुलिस जुटी जांच में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक बंद चादर फैक्ट्री से अज्ञात चोरों ने ट्रांसफार्मर का कीमती सामान चुरा लिया। यह घटना हाईवे-9 के पिलर नंबर 17-18 के समीप स्थित फैक्ट्री में अंजाम दी गई, जहाँ चोरों ने चारों गेटों के ताले तोड़कर अंदर से सामान ले गए।

फैक्ट्री मालिक राजेंद्र कुमार गोयल ने बताया कि फैक्ट्री लगभग पाँच वर्षों से बंद चल रही थी, हालाँकि उनका नियमित तौर पर आना-जाना लगा रहता था। रविवार सुबह जब वे फैक्ट्री पहुँचे तो गेटों के टूटे ताले और गायब सामान देखकर हैरान रह गए। फैक्ट्री के लंबे समय से बंद रहने के कारण चोरी हुए सामान की सही कीमत और मात्रा का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जाँच शुरू कर दी। सीओ अनीता चौहान के मुताबिक, आस-पास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जाँच की जा रही है और चोरी का पर्दाफाश करने के लिए एक विशेष टीम गठित कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# इंटरनेट मीडिया पर छाया आतंक का वीडियो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के कास्तला कासमाबाद क्षेत्र में एक युवक द्वारा तमंचा लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है। इस वीडियो में युवक को एक गली में हाथ में हथियार लिए खड़े देखा जा सकता है, जो फोन पर बात करने के साथ-साथ आसपास के लोगों को अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए दिख रहा है। इस वीडियो के प्रसारण के बाद से ही क्षेत्र के निवासियों में डर का माहौल है। स्थानीय लोगों का दावा है कि यह वीडियो पुराना है और इसमें दिख रहा युवक नशे की स्थिति में था। वीडियो में आसपास के लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है। सीओ अनीता चौहान ने स्पष्ट किया कि वीडियो की सत्यता और स्थान की पुष्टि होने के बाद शस्त्र अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह वीडियो क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना हुआ है और पुलिस संबंधित युवक की पहचान करने में जुटी हुई है।

**सूचना**

मैने गलत आचरण के चलते अपने पुत्र आदिल को पूर्व में अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था अब उसके आचरण में सुधार आ गया है इसलिए मैं अपना निर्णय वापस लेता हूँ।

जाकिर पुत्र कासिम निवासी ग्राम वार्ड न. 3 सीमापूरी कस्बा व तहसील खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नही है गलत आचरण के चलते मैं अपने पुत्र सलमान उर्फ राजा से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

युसूफ पुत्र अदरीश निवासी ग्राम सिंघावली अहीर जनपद बागपत।

# जनप्रतिनिधियों के भेजे गए पत्रों पर जवाब देना सुनिश्चित करें: किरण पाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समिति के सभापति किरण पाल कश्यप ने की। बैठक में जनपद शामली और मुजफ्फरनगर के जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

सभापति किरण पाल कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए पत्रों पर समयबद्ध और लिखित जवाब देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी के उत्तरदायित्व तय हैं, इसलिए जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाई जा रही





पाइपलाइनों के कारण जिन सड़कों को तोड़ा गया है, उन्हें शीघ्र दुरुस्त किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और खाद्य एवं रसद विभाग को पात्र लाभार्थियों को पूरा राशन समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सभापति ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए और कहा कि नई पीढ़ी को नशे से मुक्त रखने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। गन्ना विभाग को किसानों के लंबित भुगतान शीघ्र कराने तथा सहकारिता विभाग को खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि सड़कों पर घूम रहे निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में पहुंचाया जाए तथा उनके चारे-पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक के अंत में डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने समिति को आश्वस्त किया कि दिए गए सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाएगा।

इस अवसर पर एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम सत्एन्द्र सिंह, एडीएम न्यायिक परमानंद झा, एएसपी संतोष कुमार सिंह, सहित दोनों जनपदों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत बिल्डथन छात्रों ने प्रस्तुत किए शानदार प्रोजेक्ट



सत्य नारायण इं. का.





चंदन लाल नेशनल इं. का. कांधला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में सोमवार को शिक्षा मंत्रालय के निर्देशन में विकसित भारत बिल्डथन 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने-अपने नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यू-टड्ूब के माध्यम से किया गया, जिसके लिए कॉलेज में प्रोजेक्टर की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विकसित भारत के .ष्टिकोण को साकार करने हेतु अपने विचार और मॉडल प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने के लिए विद्यालय स्तर पर भी विद्यार्थियों को नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अध्यापकध्अध्यापिकाओं की एक टीम गठित की गई है, जिसमें सतीश आत्रेय, अनिल कुमार कश्यप, छवि शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल और पंकज पाल शामिल हैं। यह टीम समय-समय पर विद्यार्थियों के कार्यों की समीक्षा करेगी। प्रधानाचार्य ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर बने। उन्होंने उन्हें देश निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर फूल कुमार, लोकेन्द्र कुमार, सचिन संगल, प्रसून भार्गव, साकेत निर्वाल, जौली गर्ग, शिवानी शर्मा, अंजली जैन, ज्योति तायल, सुमन शर्मा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

**शामली।** शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार विकसित भारत बिल्डथन 2025 कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर शामली में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख जयदेव सिंह ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रातः 10 बजे से विद्यार्थियों ने दिए गए यूटड्ूब लिंक के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा।

इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बनत, उच्च प्राथमिक विद्यालय अम्बेटा रिन्दान, खेडकी, राझड़, अलीपुर, भैंसवाल, सीम्भालका, गौहरनी, गागौर, नौजली, खानपुर, मसावी, डागरौल, ब्रह्मखेड़ा आदि के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत जैसे विषयों पर अपने प्रोजेक्ट विचार प्रस्तुत किए। विद्यालयों द्वारा तैयार इन प्रोजेक्ट्स के वीडियो 13 से 30 अक्टूबर 2025 तक विकसित भारत पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। कार्यक्रम में बीएसए लता राठौर, खंड शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र सिंह, जिला समन्वयक जितेन्द्र सिंह, रोहतास कुमार, सुशील कुमार, एसआरजी सुनील तोमर मौजूद रहे।

**शामली।** कांधला स्थित चंदन लाल नेशनल इंटर कॉलेज में सोमवार को विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 का जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विज्ञान भवन, नई दिल्ली से भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से किए गए संवाद का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया।

कार्यक्रम में चंदन लाल नेशनल इंटर कॉलेज, हिंदू इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कांधला सहित कई विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार चौहान मुख्य अतिथि और डॉ। अमित मलिक प्रधानाचार्य विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

अनिल चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं, डॉ। अमित मलिक ने विद्यार्थियों को नवाचार और रचनात्मकता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



# सफाई कर्मियों की भर्ती में भ्रष्टाचार का सभासदों ने लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को नगर पंचायत बनत की बोर्ड बैठक में सभासदों ने सफाई कर्मचारियों की भर्ती में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। उन्होने कस्बे में चौपट साफ सफाई व्यावस्था पर भी सवालिया निशान उठाए है।

सोमवार को नगर पंचायत बनत के सभागार में अध्यक्ष कुसुम देवी की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बोर्ड बैठक में विभिन्न प्रस्तवों पर चर्चा शुरू हुई, लेकिन इससे पूर्व ही सभासद इकराम अली उर्फ मुन्नु ने चेयरमैन पर बिना बोर्ड के अनुमति के सफाई कर्मचारियों की भर्ती करने का आरोप लगाया। उन्होने कहा कि चेयरमैन ने अपने चेहते लोगों को नगर पालिका में भर्ती किया गया, जबकि बोर्ड के सदस्यों की अनदेखी की गई है। इसके अलावा सभासदों ने क्षेत्र में टूटी सडकों को गडढामुक्त न कराए जाने पर हंगामा किया। सभासदों ने बताया कि त्यौहारी सीजन चल रहा है, लेकिन नगर पंचायत की शिथिलता के चलते साफ सफाई व्यावस्था चौपट हो रही है। लोगों के घरों, दुकानों, मस्जिदों और मंदिरों के बाहर गंदगी फैली रही। नियमित साफ सफाई न होने से जनता परेशान है। अधिशासी अधिकारी देवकीनंदन ने सभासदों की समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। हंगामे के बीच बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास नही हो सके।

# विद्युत संविदा कर्मी संघ पदाधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होने विभागीय अधिकारियों पर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान न करने और कंपनी के ठेकेदारों पर कर्मचारियों का शोषण करने का आरोप लगाया है।

जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने कहा कि कर्मचारियों का वेतन समय से नही दिया जा रहा है। पीएफ सही समय से न मिलने से कर्मचारी परेशान है। जिसको लेकर अधीक्षण अभियंता के साथ बैठक को चुकी है, लेकिन आज तक



समस्या का कोई समाधान नही हुआ। उन्होने कंपनी के अधिका. रियों पर कर्मचारियों का शोषण करने का आरोप लगाया। कर्मचारियों के धरने पर अधीक्षण अभियंता ने पहुंचकर वार्ता की। जिसके बाद अधीक्षण अभियंता विरेन्द्र सिंह ने आश्वासन दिया कि सभी कर्मचारियों का वेतन जल्द दिलाया जाएगा। आगामी तीन दिनों के अंदर ईपीएफ का पैसा दिया जाएगा। कहा कि किसी भी कर्मचारी को कोई समस्या आती है तो उसका समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष हसन, इजमाम, ललित कुमार, रविपाल, मनोज, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक लोक नृत्य का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इस्कॉल प्रचार समिति महिला मंडल द्वारा जगन्नाथो प्रभोत्सव के अवसर पर संगीतमय सांस्कृतिक लोक नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें ओडिशा से आए अलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां दी।

गत रविवार देर शाम शहर के माजरा रोड स्थित एक बारातघर में इस्कॉल प्रचार समिति महिला मंडल द्वारा जगन्नाथो प्रभोत्सव के अवसर पर संगीतमय सांस्कृतिक लोक नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व व्यापाार नेता घनश्यामदास गर्ग ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया।

इस दौरान ओडिशा से आए अलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां दी। जिसमें गणेश वंदना, नवदुर्गा महोत्सव, शिव तांडव, भगवान के दश अवतार, का सुंदर मंचन हुआ। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भगवान जगन्ना की भव्य आरती से भक्तिमय वातावरण हो गया था। ओडिशा की पारंपरिक लोक एवं शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। जिनको देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए थे। इस अवसर पर घनश्यामदास गर्ग, रिशी अग्रवाल, विनय बंसल, प्रदीप सिंघल, विरेन्द्र गुप्ता, विपिन कुमार, रजत अग्रवाल, पुष्पा संगल, पूनम रानी, दीपा आदि मौजूद रहे।






# दिवाली मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम द्वारा देर रात्रि दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर दीपावली पर्व की शुभकामनाऐं दी गई। देर रात्रि शहर के कैराना रोड स्थित एक बारातघर में दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व कथा वाचक अरविन्द .ष्टा महाराज ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान शहर के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भगवान राम की झांसी प्रस्तुत की, जिससे कार्यक्रम का महौल भक्तिमय हो गया था। इस दौरान कार्यक्रम में भगवान के पात्रों की वेशभूषा पहनकर पहुंचे बच्चों को सम्मानित किया गया। मौके पर व्यापारी नेता अंकित गोयल, उद्यमी अनुज गर्ग, चेयरमैन झिंझाना सुरेशपाल कश्यप, चेयरमैन आईआईए विशाल गुप्ता, अजय संगल, रामकुमार वर्मा, मनीष भटनागर, अनुराग जैन, वैभव आदि मौजूद रहे।

# गंगोह-बिडोली मार्ग का हाल बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के प्रमुख मार्ग गंगोह-बिडोली रोड की हालत इतनी खस्ता हो चुकी है कि अब यह सड़क नहीं, बल्कि गड्ढों का मैदान बन चुकी है। खासतौर पर खोडसमा से बिडोली तक का लगभग 5 किलोमीटर का रास्ता पूरी तरह उखड़ चुका है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, यह स्थिति आने-जाने वाले यात्रियों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है। 20 मिनट का सफर तय करने में लोगों को अब दो घंटे तक का समय लग रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, जिनमें स्कूल बसें, ट्रैक्टर-ट्रॉली, बाइक और छोटे चारपहिया वाहन शामिल हैं। लेकिन सड़क की बदहाली के कारण आए दिन वाहन खराब हो जाते हैं, टायर फट जाते हैं और कई बार लोग गिरकर घायल भी हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय सड़क पर ग्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। कई बार दोपहिया वाहन चालक इन गड्ढों में फंसकर चोटिल हो चुके हैं। गांव खोडसमा, सकौती, और बिडोली के ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क क्षेत्र को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, लेकिन लंबे समय से इसकी मरम्मत नहीं हुई। उन्होंने बताया कि कई बार लोक निर्माण विभाग और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन अभी तक किसी ने सुध नहीं ली। ग्रामीणों का कहना है कि नेता चुनाव के समय तो सड़क निर्माण का वादा करते हैं, लेकिन जीतने के बाद कोई देखने नहीं आता। लोगों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।




# विकासभवन में युवा खिलाड़ियों को खेल किट की वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** युवा कल्याण विभाग शामली के तत्वाधान मे आयोजित खेलक. ूद सामग्री वितरण का कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार शामली में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम ग्राम से चयनित युवक एवं महिला मंगल दलों के सदस्यों द्वारा प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से माद्द मुख्यमंत्री जी के प्रेरणादाई संबोधन को देखा और सुना गया। विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रसन्न चौधरी, विधायक शामली व मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी द्वारा लाभार्थियों को खेल कीट का वितरण किया गया। इस कर्यक्रम के दौरान युवा कल्याण विभाग से हिमांशु अहलावत, आकाश पंवार युवा कल्याण अधिकारी एवं विनय सिंह जिला सलाहकार पंचायती राज विभाग आदि उपस्थित रहे।

# बुच्चाखेड़ी के डीलर पर उपभोक्ताओं का राशन हड़पने का आरोप



## तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर ग्रामीणों ने एसडीएम व आपूर्ति निरीक्षक से की राशन डीलर की शिकायत

**कैराना।** बुच्चाखेड़ी के ग्रामीणों ने डीलर पर प्रत्एक कार्ड धारक को तीन किलोग्राम राशन कम देने का आरोप लगाया है। उन्होंने एसडीएम व आपूर्ति निरीक्षक से मामले की शिकायत की है।

सोमवार को क्षेत्र के गांव बुच्चाखेड़ी के दर्जनों ग्रामीण प्रधानपति आजाद कश्यप के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज व आपूर्ति निरीक्षक मदनपाल सिंह को एक शिकायती-पत्र सौंपा। बताया कि उनके गांव में सरकारी राशन की दुकान है। प्रत्येक महीने राशन का वितरण कश्यप चौपाल के पास होता था, जिससे उपभोक्ताओं को राशन लेने में आसानी रहती थी। गांव में शिव मंदिर के पास में कई सरकारी दुकान बनी हुई है।

आरोप है कि उक्त डीलर राशन का वितरण ग्रामीणों के मकानों से दूर अपने घर पर कर रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आरोप है कि डीलर अपनी इच्छानुसार राशन की दुकान खोलता व बंद करता है। पत्र में आरोप है कि उक्त राशन डीलर गैर-कानूनी तरीके से प्रत्येक कार्ड धारक को तीन किलोग्राम राशन कम दे रहा है। ग्रामीणों ने राशन का वितरण नियमानुसार व शिवमंदिर के पास बनी सरकारी दुकानों पर कराने की मांग की है।

पत्र पर हरिचन्द, धीरसिंह, सलेक, अभिषेक, सुशील, सतीश, तेजपाल, सुभाष, सोनिया आदि के हस्ताक्षर अंकित है। वहीं, एसडीएम कैराना का कहना है कि तहसीलदार को मामले की जांच करके रिपोर्ट देने को कहा गया है।

## विद्युत विभाग ने मुआवजे के बिना काट दिए किसान के पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** गांव आकापुर फूसगढ में विद्युत विभाग द्वारा हाई वोल्टेज की 66000 वोल्ट की लाइन खींची जा रही है आरोप है कि विद्युत विभाग द्वारा किसान के 50 पेड़ भी काट दिए लेकिन उचित मुआवजा नहीं दिया इस संबंध में पीड़ित किसान द्वारा उप जिला अधिकारी को शिकायत कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। आकापुर फूसगढ के जंगल से विद्युत विभाग द्वारा 66000 वोल्ट की लाइन खींची जा रही है गांव निवासी किसान मानसिंह पुत्र मोल्हड का आरोप है कि उसके खेत में विद्युत विभाग द्वारा 40 पेड़ यूकेलिप्टस व नो पेड़ पॉपुलर जिनकी कीमत रुपये 200000 से ज्यादा है लाइन खींचने के लिए काट दिए तथा उसे दो बार किस्तों में 44000 व 46000 बैंक खाते में भेजे गए हैं जो उनके कीमत के अनुसार कम दिए गए हैं इस संबंध में पीड़ित किसान ने उप जिलाधिक. ारी को शिकायत कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# सभी गौशालाओं में पर्याप्त हरा चारा आदि व्यवस्था रहे दुरुस्त:डीएम

## जिलाधिकारी ने 29 गौशालाओं के नोडल अधिकारी वार समीक्षा कर दिए सुधार के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में जनपद की 29 गौशालाओं की नोडल अधिकारीवार समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने गौ संरक्षण के विषय में अधिकारियों को संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जनपद में कुल 29 गौशालाएं संचालित हैं जिनमें 16 ग्रामीण, 04 नगरीय अस्थायी गौ आश्रय स्थल, 05 वृहद गौ संरक्षण केंद्र, और 04 कान्हा गौशालाएं शामिल हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि गौशालाओं की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, अतिरिक्त शेड, बाउंड्रीवाल, खड़ंजे और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गौशालाएं केवल आश्रय स्थल नहीं, बल्कि करुणा और सेवा की पहचान हैं। इनके रखरखाव में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में उन्होंने गौशालाओं के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को स्थानांतरित करने, अक्रियाशील सोलर पैनलों को पुन: सक्रिय करने, और अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था को तुरंत सुधारने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि जनवरी 2025 से अब तक कुल 456 गौवंशों को सुरक्षित आश्रय प्रदान किया गया है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने नोडल अधिकारियों के निरीक्षणों में सामने आई कमियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी गौशालाओं में पर्याप्त हरा चारा, स्वच्छ पेयजल, और साफ-सुथरे बाड़े हर समय उपलब्ध रहने चाहिए। जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष बल देते हुए निर्देशित किया कि सभी CCTV कैमरे हर समय क्रियाशील रहें ताकि निगरानी में पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी तरह की अनियमितता या लापरवाही तुरंत पहचानी जा सके। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में अभिलेखों का रख-रखाव सटीक और अद्यतन होना चाहिए, जिससे प्रत्येक गौवंश का विवरण, स्वास्थ्य स्थिति, चारे आदि का पूरा ब्यौरा दर्ज रहे। उन्होंने यह भी दोहराया कि गौशालाओं में कार्यरत केयर टेकर और अन्य कर्मचारियों का समय से भुगतान अत्यंत आवश्यक है। समय पर पारिश्रमिक न मिलने से उनका मनोबल गिरता है और देखभाल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। बीमार पशुओं की स्थिति पर बात करते हुए उन्होंने चिकित्सकीय टीमों को निर्देशित किया कि किसी भी गौवंश को बीमारी या चोट की स्थिति में तुरंत उपचार मिले, ताकि कोई भी जीव असहाय या उपेक्षित महसूस न करे। उन्होंने सभी पशु चिकित्साधिकारियों एवं पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि वे गौशाला संबंधी बैठकों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और जमीनी स्तर पर निरंतर निगरानी रखें। बैठक में मुख्य मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक राहुल वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



# भाजपा नेता के घर में घुसकर हमला किया, घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी प्रशांत चौधरी और उनके परिवार पर जानलेवा हमला किया गया है। हमलावरों ने उनके घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला किया।

गंभीर रूप से घायल प्रशांत चौधरी व उनके परिवार वालों को रविवार रात को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले की जानकारी फैलते ही भाजपा कार्यकर्ता व पार्टी पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने अस्पताल पहुंच कर प्रशांत चौधरी व उनके माता-पिता का हाल चाल जाना। उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई की बात कही। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सभी भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। इस दौरान व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक रविन्द्र आर्य, समाजसेवी आकाश उपाध्याय, युवा नेता जंयत चौधरी, पवन शर्मा आदि ने अस्पताल जाकर भाजपा नेता का हाल जाना।

# जयपुर की टीम ने फुगाना की टीम को 9 पाइंट से हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में दितह्रय ढाका शूटिंग बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जयपुर की टीम ने फुगाना की टीम को 9 पाइंट से हराया।

ढिकोली गांव में द्वितीय ढाका शूटिंग बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विक्की नजफगढ़, कमल जयपुर, गगोह सहारनपुर, खुजराहों, रामपुर, तुगाना, सोनीपत, घिटौरा, जावली, साकरौद, पटौली आदि जगहों की टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उदधाटन एडवोकेट सोमेन्द्र ढाका ने किया प्रतियोगिता में जयपुर की टीम ने फुगाना की टीम को 9 पाइंट से हराकर ट्राफी अपने नाम की। इस मौकें पर बोलते हुए एडवोकेट सोमेन्द्र ढाका ने कहा कि बागपत की धरती खेल और खिलाड़ियों के लिए जानी जाती है यहा के युवा देश मे हर जगहा अपना परचम लहरा रहे है। प्रतियोगिता में रमेश, मोहित, बिततर, राहुल, विशेष आदि ग्रामीणों का सहयोग रहा।



# पीड़ित को हर सम्भव मदद करने का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** थाना दोघट के अन्तर्गत गांव गांगनोली पहुँचकर मस्जिद के इमाम मोलाना इब्राहिम की पत्नी दो मासूम बेटियो की निर्मम हत्या की खबर पाकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामहरी पंवार ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से पीड़ित मोलवी की प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से फोन पर वार्तालाप करायी और शोक सवेदनाए व्यक्त की। हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामहरी पंवार के नेतृत्व मे प्रतिनिधि मंडल के साथ पीडित परिवार से मिले। हृदय विदारक घटना को लेकर परिवार जनो के प्रति दुख प्रकट किया। अपनी सवेदनाए व्यक्त की हिम्मत धैर्य बधाया प्रतिनिधि मंडल मे पूर्व पी सी सी देवेन्द्र चौहान रामकुमार मुखिया बिजेन्द्र शर्मा रविन्द्र तोमर डा. शुभाष शोकेन्द्र तोमर औमवीर दुहण प्रवेज खान औकार दत्त आदि रहे।



# एक नजर

## खाद्य सुरक्षा टीम ने कराया मावा नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार व जिलाधिकारी अस्मिता लाल, के आदेश के अनुपालन में खाध सुरक्षा विभाग की टीम आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज पर्व के अवसर पर आम जनमानस को खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को सहायक आयुक्त डीपी.सिंह के पर्यवेक्षण में खाद्य सुरक्षा अधिकारी यज्ञ दत्त आर्य ने छापेमारी की। कैंटर गाड़ी के मालिक आस मुहम्मद की गाड़ी से मिलावटी होने की आशंका के आधार पर मीर हसन पुत्र हकीमु निवासी कुड़ाना थाना शामली जनपद शामली तथा मोनू मलिक पुत्र महमूद मलिक निवासी निवासी कुड़ाना, थाना शामली, जनपद शामली मावा का नमूना संग्रहित तथा अस्वस्थकर और अस्वच्छकर अवस्था में भंडारित लगभग 200 kg मावा कीमत 60000 को मौके पर ही नष्ट कराया गया। उपरोक्त नमूनो को जाँच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।



## विकास कार्यों में गति के साथ-साथ गुणवत्ता भी होनी चाहिए:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अपूर्ण 148 योजनाओं की प्रगति को तीव्र किया जाए ताकि तय समय सीमा में सभी परियोजनाएं पूर्ण हो सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि हर परियोजना स्थल पर योजना का विवरण बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाए, जिससे आमजन को पता चल सके कि उनके क्षेत्र में कौन से कार्य हो रहे हैं, किस संस्था द्वारा किए जा रहे हैं और कितनी लागत से पूरे होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में गति के साथ-साथ गुणवत्ता भी सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के साथ साथ संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे स्थलीय निरीक्षण नियमित रूप से करें और कार्यों की गुणवत्ता देखे। उन्होंने कहा कि विकास का वास्तविक अर्थ तभी है जब योजनाएं समय पर पूरी हों, गुणवत्तापूर्ण हों और जनता के जीवन को बेहतर बनाएं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से कहा कि योजनाओं के निष्पादन में पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक योजना की अद्यतन स्थिति पोर्टल पर समय से अपलोड की जाए। विभाग समन्वय से कार्य करे और सुनिश्चित करे कि परियोजनाएं बेहतर ढंग से धरातल पर आकार ले। जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा की उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जनमानस को जागरूक करें और पीएम सूर्य घर योजना जैसी योजना से लाभान्वित लेने के लिए आवाहन करें उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को हर किसी का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव परियोजना निदेशक राहुल वर्मा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अतुल कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## युवाओं को खेलों से जोड़ा जाए और हर स्तर पर खेल संस्कृति को प्रोत्साहित किया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वहीं यूपी पुलिस ने इंटरनेशनल पुलिस गेम्स में सर्वाधिक पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि अब तक प्रदेश में 80 हजार मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री प्रदान की जा चुकी है, और हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि हर विकासखंड पर मिनी स्टेडियम और जनपद स्तर पर स्टेडियम निर्माण सरकार की प्राथमिकता में है, साथ ही ओपन जिम का निर्माण भी तेज़ी से हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सरदार/150 अभियान के अंतर्गत एक लाख से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया है। साथ ही, 6 अक्टूबर से प्रारंभ युवा साथी एकीकृत पोर्टल पर 12 लाख 64 हजार से अधिक युवाओं का पंजीकरण हुआ है, जिससे युवाओं को विभिन्न योजनाओं और अवसरों की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध हो रही है। वहीं लाइव प्रसारण उपरांत सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने बागपत को खिलाड़ियों की भूमि बताते हुए कहा कि जिले की खेल प्रतिभा की निखरने की शुरुआत युवक मंगल दलों से होती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नौजवान को आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए और इसके लिए यह प्रोत्साहन सामग्री अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जोड़ा जाए और हर स्तर पर खेल संस्कृति को प्रोत्साहित किया जाए। सांसद डा.राजकुमार सांगवान एवं मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव ने विभिन्न गांवों में गठित 21 युवती मंगल दलों एवं 11 युवक मंगल दलों सहित कुल 32 मंगल दलों को खेल सामग्री वितरित कर उन्हें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के सर्वोच्च युवा पुरस्कार विजेता अमन कुमार के कार्यों की सराहना करते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सांसद ने कहा कि जनपद के युवा अपनी प्रतिभा के बल पर प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। बागपत के युवा सभी क्षेत्रों में आगे बढ़े इसके लिए शुभकामनाएं दी।

# प्रत्येक योजना का उद्देश्य जनता के जीवन में ठोस सुधार लाना:जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में संचालित विकास कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करते हुए जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सीएम डैशबोर्ड विकास कार्यों एवं 10 लाख से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में 15 कार्यदायी संस्थाओं की कुल 273 विकास योजनाओं की स्थिति पर विभागवार समीक्षा की गई, जिनमें से 125 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्य सरकार की प्राथमिकता हैं और प्रत्येक योजना का उद्देश्य जनता के जीवन में ठोस सुधार लाना है, इसलिए पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता, तीनों पर समान रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि जो भी परियोजनाएं जनपद में बनाई जा रही है उन पर अच्छी गुणवत्ता के साथ कार्य होना चाहिए और उनकी आयु अच्छी हो उन्होंने उदाहरण के रूप में जाट कॉलेज बागपत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ौत नगर पालिका जैसी बिल्डिंगों के उदाहरण दिए। उन्होंने कहा आज के समय में जो बिल्डिंग बन रही हैं वह बहुत जल्दी अत्यधिक जर्जर होती है। इसलिए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। थर्ड पार्टी का द्वारा इंस्पेक्शन अवश्य किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की दिव्यांगों के दृष्टिगत रैंप रेलिंग सीधी आदि का विशेष ध्यान रखा जाए। इंजीनियरिंग का प्रयोग अवश्य करें जिन बिल्डिंगों में भी कार्य हो रहे हैं वहां पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग अवश्य बनाई जाए। बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार, जनपद की 273 परियोजनाओं पर कुल 1408.36 करोड़ की धनराशि स्वीकृत है, जिसमें से 932.34 करोड़ पहले ही अवमुक्त की जा चुकी है। इन योजनाओं में यूपी राजकीय निर्माण निगम की 2, जल निगम शहरी की 5, राज्य सेतु निगम लिमिटेड की 4, यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड की 2, यूपी सिडको की 4, सी एंड डीएस की 9, लोक निर्माण विभाग की 25, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की 5, मंडी परिषद की 3, यूपी पुलिस आवास निगम की 1, राज्य निर्माण सहकारी संघ की 5, राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ की 4, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा की 21, यूपी वक विकास निगम की 1, और यूपी जल निगम ग्रामीण की 182 योजनाएं शामिल हैं।



# शीशपाल के निधन पर जनप्रतिनिधियों में शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** दोघट कस्बा निवासी अमर उजाला बड़ौत के पत्रकार मुकेश पंवार के पिता शीशपाल सिंह के निधन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया। सांसद डा.राजकुमार सांगवान, पूर्व विधायक वीरपाल राठी, रालोद नेता विश्वास चौधरी, वीरेंद्र राणा ने दोघट पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की और परिवार को ढांढस बंधाया। इसके अलावा कांग्रेस शहराध्यक्ष रामहरि, कांग्रेस नेता देवेंद्र चौहान, वनस्थली पब्लिक स्कूल के संचालक हर्षित जैन, उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री नवनीत जैन, जनता वैदिक डिग्री कॉलेज की प्रोफेसर डा. गीता रानी, पूर्व प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह तालियान, गुल्लू प्रधान दाहा, नीटू सभासद, माठू पहलवान, राजकुमार शर्मा, ओंकार दत्त व रामपाल मुखिया आदि लोगों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की।

# मां ने बच्चों की लंबी उम्र के लिए रखा अहोई अष्टमी का व्रत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सोमवार को अहोई अष्टमी पर्व पर महिलाओं ने अपने पुत्रों की लंबी आयु की कामना करते हुए अहोई अष्टमी का व्रत रखा महिलाओं ने अपनी संतानों की सुख स्मृति और लंबी आयु की कामना के लिए महिलाओं ने उपवास रखा। वही बाजार बच्चों से संबंधित वस्तुओं की खरीदारी की भी बाजारों में भीड़ भाड़ अधिक रही। गांव जागौश में सम्मानित बुजुर्ग चंद्रों कौशिक ने महिलाओं को अहोई अष्टमी की कथा भी सुनाई सभी महिलाएं अपने बच्चों की सलामती के लिए बड़ी उत्साहित नजर आई महिलाओं पूजा करते हुए अपने बच्चों को आशीर्वाद दिया। अहोई अष्टमी की कथा सुनने वालों में अनीता कौशिक जागौश बबली कौशिक कुसुम देवी बबीता देवी काजल कौशिक साक्षी कौशिक रीना देवी रेखा देवी आदि महिलाओं ने उपवास रखकर अहोई अष्टमी की कथा सुनी गई। इस मौके पर समाजसेवी महिला अनीता कौशिक ने कहा कि अहोई अष्टमी का त्यौहार एक साल में एक बार आता है। इस त्यौहार को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार सभी महिलाएं अपने बच्चों की सलामती के लिए अहोई माता की कथा सुनकर अपने बच्चों को आशीर्वाद देती है और अपने बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लेती है।



# किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिन के अंदर कराया जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के सिरसलगढ़ गांव में सांसद डा.राजकुमार सागवान का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह उज्जवल के आवास पर हुई सभा में रालोद गरीब किसान मजदूरों के हितों के लिए दिन रात कार्य कर रहा हैं। पार्टी अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी दिल्ली में किसानों की आवाज बुलंद कर रहे हैं। सभा में उन्होंने सभी से रालोद से जुड़कर पार्टी को मजबूत बनाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नही रहेगी। किसानों के गन्ने का समय पर भुगतान समय पर कराया जायेगा। उन्होंने बिनौली से लेकर केडवा तक सड़क का चौड़ी कराने और गांव के शिव मंदिर से चिरचिटा तक कच्चे रास्ते पर सीसी रोड़ और दिल्ली तक रोडवेज बसों का संचालन कराने का भी ग्रामीणों को आश्वाशन दिया, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नौकरी आदि व्यवसाय करने में दिल्ली जाने में कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा बागपत लोकसभा क्षेत्र में हरियाणा की तर्ज पर विकास होगा। किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिन के अंदर कराया जाएगा। अध्यक्षता बाबा सुखबीर सिंह ने की सभा मे डा.राहुल उज्जवल महामंत्री चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, जिला पंचायत सदस्य धनपाल उज्जवल, सुखपाल सिंह जितेंद्र, जयपाल, नेपाल, रामकुमार, हरपाल सिंह, हरफूल , डायरेक्टर सतबीर आदि उपस्थित रहे।



# संजय जैन को असिस्टेंट गवर्नर चुना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में रोटरी इंटरनेशनल की बड़ौत शाखा के पदाधिकारी संजय जैन मूलचंद जैन पाइप वालों को रोटरी इंटरनेशनल के मंडल 3100 का असिस्टेन्ट गवर्नर बनाया गया।

श्री जैन को वर्ष 2026 - 27 के लिए असिस्टेंट गवर्नर चुना गया। संजय जैन को यह पद मिलने की सूचना मिलते ही बड़ौत शाखा के सदस्यों एवं पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ने संजय जैन को बधाई दी गई है। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3100 की गवर्नर पायल गौर ने संजय जैन को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए समर्पण और मेहनत से काम करने की प्रेरणा दी जिससे डिस्ट्रिक्ट 3100 नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे। रोटरी 3100 के अध्यक्ष गौरव चौधरी, सेक्रेटरी अखिल जैन और राजन शर्मा, जितेंद्र जैन, सुभाष जैन, मंजीत सिंह के साथ अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने संजय जैन के घर जाकर उन्हें असिस्टेन्ट गवर्नर बनने पर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इमेज चेयरपर्सन प्रभात कुमार जैन ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल जन सेवा के विभिन्न कार्यों, महिला सशकितकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है



# युवाओं ने उत्साह के साथ सुना मुख्यमंत्री का युवा संदेश

**शाह टाइम्स संवाददता**

**बागपत।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल विभाग द्वारा जिले के युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष डॉक्यूमेंट्री का भी प्रसारण हुआ जिसने युवाओं में उत्साह और गर्व की भावना का संचार किया। जनपद के विभिन्न युवक एवं युवती मंगल दलों के युवाओं ने प्रतिभाग कर संदेश सुना एवं सांसद से खेल सामग्री पाई। जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में कुल 488 युवक एवं युवती मंगल दल गठित है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाइव प्रसारण में युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि गांवों में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि आज वितरित की गई सामग्री इन गतिविधियों को गति देने में अत्यंत सहायक होगी। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आहवान किया कि वे खेलकूद के साथ-साथ सांस्कृतिक आयोजन, लोक गीत, लोक गायन एवं पारंपरिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करें, क्योंकि यह हमारी परंपराओं के संरक्षण और संवर्द्धन में सहायक हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश अभियान में हमें 40 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं जिसमें युवाओं की भागीदारी सराहनीय रही और अभी भी सुझाव भेज सकते है। जब 2047 में देश आज़ादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब उस भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। भारत सरकार के माय भारत पोर्टल पर 13.5 लाख से अधिक प्रदेश के युवाओं को पंजीकरण के लक्ष्य के अनुरूप 16 लाख युवाओं ने पंजीकरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगल दलों के माध्यम से युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश ने भारत सरकार के यूथ पार्लियामेंट एवं युवा उत्सव में भाग लेकर अपनी प्रतिभा से देशभर में पहचान बनाई है। उन्होंने कहा खेल अब केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का आधार बन रहे हैं। प्रदेश के कई युवा अब खेलों के माध्यम से सरकारी नौकरियों में चयनित हो रहे हैं।



# नाबालिगों से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

■ सरुरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में सीने में लगी गोली





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** दो बच्चियों के साथ रेप के मामलें में फरार चल रहे आरोपी के साथ सोमवार सुबह सरूरपुर थाना क्षेत्र में मुठभेड़ हो गई, गोली लगने से घायल हुए आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी कई महीने से फरार चल रहा था।

गुरूवार को आरोपी ने पीड़िता के घर पर फायरिंग की थी, जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने मृतक का शव पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। थाना बहसूमा क्षेत्र के गांव में नौ माह पूर्व एक बच्ची के साथ गांव के दो युवको ने बहला-फुसलाकर गैंगरेप किया था। इस मामलें में गांव मोहद्दीनपुर शाकिस्त थाना बहसूमा निवासी शहजाद उर्फ निक्की पुत्र रहीसुद्दीन उर्फ पप्पू फरार चल रहा था। जिसकी पुलिस कई महीनों से तलाश कर रही थी। दो दिन पूर्व शहजाद ने फैसले के दवाब बनाने के लिए पीड़िता के घर फायरिंग की थी, जिससे पुलिस विभाग ने उसकी तलाश तेज शुरू कर दी थी। सोमवार सुबह सरूरपुर थाना रजवाहे के पास गश्त कर रही थी, तभी बाइक सवार दो युवक को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी, जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली से एक युवक घायल हो गया, जिसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल मेरठ में रेफर कर दिया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पुलिस ने आरोपी के पास से पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद किया है। मृतक की पहचान शहजाद उर्फ निक्की पुत्र रहीसुद्दीन उर्फ पप्पू के रूप में हुई, पुलिस आरोपी की कई दिनों से तलाश में लगी हुई थी। मुठभेड़ की जानकारी मिलते ही मौके पर एसपी देहात अभिजीत कुमार सीओ आशुतोष कुमार भी मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, और मामलें की जानकारी जुटाई। एनकाउंटर की सूचना पर एसएसपी विपिन कुमार टाडा ने भी जिला अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी हासिल की, जिला अस्पताल से ही पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। गौरतलब है आरोपी शहजाद दो बच्चियों के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था, नौ महीनों से आरोपी फरारी काट रहा था। इसी बीच दो दिन पूर्व उसने पीड़िता के घर फायरिंग करते हुए फैसले का दवाब बनाया था। डीआईजी ने इस मामलें में कड़ी नाराजगी जताई थी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को हर संभव जगह पर तलाशना शुरू कर दिया था।

### 25 हजार का इनामी बदमाश था मृतक शहजाद

पुलिस मुठभेड़ में मारे गए शहजाद उर्फ निक्की का आपराधिक रिकार्ड रहा है, बच्ची के साथ गैंगरेप के मामलें में पांच साल जेल काट चुका है। जेल से बाहर आने के बाद एक महीनें के अंदर ही एक बच्ची के साथ आरोपी ने दुबारा रेप किया था, साथ ही पीड़िता के घर पर फायरिंग करते हुए फैसले का दवाब बनाया था। जिस मामले में बहसूमा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 25 हजार का इनाम घोषित किया था। शहजाद के खिलाफ कई आपराधिक मामलें जिसमें लूट-हत्या का प्रयास व गैंगरेप जैसे गंभीर मामले दर्ज है। वहीं क्षेत्र में घटना को लेकर काफी चर्चा है।

## हर्रा नगर पंचायत में हुई संगोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हर्रा।** शासन के निर्देशों के तहत सोमवार को नगर पंचायत हर्रा कार्यालय परिसर में विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, शताब्दी संकल्प-2047 के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत हर्रा के अध्यक्ष कुंवर मोहम्मद अली ने की, जबकि अधिशासी अधिकारी नीति गुप्ता सहित समस्त सभासदों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। संगोष्ठी में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास संबंधी सुझाव साझा किए गए। साथ ही उपस्थित लोगों को शासन द्वारा जारी QR कोड के माध्यम से अपने सुझाव देने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के सभी सभासद, अधिकारी, कर्मचारी व नगर के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## विवादित भूमि को कब्जा मुक्त कराने पहुंचे अधिशासी अधिकारी की हुई नोंकझोंक

■ युवक ने कोर्ट से स्टे होने की बात कहते हुए किया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** सोमवार को अधिशासी अधिकारी लावड़ चौकी पुलिस को साथ लेकर एक विवादित भूमि को कब्जा मुक्त कराने पहुंचे। इसी बीच कुछ युवकों से उनकी जमकर नोंकझोंक हुई। मिली जानकारी के अनुसार कस्बे में मीठेपुर मार्ग पर बिलाल मस्जिद के निकट लगभग छ सौ गज भूमि है जिसके मालिकाना हक को लेकर काफी लंबे समय से नगर पंचायत लावड़ व शमीउद्दीन रिजवी के बीच कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन चल रहा था, बताया जाता है कि बीते दिनों मेरठ लोअर कोर्ट से शमीउद्दीन रिजवी मुकदमा जीत गए थे हालांकि काफी लंबे अरसे से ही इस विवादित भूमि पर शमीउद्दीन का ही कब्जा चला आ रहा है। लावड़ नगर पंचायत ने मेरठ कोर्ट से मुकदमा हारने के बाद हाईकोर्ट में अपील की जो अभी भी हाईकोर्ट में विचाराधीन है, ओर कोई भी निर्णय नहीं हो पाया है। शमीउद्दीन ने बताया कि उन्हें इस भूमि पर स्टे भी मिल चुका है। यह भूमि उनके परिवार की है और कई अर्से से उन्हीं का कब्जा चला आ रहा है।

इसमें काफी पुराना एक कारखाना भी लगा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अभी तक कोर्ट से नगर पंचायत को कोई राहत या कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है उसके बाद भी अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार स्थानीय पुलिस ओर नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर वहां पहुंच गए और जबरन वहां रखा खोका व कारखाना हटाने के लिए दबाव बनाने लगे। आरोप है कि कोर्ट से अभी तक नगर पंचायत लावड़ को कोई भी आदेश प्राप्त नहीं हुआ है जिससे भूमि को कब्जा मुक्त कराया जा सके। शमीउद्दीन ने बताया कि कोर्ट का जो भी फैसला होगा वो उन्हें मान्य होगा। इसी बात को लेकर अधिशासी अधिकारी ओर शमिउद्दीन के बीच पुलिस की मौजूदगी में ही जमकर नोकझोक हुई इस बीच शमिउद्दीन बार-बार कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कब्जा हटाने को मना करते रहे वहीं अधिशासी अधिकारी भी डटे रहे और कब्जामुक्त कराने के बाद ही जाने की बात कही जिसके बाद चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने हस्तक्षेप कर सरकारी नाले पर रखे सामान को अतिक्रमण बताते हुए वहां से हटवाकर पीछे कराया। वहीं अधिशासी अधिकारी कुछ समय का टाइम देते हुए सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए चले गए। अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि मीठेपुर मार्ग पर जो भूमि है वो नगर पंचायत की है इस संबंध में हाईकोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है लेकिन कुछ लोगों द्वारा जबरन दुकान लगाकर कब्जा किया जा रहा है। नाले पर भी अतिक्रमण किया हुआ था जिसे हटाया गया है। **इन्होंने कहा....** शमीउद्दीन ओर नगर पंचायत के बीच भूमि का विवाद चला आ रहा है जिसमें 2022 में शमीउद्दीन कोर्ट से मुकदमा जीते थे उसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की गई थी।

अधिशासी अधिकारी द्वारा अतिक्रमण होने की सूचना मिली थी मौके पर पहुंचकर नाले से अतिक्रमण हटवाया गया है।

**जितेंद्र कुमार**
**चौकी प्रभारी लावड़।**

## दो लापता किशोर सोहराब गेट से मिले, पुलिस ने परिजनों को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** खंद्रावली गांव से रविवार सुबह लापता हुए दो किशोरों को देर शाम मेरठ के सोहराब गेट बस स्टैंड से बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों किशोरों को उनके परिजनों को सौंप दिया है।

खंद्रावली निवासी सयान (11) पुत्र शान मुहम्मद और सुबहान (10) पुत्र मुहम्मद जाहिद रविवार सुबह करीब 7 बजे घर से इस्लामी मदरसे जाने की बात कहकर निकले थे। हालांकि, छुट्टी के बाद भी वे घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने मदरसे जाकर पता किया, तो जानकारी मिली कि दोनों किशोर उस दिन मदरसे नहीं आए थे। दिनभर तलाश करने के बाद चिंतित परिजनों ने शाम को माछरा पुलिस चौकी पर इसकी मौखिक सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई। इंस्पेक्टर ने तत्काल दो टीमें गठित कर किशोरों की तलाश शुरू की। पुलिस टीमों ने ग्रामीणों से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसके बाद वह मेरठ शहर पहुंचीं। मेरठ में पुलिस को सोहराब गेट बस स्टैंड पर दोनों किशोरों के देखे जाने की जानकारी मिली। पुलिस ने परिजनों से पहचान कराने के बाद किशोरों को किठौर थाने ले जाकर ऑपरेशन मुस्कान के तहत उनके परिवार को सौंप दिया।

### कल डॉ. हिमानी अग्रवाल सर्किट हाउस में करेंगी महिला सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव ने बताया कि महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने, महिलाओं की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग का सदस्या डॉ. हिमानी अग्रवाल दिनांक 15 (बुधवार) 10.30 बजे सर्किट हाउस में महिला जनसुवाई की जाएगी। जिस महिला का भी उत्पीड़न हो रहा है वह अपनी समस्या उन्हे बताए।

## कृषि विवि में आज से 16 तक लगेगी कृषि उद्योग प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कृषि विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय में 14 से 16 अक्टूबर तक आयोजित अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के सम्बन्ध में विवि के कुलपति डॉ. के.के. सिंह द्वारा सोमवार को एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया।

जिसमें कुलपति डॉ. के.के. सिंह ने बताया कि इस बार मेले का मुख्य आकर्षण पशु प्रदर्शनी होगी। मेले में हरियाणा से उच्च नस्ल की भैंसे प्रदर्शन के लिए आ रहे हैं। इस अवसर पर फल-फूल, शाकभाजी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। किसान मेले का उद्घाटन प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख करेंगे। निदेशक प्रसार पी.के. सिंह ने बताया कि किसान मेले में करीब 25 हजार किसानों को लाने का प्रयास किया जा रहा हैं। उन्हें लाने के लिए विश्व विद्यालय की तरफ से 93 बसों की व्यवस्था की गई है। किसान मेले में 150 से अधिक स्टॉल लगाने की व्यवस्था की गई हैं। उन्होंने बताया कि मेले में कृषि उद्योग प्रदर्शनी, शोध केन्द्रों पर परीक्षण एवं प्रदर्शन, रबी फसलों एवं सब्जियों के उन्नतशील प्रजातियों के बीजो की बिक्री, आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, कृषि समस्या समाधान हेतु विचार गोष्ठी एवं विशेषज्ञों के व्याख्यान तथा पशु प्रदर्शनी, ड्रोन का सजीव प्रदर्शन आदि आकर्षण होंगे, जिनके माध्यम से किसानों को उचित जानकारी दी जायेगी। पशु प्रदर्शनी एवं फल फूल, शाकभाजी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन 14 एवं 15 अक्टूबर को किया जाएगा। साथ ही किसानों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है।

## किसी भी प्रतिस्प्रर्धा में हार नाम की कोई चीज नहीं होती: डॉ. राजीव त्यागी

■ तीन दिवसीय 18वीं यूपी स्टेट 'रोल बॉल चैम्पियन शिप-2025' का शानदार समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वैकटेश्वरा संस्थान के प्रायोजन एवं उत्तर प्रदेश रोल बॉल एसोसियेशन के सयुंक्त तत्वाधान में आईआईएमटी स्पोर्ट्स परिसर में आयोजित तीन दिवसीय 11 से 13 अक्टूबर तक चली। यूपी स्टेट रोल बॉल चैम्पियनशिप 2025 का शानदार समापन हो गया।

इस तीन दिवसीय यूपी स्टेट रोल बॉल चैम्पियनशिप में पूरे प्रदेश से दस महिला बालिका टीमो एवं 14 पुरूष बालक टीमों समेत कुल 24 टीमों ने प्रतिभाग किया। सोमवार को हुए फाइनल मुकाबले में पुरूष वर्ग में आगरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुरादाबाद की टीम को 10-1 से हरा दिया। अब तक टूर्नामेंट में अजेय रही टीम मुरादाबाद की टीम को रजत ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में मेरठ टीम ने गाजियाबाद की टीम को 10-2 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। मुख्य अतिथि डॉ. राजीव त्यागी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि वैक्टेश्वरा विवि के प्रतिकुलाधिपति एवं किक बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेशनल वाईस प्रैसीडेंट डॉ. राजीव त्यागी ने खिलाड़ियों के परिचय प्राप्त कर एवं टॉस करके फाइनल मैंच का शुभारंभ किया। अपने सम्बोधन में खिलड़ियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि जीवन में हम जब तक भी किसी प्रतिस्प्रर्धा में हिस्सा लेते है तो या तो हम जीतते है, या फिर सीखते है कि हमारे प्रदर्शन में कहा कमी रह गई। किसी भी प्रतिस्प्रर्धा में हार नाम की कोई चीज नहीं होती। इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाये। इस अवसर पर जिला रोल बॉल एसोसियेशन के अध्यक्ष सक्रेटरी कपिल कुमार, मुख्य कोच शुभम कश्यप, वेकटेश्वरा के रजिस्ट्रार विकास कौशिक, दीपक कुमार, ब्रजपाल सिंह, मेरठ परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा और मैनेजिंग मैनेजर बबीता कुमार, जिला सचिव आकांशा शर्मा, यूपी रोल बॉल एसो. के अध्यक्ष पायलेट राकेश त्यागी आदि लोग उपस्थित रहे।

## करंट लगने से मरे दंपती परिवार की ग्राम प्रधानों ने की आर्थिक मदद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** अफजलपुर पावटी में रेखा और उसके पति प्रमोद करंट लगने से पति-पत्नी की मौत हो गई थी। जिसमें सभी राजनीतिक और गैर राजनीतिक लोगों ने परिवार वालों की मदद की। वहीं पूर्व ग्राम प्रधान पावटी कुमार ने भी परिवार के साथ रात और दिन खड़े हैं।

सोमवार को जानी ब्लॉक के पच्चीस गांव के ग्राम प्रधानों ने सोमवार को पीड़ित परिवार को 55 हजार की आर्थिक सहायता देकर मदद की और कहा की वह पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है। इस मौके पर ग्राम प्रधान पावटी मनोज जानी, वेदपाल फौजी, रविंद्र कुमार, प्रशांत कुमार मोरना, संदीप कुमार बहरामपुर, विक्रम रावा मोहम्मदपुर, प्रमोद कुमार सतवाई, पुष्पेंद्र प्रधान अघेडा, अनिल प्रधान पेपला, विनोद प्रधान किठोली, सेंसर डालुहैडा, जानी प्रधान पंचगांव सत्येंद्र, यासीन प्रधान साले नगर, आजाद वीर खानपुर, धर्मेंद्र प्रधान पांचली, मुकेश प्रधान शिवपुरा, प्रमोद प्रधान घाट, सतीश कुमार सोरका, नन्द कुमार बाफर, महराज प्रधान कलंजरी आदि प्रधान मौजूद रहे।

### मेरठ में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी बनने का सुनहरा अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. वी. के. सिंह ने बताया कि मेरठ में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) मेरठ के दो रिक्त पदो के सापेक्ष नियुक्ति हेतु विधि परामर्शी निर्देशिका के प्रस्तर-7 में दिये गये प्राविधानों के अंतर्गत 13 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक सांय पांच बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी के लिए सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी के पद हेतु न्यूनतम 7 वर्ष का अनुभव फौजदारी न्यायालयों में वकालत करने का होना चाहिए, आवेदक की आयु 59 वर्ष से कम होनी चाहिए, आवेदक पहले से किसी सरकारी या गैर सरकारी वैतनिक पद पर कार्यरत न हो, यदि कोई आवेदक ओथ कमिश्नर नोटरी विवाह अधिकारी एमिक्स क्यूरी काजी या राजकीय आदाता अथवा किसी कॉलेज में पूर्ण कालिक प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हो तो उसे वर्तमान पद से त्याग पत्र देना होगा, आवेदक एक शपथ पत्र अपने चरित्र, व्यवसायिक आचरण तथा सत्यनिष्ठा के सम्बन्ध में प्रस्तुत करेगा कि उसका कोई अपराधिक इतिहास नहीं रहा है, तथा वह किसी भी न्यायालय से दोष सिद्ध नहीं हुआ है, और न ही उसके विरूद्ध कोई अभियोग किसी न्यायालय में विचाराधीन है, सरकारी शासकीय अधिवक्ता की आबद्धता की यह भी शर्त होगी कि उसको निजी प्रैक्टिस का अधिकार नहीं होगा। सरकारी अधिवक्ताओं की निर्धारित अवधि के लिये व्यवसायिक आबद्धता के रूप में ही की जायेगी और राज्य सरकार डीएम को किसी भी समय बिना कारण बताये समाप्त करने का अधिकार होगा।

## तक्षशिला पब्लिक स्कूल ने संस्कृत गायन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल ने भारत विकास परिषद् मेरठ मेन शाखा द्वारा प्रान्तीय स्तर पर आयोजित हिन्दी एवं संस्कृत राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में संस्कृत में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता मुजफ्फरनगर स्थित श्रीराम कॉलेज में आयोजित हुई जिसमें 20 से अधिक विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व विद्यालय ने आईएमए हॉल बच्चा पार्क, मेरठ में जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में हिन्दी समूह गान में प्रथम व संस्कृत समूह गान में द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रांतीय स्तर के लिए प्रवेश किया था। इस प्रतियोगिता में तक्षशिला पब्लिक स्कूल ने संस्कृत समूहगान में शानदार प्रस्तुति दी एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें शानवी गुप्ता, तनिष्का सिंह, हंसी राना, परी मोहन, हिताक्षी तनेजा, लक्ष्य, पर्व, कार्तिक तथा सिद्धार्थ ने शानदार प्रस्तुति दी। विद्यालय की इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह तथा प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने सभी बच्चों व उनके मार्गदर्शक व संगीत के अध्यापक मयंक गौड़ व अध्यापिका आराधना शर्मा को बधाई दी व सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## तामीर-ए-हयात सोसाइटी के उपाध्यक्ष तसलीम अहमद खान एडवोकेट के देहांत पर शोक सभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** तामीर-ए-हयात सोसाइटी सरधना के उपाध्यक्ष तसलीम अहमद खान एडवोकेट के देहांत पर मौहल्ला बूढा बाबू सरधना में डॉ. फुरकान सरधानवी के आवास पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिस की अध्यक्षता सोसाइटी के अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद रिजवान ने की तथा संचालन सोसायटी के सचिव डॉ. फुरकान सरधानवी ने किया।

सभा की शुरुआत नायला मिर्जा ने नात पाक से की। इस के बाद सोसाइटी के सदस्य पूर्व चेयरमैन असद गालिब ने अपने विचार रखते हुए बताया कि मरहूम तस्लीम एडवोकेट साहब केवल अच्छे अधिवक्ता ही नहीं बल्कि बहुत अच्छे इंसान भी थे और वो समाज सेवा के लिए भी हमेशा आगे रहते थे। हाजी आरिफ ने बताया कि तस्लीम एडवोकेट साहब से उनके बहुत घनिष्ठ सम्बन्ध थे वो हमेशा खुश रहते थे और दूसरों के काम आते थे और सभी के दुख सुख में बराबर के शरीक रहते थे। इंजीनयर रियाजुद्दीन ने बताया कि वो मिलनसार, महमान नवाज और उत्तम स्वभाव वाले व्यक्ति थे। सोसाइटी के सचिव डॉ. फुरकान सरधनावी ने बताया कि तस्लीम एडवोकेट साहब का सरधना के एक प्रतिष्ठित व्यक्तियों में शुमार होता था। वो उसूलों के पक्के और साफ दिल इंसान थे साथ ही अच्छे वकील होने की साथ-साथ वो हास्य एवम व्यंग के अच्छे शायर एवमं कवि भी थे। उनके इंतकाल से सोसाइटी और सरधना के उर्दू एवम हिंदी साहित्य का भी बड़ा नुकसान हुआ है। बड़े बेटे नदीम खान ने बताया कि उनके वालिद खुश मिजाज और जिंदा दिल इंसान थे। नमाज के पाबन्द और निहायत ईमानदार और दूसरों के दुख को अपना दुख समझने वाले इंसान थे। इन के अलावा अलाउद्दीन मिर्जा, मौलाना रिजवान, डॉ. खालिद, डॉ. शाकिर हसन आदि ने भी मरहूम के तअल्लुक से अपने विचार रखे। डॉ. खालिद ने लन्दन से सोसाइटी के सदस्य इंजीनियर आबिद कुरैशी एवमं मेरठ से सोसाइटी के कोषाध्यक्ष तमसील अहमद खान के भेजे हुए शोक संदेश पढ़ कर सुनाए। आखिर में मौलाना मोहम्मद रिजवान ने मरहूम के लिए मगफिरत की दुआ कराई।

### डीआईजी के नेतृत्व में मेरठ रेंज पुलिस का एक्शन

## अपराधियों पर कहर: 266 मुठभेड़ें, 453 गिरफ्तार-7 ढेर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डीआईजी कलानिधि नैथानी के सख्त तेवरों के आगे अपराधियों की कमर टूटती नजर आ रही है। वर्ष 2025 के दौरान मेरठ रेंज में पुलिस ने अब तक 266 आत्म रक्षार्थ मुठभेड़ें कीं, जिनमें 292 अपराधी घायल हुए और 453 गिरफ्तार किए गए। वहीं, सात शातिर अपराधी पुलिस की जवाबी कार्रवाई में ढेर हो गए। डीआईजी नैथानी के नेतृत्व में यह स्पष्ट कर दिया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के लिए अब कोई जगह नहीं बची। पुलिस एक्शन रिपोर्ट के अनुसार 120 मुठभेड़ें, 129 घायल, 3 मृत, 204 गिरफ्तार,बुलन्दशहर 66 मुठभेड़ें, 78 घायल, 1 मृत, 113 गिरफ्तार,बागपत 52 मुठभेड़ें, 54 घायल, 1 मृत, 95 गिरफ्तार, हापुड़ 28 मुठभेड़ें, 31 घायल, 2 मृत, 41 गिरफ्तार

### मुठभेड़ में ढेर हुए सात कुख्यात अपराधी

पुलिस मुठभेड़ों में मारे गए अपराधियों में कई ऐसे नाम शामिल हैं जो हत्या, लूट, डकैती जैसे गंभीर मामलों में वांछित चल रहे थे। नईम उर्फ जमील हुसैन (मेरठ) जीतू उर्फ जितेन्द्र कुमार (हरियाणा) निक्की उर्फ शहजाद (मेरठ), विनोद गड़रिया (शामली) संदीप लोहार (रोहतक), नवीन (लोनी) और डब्बू यादव (बेगूसराय, बिहार)।

### अपराधियों के लिए मेरठ रेंज में कोई जगह नहीं: डीआईजी

डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कहा कि कानून-व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर है। पुलिस की हर कार्रवाई पूर्णत: आत्मरक्षार्थ और कानूनी दायरे में की जा रही है। उन्होंने साफ कहा जो भी समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं, उनके खिलाफ सख्त और निर्णायक कार्रवाई जारी रहेगी।

### कृषि के परिवेश को संगठित करने के लिए शुरू हुआ राष्ट्रीय फोरम एग्रीकॉन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कृषि भारत की अर्थ व्यवस्था की नींव है। यह लगभग आधी आबादी को रोजगार प्रदान करती है, और देश के जीडीपी में लगभग पांचवें हिस्से के बराबर योगदान देती है। गांवों और शहरों में एक बड़ी आबादी की रोजी रोटी कृषि से चलती है। लेकिन फिर भी कृषि क्षेत्र के बारे में होने वाली बात. चीत काफी बिखरी हुई है। एक जगह कृषि में टेक्नोलॉजी के बारे में बात होती है, तो किसी दूसरी जगह फाईनेंस, वहीं नीतियों की चर्चा कहीं और होती है। इन सभी वार्ताओं को संगठित करने के उद्देश्य से मेसे मुंशेन ने सोमवार को एग्रीकॉन इंडिया का लॉन्च किया। यह 16 दिसंबर से 18 दिसंबर 2026 के बीच आयोजित होने वाला एक राष्ट्रीय ट्रेड फेयर है।

संक्षिप्त खेल समाचार

## डेनमार्क ओपन में लक्ष्य, चिराग व सात्विक की जोड़ी करेगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** लक्ष्य सेन और देश की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी मंगलवार से शुरू हो रहे डेनमार्क ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। लक्ष्य सेन ने पिछले साल पेरिस 2024 में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उसके बाद से वह सीजन अब तक 10 बार पहले दौर से बाहर हो चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले महीने हांगकांग ओपन में रहा, जहां वे उपविजेता रहे। पुरुष एकल वर्ग में सेन के साथ आयुष शेटी भी होंगे। इस साल की शुरुआत में आयुष ने यूएस ओपन 2025 में पुरुष एकल स्पर्धा का खिताब जीता था।

## हरिहरन ने तुर्की इंटरनेशनल चैलेंज में जीते दो युगल खिताब

**तुर्की, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हरिहरन अम्मसकरुनन ने तुर्की इंटरनेशनल चैलेंज 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए मिश्रित युगल और पुरुष युगल के दो खिताब जीते। मिश्रित युगल के फाइनल में हरिहरन अम्मसकरुनन और त्रिशा जॉली की जोड़ी ने 52 मिनट तक चले मुकाबले में इंडोनेशिया के एम नवाफ खोइरियानसयाह और नहया मुहयिफा की जोड़ी को 21-14, 18-21, 21-11 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल में जीत के तुरंत बाद हरिहरन ने एमआर अर्जुन के साथ जोड़ी बनाकर पुरुष युगल का खिताब भी जीत लिया। भारतीय जोड़ी ने आधे घंटे से भी कम समय तक चले मुकाबले में जापान के यूटो नोदा और शुन्या ओटा की जोड़ी को 21-13, 21-6 से मात दी।

# भारत टेस्ट जीतने से 58 रन दूर



● **दूसरी पारी में स्कोर 63/1 राहुल-सुदर्शन नाबाद लौटे विंडीज ने 121 रन का लक्ष्य दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह (तीन-तीन) के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद केएल राहुल और साई सुदर्शन के शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को स्टंप के समय एक विकेट पर 63 रन बना लिए और उसे अभी जीत के लिए 58 रनों की दरकार है।

उसके पास अभी नौ विकेट शेष हैं। चायकाल के बाद जस्टिन ग्रीव्स ने अपना अर्द्धशतक पूरा किया। उन्होंने 85 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 50 रन बनाए। 119वें ओवर की पांचवी गेंद पर जसप्रीत बुम. राह ने जेडेन सील्स (32) को आउट कर 390 के स्कोर पर फालोऑन खेल रही वेस्टइंडीज की दूसरी पारी का अंत किया। भारत को जीत के लिए 121 रनों का लक्ष्य मिला। जस्टिन ग्रीव्स और जेडेन सील्स ने 10वें विकेट के लिए 79 रन जोड़े। इस जोड़ी ने 22 से अधिक ओवरों तक मिलकर बल्लेबाजी की। इसके बाद 121 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की यशस्वी जयसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने नौ रन बनाए थे कि दूसरे ओवर में जोमेल वारि. कन ने यशस्वी जयसवाल (आठ) को एंडरसन फिलीप के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये साई सुदर्शन ने केएल राहुल के साथ दूसरे विकेट के लिए रन जोड़े। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने एक विकेट पर 63 रन बना लिए है और उसे जीत के लिए 58 रनों की जरूरत है। केएल राहुल (नाबाद 25) और साई सुदर्शन (नाबाद 30 ) क्रीज पर मौजूद हैं। इससे पहले शाई होप ने भोजनकाल के बाद अपना शतक पूरा किया। इसके कुछ देर बाद मोहम्मद सिराज ने उन्हें बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। शाई होप ने 214 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए 103 रनों की पारी खेली। यह शाई होप ने टेस्ट करियर का तीसरा और भारत के खिलाफ यह उनका पहला टेस्ट शतक था। होप के बल्ले से आठ साल के इंतजार के बाद यह शतक आया है। उन्होंने आखिरी बार 2017 में शतक लगाया था। इसके बाद कुलदीप यादव ने टेविन इमलाक (12), कप्तान रोस्टन चेज (40) और खारी पिएर (शून्य) को अपना शिकार बनाया। वहीं जोमेल वारिकन (तीन) को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड आउट किया। एंडरसन फिलीप (दो) को भी बुमराह ने आउट किया। चायकाल तक वेस्टइंडीज ने नौ विकेट पर 361 रन बना लिए थे। आज सुबह वेस्टइंडीज ने कल के दो विकेट पर 173 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में जॉन कैंपबेल ने छक्का लगाकर अपने टेस्ट करियर का पहला शतक पूरा किया। उन्होंने अपने शतक के लिए 174 गेंदों का सामना किया। इस दौरान नौ चौके और तीन छक्के लगाए। इसी के साथ वह सात साल बाद भारत के खिलाफ सेंचुरी लगाने वाले वेस्टइंडीज के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले रोस्टन चेज ने यह कारनामा किया था। 64वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने उन्हें पगबाधा आउटकर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। उन्होंने 199 गेंदों में 12 चौको और तीन छक्को की मदद से 115 रनों की पारी खेली।लंच के समय तक वेस्टइंडीज ने तीन विकेट पर 252 रन बनाए थे। भारत की ओर से कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने तीन-तीन विकेट लिए। मोहम्मद सिराज को दो-दो विकेट मिले। वॉशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। उल्लेखनीय है कि भारत पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन पर घोषित कर दी थी।



## जॉन कैंपबेल ने जड़ा अपने टेस्ट करियर का पहला शतक

**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज़ जॉन कैंपबेल ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन धैर्य और दृढ़ता का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा। इसी के साथ वह दक्षिण अफ्रीका के ट्रेवर गोडार्ड के बाद अपना पहला शतक बनाने वाले, दूसरे सबसे धीमे सलामी बल्लेबाज बन गए। कैंपबेल ने रवींद्र जडेजा की गेंद पर छक्का लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। उन्हें यह उपलब्धि 50वीं टेस्ट पारी में हासिल हुई, जो कि उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने अपने शतक को पूरा करने के लिए 174 गेंदों का सामना किया और इस दौरान नौ चौके और तीन छक्के लगाए। मार्च 2023 के बाद से यह किसी वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज का सभी टेस्ट मैचों में पहला शतक है। दक्षिण अफ्रीका के गोडार्ड ने 58 पारियों में अपना पहला शतक बनाया था। 2006 में बासेटेरे में डैरेन गंगा के 135 रनों के बाद भारत के खिलाफ पहला शतक था। यह 2002 में ईडन गार्डन्स में वेवेल हिंड्स के शतक के बाद भारतीय धरती पर किसी वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज का पहला टेस्ट शतक भी है। लंबे समय से प्रतीक्षित यह शतक केवल एक व्यक्तिगत जीत से कहीं बढ़कर है। इसने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम में एक पुनरुत्थान का संकेत दिया हैं।

## जोशना चिनप्पा ने जीता जापान ओपन का खिताब

● **भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त हया अली को 11-5, 11-9, 11-6 व 11-8 से हराया**

**जापान, वार्ता।** दो बार की एशियन चैंपियन भारत की जोशना चिनप्पा ने सोमवार को एक बार फिर दमदार प्रदर्शन करते हुए जापान ओपन 2025 स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्र की हया अली को हराकर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। यहां खेले गए मुकाबले में 39 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त दुनिया की 53वें नंबर की मिस्र की हया अली को 11-5, 11-9, 6-11, 11-8 से हराकर पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन का समापन किया। यह उनके करियर का 11वां पीएसए खिताब है।

उल्लेखनीय है कि जोशना चिनप्पा की यह हया अली के साथ दूसरी भिड़ंत थी। इससे पहले दोनों स्क्वैश खिलाड़ी ने इस साल बरमूडा ओपन के दूसरे राउंड में एक-दूसरे का मुक. ाबला किया था। इस मुकाबले में जोशना को 11-8, 10-12, 5-11, 11-9, 11-8 से हार का सामना करना पड़ा था। पूर्व विश्व नंबर 10 स्क्वैश खिलाड़ी, जोशना हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 के बाद घुटने की सर्जरी के बाद से शानदार वापसी कर रही हैं। एशियन गेम्स में वह भारत की कांस्य पदक विजेता महिला टीम का भी हिस्सा थीं। जोशना ने इस साल की शुरुआत में युवा स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह के साथ जून में एशियन चैंपियनशिप में महिला युगल का खिताब जीता था। इसके अलावा इंडियन ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी, जहां उन्हें अनाहत से हार का सामना करना पड़ा और अनाहत चैंपिनय बनीं।

इससे पहले जापान ओपन में, जोशना ने क्वार्टरफाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त नारदीन गरास को 11-8, 15-13, 11-9 से हराया था। इसके बाद सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त मिस्र की राणा इस्माइल को 11-7, 11-1, 11-5 से शिकस्त दी। उन्होंने दूसरे राउंड में फ्रांस की पांचवीं वरीयता प्राप्त लॉरेन बाल्टायन को 11-7, 11-4, 11-9 से और अपने पहले मैच में मलेशिया की एनरी गोह को 11-6, 11-6, 11-6 से हराया था।



## द. अफ्रीका ने पाक को 378 पर रोका



**लाहौर, वार्ता।** सेनुरन मुथुसामी (छह विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन पाकिस्तान को 378 के स्कोर पर समेटने के बाद लंच तक बिना कोई विकेट खोए 10 रन बना लिए है।

पाकिस्तान ने कल के पांच विकेट पर 313 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में मुथुसामी ने मोहम्मद रिजवान (75) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को छठे सफलता दिलाई। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर नोमान अली (शून्य) और अगली गेंद पर साजिद खान (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। पाकिस्तान का नौवां विकेट शाहीन शाह अफरीदी (सात) के रूप में गिर। उन्हें भी मुथुसामी ने आउट किया। इसके बाद 111वें ओवर की चौथी गेंद पर प्रीनेलान सुब्रायेन ने शतक की ओर बढ़ रहे आगा सलमान (93) को आउटकर पाकिस्तान की पारी का 378 के स्कोर पर अंत कर दिया।

## सैंटनर होंगे टी-20 में टीम के कप्तान

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए मिशेल सैंटनर को टीम का कप्तान बनाया है और स्टार ऑलराउंडर रचिन रविंद्र को भी टीम शामिल किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार रविंद्र चेहरे की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया श्रृंखला से बाहर होने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि सैंटनर हाल ही में हुई पेट की सर्जरी से उबर चुके हैं और शनिवार से क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में टीम की कप्तानी करेंगे। गुरुवार को विदेश से लौटे विलियमसन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से बाहर रहेंगे और 26 अक्टूबर से तौरंगा में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान उनके अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रवींद्र की जगह आखिरी समय में टीम में आए जिमी नीशम को तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के रूप में चुना गया है। उनके साथ जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, मैट हेनरी और काइल जैमीसन जैसे तेज गेंदबाज भी होंगे। सेंटनर के साथ स्पिन विभाग में माइकल ब्रेसवेल शामिल होंगे। टिम सीफर्ट विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। टीम को लेकर न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद, एक और विश्व स्तरीय टीम का हमारे यहां आना बहुत अच्छा है। हम जानते हैं कि हैरी ब्रुक और उनके टी-20 खिलाड़ी कितना रोमांचक क्रिकेट खेलते हैं और मुझे यकीन है कि हमारे खिलाड़ी इस चुनौती का डटकर सामना करने के लिए उत्सुक हैं। मिशेल की वापसी बहुत अच्छी है। हमारे कप्तान होने के साथ-साथ, वह दुनिया के सबसे बेहतरीन सीमित ओवरों के स्पिनरों में से एक हैं और उनका कौशल और अनुभव स्वागत योग्य होगा। इसी तरह, रचिन का भी स्वागत है, जो दुर्भाग्य से ऑस्ट्रेलिया दौरे से चूक गए थे और मुझे पता है कि वह इस श्रृंखला के लिए बहुत उत्साहित हैं। इंग्लैड के खिलाफ न्यूजीलैंड की टी-20 टीम इस प्रकार है :- मिशेल सैंटनर, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक आदि।

## शैनन टैन ने जीता गोल्फ महिला इंडियन ओपन का खिताब

● **आखिरी राउंड से पहले संयुक्त चौथे स्थान पर चल रही टैन ने आखिरी राउंड में शानदार प्रदर्शन किया और 5 अंडर का स्कोर बनाया**

**गुरुग्राम, वार्ता।** सिंगापुर की शैनन टैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला इंडियन ओपन 2025 गोल्फ का खिताब अपने नाम किया। जीतकर लेडीज़ यूरो. पियन टूर (एलईटी) में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। भारत की हिताशी बख्शी तीसरे स्थान पर रही। टैन ने पिछले साल मैजिकल केन्या महिला ओपन में अपना पहला एलईटी गोल्फ खिताब जीता था और जून में अमुंडी जर्मन मास्टर्स में जीत दर्ज की थी।

उन्होंने रविवार को गुरुग्राम के डीएफएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में कुल सात अंडर 281 का स्कोर बनाया और इंग्लैंड की एलिस हेवसन को पछाड़कर खिताब जीता। रविवार को आखिरी राउंड से पहले संयुक्त चौथे स्थान पर चल रही टैन ने आखिरी राउंड में शानदार प्रदर्शन किया और पांच अंडर का स्कोर बनाया। आखिरी होल में हेवसन ने टैन पर एक शॉट की बढ़त बनाए रखी, लेकिन डबल बोगी के साथ सीधे पानी में चली गईं। टैन आखिरी होल में बर्डी पुट चूक गईं, लेकिन फिर भी नाटकीय अंदाज में खिताब जीत लिया। जीत के बाद टैन ने कहा कि मैं अभी भी सदमे में हूं। इस हफ्ते बहुत कुछ हुआ, शुरुआत में वीजा मिलने में देरी और मंगलवार को यहां पहुंचने तक। जो कुछ हुआ उससे मैं सदमे में हूं, लेकिन मैं सचमुच आभारी हूं और खुश हूं कि मुझे यहां खेलने का मौका मिला। शीर्ष पर चल रही भारत की हिताशी बख्शी का अंतिम राउंड कुछ खास नहीं रहा और वह चार ओवर 76 का स्कोर बनाकर तीसरे स्थान पर रहीं। हिताशी 54 होल के बाद दो शॉट की बढ़त बनाए हुए थीं और टैन से सात शॉट आगे थीं। अंततः वह सिंगापुर की खिलाड़ी से दो शॉट पीछे रहीं और अपना पहला एलईटी खिताब जीतने से चूक गईं। दो अन्य भारतीय गोल्फर शीर्ष पांच में रहीं, प्रणवी उर्स (चार अंडर) चौथे स्थान पर रहीं और अवनि प्रशांत (तीन अंडर) ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। वाणी कपूर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रहीं। दो बार की दीक्षा डागर का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह 10 ओवर के कुल स्कोर के साथ 41वें स्थान पर रहीं।

## भारत की पुरुष टेबल टेनिस टीम को हांगकांग ने 3-0 से हराया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारतीय पुरुष टीम की एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप 2025 में पदक जीतने की उम्मीदें क्वार्टर फाइनल में हांगकांग से 3-0 से हार के साथ खत्म हो गईं। रविवार रात कलिंगा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में विश्व के 72वें नंबर के खिलाड़ी मानुष शाह ने घरेलू टीम के लिए पुरुष एकल टेबल टेनिस रैंकिंग में 48वें स्थान पर काबिज वोंग चुन-टिंग के खिलाफ शुरुआत की और 3-0 (11-5, 11-9, 13-11) से हार गए। विश्व के 39वें नंबर के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एकल खिलाड़ी मानव ठक्कर ने दूसरे मैच में 59वें स्थान पर काबिज चैन बाल्डविन को कड़ी टक्कर दी, लेकिन 3-2 (11-8, 11-8, 10-12, 9-11, 11-8) से हार गए। भारत को मुकाबले में बनाए रखने के लिए खेलते हुए, युवा अंकुर भट्टाचार्य ने जोरदार प्रयास किया, लेकिन अंततः लैम सियु हांग के खिलाफ 3-2 (7-11, 11-9, 12-14, 11-6, 11-7) से हार गए।

## सूर्यवंशी बने बिहार रणजी टीम के उपकप्तान

● **बीसीसीआई के आदेश के बाद बिहार क्रिकेट एसोशिएशन को दो सदस्यीय चयन समिति में एक अस्थायी चयनकर्ता को जोड़ना पड़ा**

**पटना, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी को बुधवार से शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के शुरुआती दो राउंड्स के लिए बिहार की टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। टीम की कमान साकिबुल गनी को दी गई है।

सीजन के शुरु होने से दो दिन पहले यह घोषणा हुई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आदेश के बाद बिहार क्रिकेट एसोसिशन (बीसीबी) को दो सदस्यीय चयन समिति में एक अस्थायी चयनकर्ता को जोड़ना पड़ा। बीसीबी को जल्द पांच सदस्यीय चयन समिति गठित करने का निर्देश दिया गया है। सूर्यवंशी की यह नियुक्ति उनकी शानदार फॉर्म के कारण हुई है। उन्होंने हाल ही में भारत अंडर-19 टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शीर्षक्रम में तेज शुरुआत दी। उन्होंने ब्रिसबेन में पहले चार दिवसीय मैच में 78 गेंदों में शतक जड़ा और तीन पारियों में 133 रन बनाए। भारत ने यह सीरीज 2-0 से जीती। इससे पहले इंग्लैंड दौरे पर भी सूर्यवंशी का बल्ला खूब बोला था। उन्होंने वॉर्सेस्टर में 143 रन की पारी खेली, जो युवाओं के एकदिवसीय मुकाबलों में सबसे तेज शतक था। पांच मैचों में उन्होंने 174-01 की स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए और सीरीज के सर्वाधिक रन स्कोरर रहे। 14 वर्षीय सूर्यवंशी ने जनवरी 2024 में 12 वर्ष और 284 दिन की उम्र में प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। अब तक वह पांच प्रथम श्रेणी मैचों में 10 पारियों में 100 रन बना चुके हैं, जिसमें सर्वाधिक स्कोर 41 है। भारत अंडर-19 की प्रतिबद्धताओं के कारण उन्हें रणजी में लगातार खेलने का अवसर नहीं मिला है। इस साल की शुरुआत में सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से गुजरात टाइटंस के खिलाफ़ 101 रन (38 गेंद) बनाकर इतिहास रचा था। वह पुरुषों के टी-20 में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज़ बने। आईपीएल 2025 में उन्हें 13 वर्ष की उम्र में चुना गया था, जिससे वह लीग के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उन्होंने 7 मैच खेले, सभी में ओपनिंग की, और 206-55 की स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। बिहार ने 2024-25 रणजी सीजन में बेहद खराब प्रदर्शन किया था और टीम को एक भी जीत नहीं मिली। सात में से छह मैच हारने के बाद उन्हें केवल एक अंक मिला और टीम प्लेट ग्रुप में चली गई।



## आखिरी छह ओवरों में खराब बल्लेबाजी से हारे: हरमनप्रीत कौर

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि आखिरी ओवरों में निचले क्रम की बल्लेबाजी के अचानक ढह जाने से हम 30 से 40 रन पीछे रहे गए और इसी कारण हमें हार का सामना करना पड़ा। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा कि जिस तरह हमने शुरुआत की, लगा था कि अगर हम 30-40 रन और जोड़ पाते तो फर्क पड़ता। आखिरी छह-सात ओवर में हम रन नहीं बना सके और वही हमें महंगा पड़ा।

विकेट बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा था, लेकिन आखिरी छह ओवरों का हम पूरा लाभ नहीं ले पाए।पहले 40 ओवर बहुत अच्छे रहे, लेकिन अंतिम 10 ओवरों में हम सही तरीके से एक्सिक्यूट नहीं कर पाए। मैचों में ऐसा होता है, हर दिन शत प्रतिशत नहीं हो सकता, लेकिन यह अहम है कि वापसी कैसे करें। भारतीय टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि मेरे हिसाब से क्रिकेट में फिनिश बहुत अहम होता है। मैं हमेशा कहता हूं। हां, अच्छी शुरुआत चाहिए लेकिन उससे भी बेहतर अंत चाहिए। दक्षिण अफ्रीका मैच में हमने आखिरी पांच ओवर में खराब गेंदबाजी की और वो गेम गंवाया। आज भी अगर हम 20 रन और बना लेते, तो नतीजा अलग हो सकता था। लेकिन यह सब प्रक्रिया का हिस्सा है। बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। हमारी सबसे बड़ी सीख यही है कि हमें बेहतर फ़िनिश करना सीखना होगा। मजूमदार ने कहा कि इस मैच के बाद हम निश्चित रूप से इसका विश्लेषण करेंगे। टीम प्रबंधन इस पर चर्चा करेगा और अगले मैच के लिए सही फैसला लेगा। ईमानदारी से कहूं तो पिछले मैच के बाद हमने लंबी चर्चा की कि बल्लेबाजी अप्रोच कैसी होनी चाहिए।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025

# बिहार पर नजर

सोमवार को चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों तथा 7 अन्य राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 8 सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीटों के लिए दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को चुनाव कराए जा रहे हैं। बिहार के दूसरे चरण के चुनाव के साथ ही पंजाब, राजस्थान, उड़ीसा, झारखंड, तेलंगाना, मिजोरम तथा जम्मू कश्मीर विधानसभा के उपचुनाव 11 नवंबर को कराए जाने हैं। यह अधिसूचना ऐसे समय में आई है, जब जनता दल आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव को राउज एवेन्यू कोर्ट ने आईआरसीटीसी भ्रष्टाचार मामले में उन पर आरोप तय कर बड़ा झटका दिया है। इससे बिहार चुनाव में एक नया मोड़ आ गया है। चुनाव आयोग की घोषणा के अनुसार मतगणना 14 नवंबर को कराई जाएगी। इसमें कोई दोराय नहीं कि बिहार के विधानसभा चुनाव पर पूरे देश ही नहीं बल्कि विदेशों की भी नजर है। यूं भी चुनाव आयोग बिहार में एसआईआर कराने के बाद वहां चुनाव कराने जा रहा है। एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर आरोप भी लगते रहे हैं कि उसने अपनी मनमानी के चलते बड़ी संख्या में लोगों को चुनाव से वंचित कर दिया, विशेषकर हाशिए पर पड़े लोगों को। विपक्ष ने इसको बड़ा मुद्दा भी बनाया है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस समय चुनाव आयोग के सामने पारदर्शी व निष्पक्ष रूप से बिहार के विधानसभा चुनाव कराना बड़ी चुनौती बना है, क्योंकि बिहार ही नहीं कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग पर यह आरोप लगाते रहे हैं कि वह वोट चोरी कराता है। कांग्रेस अध्यक्ष एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी खुलकर इस तरह के सबूत भी दे चुके हैं जिससे संदेह होता है कि कहीं न कहीं वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है या वह हो रही है। जहां तक बात चुनाव आयोग की है वह बराबर राहुल गांधी के आरोपों से इन्कार करता रहा है, लेकिन कोई ठोस तर्क इसकी तरफ से कोई देखने में नहीं आया है। इस बात का चुनाव आयोग ने अब तक कोई ठोस जवाब नहीं दिया है कि एकाएक किसी विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में मतदाता कैसे जोड़े गए या कहीं उनके नाम काट दिए गए। एक नहीं दर्जनों स्थानों पर ऐसा भी देखने में आया है जहां एक ही कमरे के पते पर हजार वोटों से ऊपर दर्ज हैं। होना तो यह चाहिए था कि चुनाव आयोग आगे आकर यह कहता कि वह इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष तरी से जांच कराएगा। इसके उलट वह राहुल गांधी से ही उस संबंध में शपथपत्र मांग रहा है। इससे और संदेह पैदा होता है। जबकि चुनाव प्रक्रिया में किसी तरह का संदेह नहीं होना चाहिए और सबसे बड़ी बात चुनाव आयोग को अपनी कार्यशैली से कभी भी ऐसा नहीं लगना चाहिए कि वह सत्ता पक्ष के दबाव में काम कर रहा है, क्योंकि अगर चुनाव ही निष्पक्ष नहीं होंगे, तो यह हमारी पूरी लोकतंत्र प्रणाली के लिए बेहद घातक सिद्ध होगा और उस सरकार की विश्वसनीयता ही क्या रह जाएगी जिस पर धांधली से सत्ता में आने के आरोप लगे हैं। यही कारण है कि बिहार के विधानसभा चुनाव पर सबकी नजर लगी हुई है। यह अच्छी बात है कि पिछली बातों से सबक लेकर इस बार चुनाव आयोग ने वहां दो चरणों में चुनाव कराने का फैसला लिया है, क्योंकि जब पिछले चुनाव हुए थे तो वह सात चरणों में हुए थे। इसको लेकर चुनाव आयोग की आलोचना भी हुई थी। अब जबकि दूसरे चरण की अधिसूचना जारी हो गई है, उम्मीद की जानी चाहिए कि चुनाव आयोग बेहतर काम करेगा।

## खेल अब केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं



उप्र सरकार ने विगत 3 वर्षों में 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पुलिस और विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई है, खेल, व्यक्ति को स्वस्थ रखने का एक माध्यम है, खेल अब केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं है, अपितु यह जीवन की आवश्यकता एवं स्वावलंबन का आधार भी है, विधायक और सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं में आठ खेल विधाओं को हमने शामिल किया है, हमारे युवाओं को प्रतिस्पर्धा का जब उचित अवसर प्राप्त होता है, तो वे अपनी प्रतिभा की छाप राष्ट्रीय स्तर पर छोड़ते हैं, विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का अभियान सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप**

# मानव जीवन में मादक पदार्थों से नुकसान तथा उनसे बचाव

प्रो. आरके सिंह

भारत में युवा पीढ़ी में मादक द्रव्यों का दुरुपयोग अप्रत्याशित ढंग से बढ़ा है। आधुनिक समय के जीवन के तनाव ने व्यक्ति को मादक द्रव्यों के दुरुपयोग की समस्या की ओर उन्मुख कर दिया है। शराब एवं मादक द्रव्यों की लत से न केवल सेवन करने वाले व्यक्ति बल्कि परिवार एवं समाज को भी बहुत ही प्रभावित करता है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी (10-75 वर्ष के बीच की) विभिन्न प्रकार के नशे की चपेट में है। पूरी दुनिया में लगभग 30 लाख करोड़ का है नशे का कारोबार, जिसके चलते शराब और नशीली दवाओं के सेवन से प्रतिवर्ष 30 लाख से अधिक मौतें होती हैं, जिनमें से अधिकांश पुरुषों की होती हैं। ये आंकड़े हर मां-बाप के लिए चिंता. जनक हैं। इन मादक द्रव्यों और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम में माता-पिता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए माता-पिता को बिना शर्त प्यार देना चाहिए, अपने बच्चे के आत्म-सम्मान को मजबूत करना चाहिए और अच्छे विशेषज्ञों या डॉक्टर की मदद लेने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए।

**मादक पदार्थों के विरुद्ध सरकारी प्रयास**

मादक पदार्थों के विरुद्ध का अर्थ है नशीले पदार्थों के सेवन, निर्माण, तस्करी और व्यापार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए किए जाने वाले प्रयास, जिसमें कानून बनाना, सख्त कानून लागू करना, सार्वजनिक जागरूकता फैलाना और साम. ुदायिक स्तर पर हस्तक्षेप शामिल है। भारत में 1985 में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस NDPS एक्ट लागू किया गया था, जो मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन के खिलाफ कड़े प्रावधानों वाला एक कानून है। साइकोट्रॉपिक या नशीली औषधियां Psychotropic : औषधियों का एक ऐसा समूह होता है जो तन्त्रिका तन्त्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, साइकोट्रॉपिक या नशीली औषधियां कहलाता है। इनको नियमित रूप से प्रयोग करने वाले व्यक्तियों को इनकी लत पड़ जाती है, इसे औषध व्यसन drug addiction कहते हैं। इसके कारण व्यक्ति शारी. रिक तथा मानसिक रूप से रोगी हो जाता है।

मादक पदार्थों के उपयोग से निपटने के लिए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 15 अगस्त, 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान (NMBA) शुरू किया। जिसका शुभारंभ 32 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 272 जिलों के लिए किया गया है, जिन्हें देश में नशीली दवाओं के उपयोग के मामले में सबसे संवेदनशील माना गया है।

**मादक पदार्थों की लत का कारण क्या है**

**मनोवैज्ञानिक कारक**-मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, जैसे अवसाद, चिंता या आघात, मादक द्रव्यों के सेवन में योगदान कर सकती हैं, क्योंकि लोग भावनात्मक दर्द से राहत चाहते हैं।

**सामाजिक कारक**- साथियों का दबाव, सामाजिक मानदंड और सामाजिक स्वीकृति के कारण व्यक्ति पदार्थों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं।



**मादक पदार्थों के नुकसान**- भारत में अनेकों प्रकार के मादक पदार्थों का प्रयोग दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है जैसे अफीम, हेरोइन, बार्बिटुरेट्स आदि।

**उत्तेजक पदार्थ**- ये दवाएं केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की गतिविधि को बढ़ाती हैं। जैसे- एम्फैटेमिन, कोकीन, आदि।

**मतिभ्रमकारी पदार्थ**- ये ऐसी दवाएं हैं जो हमारी सामान्य दृष्टि, श्रवण और अनुभूति की क्रियाओं को विकृत कर देती हैं।

मादक द्रव्यों के सेवन से जुड़ी समस्याओं में कई जटिलताएं होती हैं। यह यकृत रोग, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग, विटामिन की कमी और मस्तिष्क क्षति जैसी शारीरिक समस्याएं पैदा कर सकती हैं। कुछ पदार्थ जन्म दोष पैदा कर सकते हैं और कुछ प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। मादक द्रव्यों के सेवन से ग्रस्त कई लोग अवसाद, चिंता या द्विध्रुवी विकार जैसे अन्य मानसिक विकारों का भी अनुभव करते हैं। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकारों के परिणामस्वरूप अवैध गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है, साथ ही शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य परिणाम भी हो सकते हैं, जैसे खराब शैक्षणिक प्रदर्शन, खराब स्वास्थ्य स्थिति, मस्तिष्क संरचना में परिवर्तन, तथा अधिक मात्रा में मादक द्रव्यों के सेवन से मृत्यु और आत्महत्या का खतरा बढ़ सकता है।

**मादक द्रव्यों से बचाव**

मादक पदार्थों से बचाव के लिए शिक्षा, सकारात्मक आदतें, और सही संगति बहुत महत्वपूर्ण हैं। मादक पदार्थों का सेवन न करने के लिए मना करना सीखें, ऐसे शौक या गतिविधियों में शामिल हों जिनमें आपकी रुचि हो, और ऐसे दोस्तों के साथ रहें जो सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हों। अगर आपको या आपके किसी परिचित को मादक द्रव्यों के सेवन से निपटने में मदद की जरूरत है, तो योग्य विशेषज्ञों या डॉक्टर से सलाह लेना सबसे अच्छा है।

मादक द्रव्यों से बचाव के लिए शिक्षा, वकालत और सुरक्षित वातावरण तैयार करना महत्वपूर्ण है। इसमें छात्रों को नशीली दवाओं के दुष्परिणामों के बारे में शिक्षित करना और श्नाश कहना सिखाना शामिल है। इसके अलावा, सामाजिक सहायता, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और नशीले पदार्थों की उपलब्धता कम करने वाले कानूनों को मजबूत करना भी प्रभावी कदम हैं।

**व्यक्तिगत स्तर पर बचाव के उपाय**

**शिक्षा और जागरूकता**- मादक द्रव्यों के सेवन के जोखिमों और हानिकारक प्रभावों के बारे में खुद को और दूसरों को शिक्षित करें।

**न कहना सीखें**- जब कोई आपको मादक पदार्थ देने की कोशिश करे तो श्नाश कहने का अभ्यास करें।

**सकारात्मक आदतें अपनाएं**- अपनी रूचि के अनुसार खेल, संगीत, या किसी अन्य रचनात्मक गतिविधि में खुद को व्यस्त रखें।

**स्वस्थ दोस्ती**- ऐसे दोस्तों के साथ रहें जो सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं।

**भावनात्मक मुकाबला**- तनाव, चिंता या उदासी से निपटने के लिए स्वस्थ तरीके खोजें। जैसे कि व्यायाम करना, योग करना, या किसी दोस्त से बात करना।

**मदद मांगें**- अगर आप संघर्ष कर रहे हैं, तो किसी विश्वसनीय वयस्क, जैसे माता-पिता, शिक्षक या परामर्शदाता से बात करें।

**धैर्य और दृढ़ संकल्प**- मादक द्रव्यों के सेवन से बचाव एक सतत प्रक्रिया है। खुद पर और अपनी पसंद पर विश्वास रखें।

**सामुदायिक और सामाजिक स्तर पर बचाव के उपाय**

**शिक्षा कार्यक्रम**- स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों में नशीली दवाओं की रोकथाम के कार्यक्रम चलाएं जो शैक्षिक और संवादात्मक हों। ऐसे कानूनों और नीतियों का समर्थन करें जो नशीली दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण को नियंत्रित करते हों। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सार्वजनिक अभियान चलाए जाने चाहिए।

**कानूनी उपाय**

**नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट**

यह कानून मादक द्रव्यों के निर्माण, बिक्री, तस्करी, आयात और निर्यात को प्रतिबंधित करता है। एक्ट के उल्लंघन पर कठोर कारावास और भारी जुर्माना दोनों का प्रावधान है, जिसमें आजीवन कारावास तक की सजा शामिल हो सकती है। स्वास्थ्य शिक्षा और सार्वजनिक जागरूकता अभियान मादक द्रव्यों के सेवन के खतरों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मादक पदार्थों के व्यापार को रोकने और तस्करों को पकड़ने के लिए जनता और स्थानीय निकायों का सहयोग आवश्यक है। उन लोगों को उपचार प्रदान करना जो मादक द्रव्यों के सेवन के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं (जैसे अवसाद या चिंता) से भी जूझ रहे हैं, महत्वपूर्ण है।

**नशीली दवाओं से बचने के लिए ध्यान रखने योग्य बातें**


1. नशीली दवाओं से दूर रहें, खासकर जब आप तनाव या दबाव में हों।
2. उन दोस्तों और गतिविधियों से बचें जो आपको नशीली दवाओं के प्रति आकर्षित कर सकते हैं।
3. अपने परिवार और भरोसेमंद दोस्तों से बात करें यदि आपको लगता है कि आप मादक द्रव्यों के सेवन के जोखिम में हैं। यदि आप या आपका कोई परिचित मादक द्रव्यों के सेवन से जूझ रहा है, तो मनोरोग विशेषज्ञ या डॉक्टर से मदद लें।

मादक पदार्थों के विरुद्ध लड़ाई में न केवल कानूनी और प्रवर्तन उपाय शामिल हैं, बल्कि समाज और समुदाय की भागीदारी, शिक्षा और पुनर्वास कार्यक्रम भी महत्वपूर्ण हैं। मादक द्रव्यों से भावी रोकथाम के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण आवश्यक है, जिसमें व्यक्तिगत स्तर पर सामाजिक कौशल और मुकाबला करने की रणनीतियों को बढ़ावा देना, परिवारों और समुदायों को शामिल करना और व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियां शामिल हैं, जो युवा और जोखिम वाले समूहों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। साथ ही मादक द्रव्यों से बचाव अभियान की सफलता व्यक्ति, परिवार और समुदाय के संयुक्त प्रयासों पर निर्भर करती है, जो एक सतत और अनुक. ूलनीय रणनीति अपनाते हैं।

(लेखक हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट सी.सी.आर पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर से संबंधित हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी थे कलाम

कमरुल इस्लाम



डा एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम शहर में एक साधारण से गरीब परिवार में हुआ था। बचपन में अखबारों को बेचते हुए डॉ. कलाम ने मद्रास इंजीनियरिंग कॉलेज, मद्रास से एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की। शुरू में उनका लक्ष्म पायलट बनने का था किन्तु नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था। डॉ. कलाम ने शुरू में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में सेवाओं प्रदान की और फिर डीआरडीओ में इंटग्रेटेड गाईडेड मिसाईल डवलपमेंट प्रोग्राम IGMDP के प्रमुख के रूप में पांच मिसाईल पृथ्वी-आकाश-त्रिशूल, नाग और अग्नि के अनुसंधान और निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आगे चलकर, इस तकनीक को और उन्नत रूप से विकसित किया गया। आज राज दुनिया की बेहतरीन व उन्नत मिसाईल बनाने में सक्षम है। अब डॉ. कलाम की चर्चा सारे विश्व में मिसाईल मेन के रूप में होने लगी थी।

भारत के रक्षा वैज्ञानिक सलाहकार एवं चीफ डीआरडीओ के उच्च पद पर कार्य करने के पश्चात भी डॉ. कलाम तकनीकी और गैर-वैज्ञानिक गतिविधियों में अपना योगदान दे रहे। डॉ. कलाम महान वैज्ञानिक ही नहीं, अपितु शिक्षण गतिविधियों में भी उनकी विशेष रूचि रही। वह सबों के साथ उनका मधुर स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और जीवन में देश के लिए कुछ कर गुजरने की लालसा उन्हें एक उत्कृष्ट व्यक्तित्व का मालिक बनाती है। भारत सरकार ने उनकी उपलब्धियों का महत्व देते हुए उन्हें पद्म भूषण, पद्म विभूषण तथा भारत रत्न के सम्मान से नवाजा। 25 जुलाई 2002 में डॉ. कलाम भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति बने।

( लेखक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में निजी सचिव रह चुके हैं, फिल्हाल वह सेवानिवृत्त हैं)

# वक्फ संशोधन बिल को लेकर जल्दबाजी ठीक नहीं



मसूद हसन

वक्फ संशोधन कानून और उसे चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय के अन्तरिम फैसले से उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर मुसलमानों के बड़े तबक` को आशंकाओं एव ं असन्तोष ने घेर लिया है। यदि सरकार ने इन आशंकाओं पर गौर किए बिना कानून को जल्दबाजी में लागू करने और मुसलमानों के अनुसार उनका दुरुपयोग करने का प्रयास किया तो मुसलमानों की ओर से यह एक बड़े आन्दोलन का रूप ले कसता है। यह आन्दोलन सीएए और एनआरसी विरोधी आन्दोलन से बड़ा भी हो सकता है क्योंकि इसमें धर्म का रंग भी शामिल है।

मुसलमानों को मुख्य आपत्ति जिलाधिकारी को असीमित अधिकार देने, वक्फ बोर्डों में गैर मुसलमानों की नियुक्तियों और वक्फ बोर्ड यूजर का प्रावधान खत्म किए जाने पर था। अदालत ने जिलाधिकारी के अधिकार पर अन्तरिम रोक लगाने के साथ गैर मुस्लिमों की सदस्य संख्या भी सीमित की है, लेकिन अदालत वक्फ बोर्ड यूजर पर खामोश है।

मुसलमानों का कहना है कि देश के बंटवारे के बाद मौलाना अबुल कलाम आजाद ने दिल्ली में जामा मस्जिद में दिए गए ऐतिहासिक खुतबे में मुसलमानों से पाकिस्तान न जाने की अपील करते हुए उन्हें बुजुर्गो का कब्रों का हवाला दिया था और आज उन्हीं कब्रों पर संकट आ गया है। संविधान का अनुच्छेद 26 प्रत्येक समुदाय को अपने धार्मिक मामले में अपने धर्म अनुसार पालन करने का अधिकार देता था। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के जिन कुछ प्रावधानों पर



अंतरिम रोक लगा दी है, उसमें वक्फ बोर्ड सदस्य बनने के लिए इस्लाम का पांच साल तक पालन करने की शर्त और जिला कलेक्टर को किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित करने का अधिकार देना शामिल है। उच्चतम न्यायालय ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट वक्फ संशोधन अधिनियम की संवैधानिकता पर आगे सुनवाई करेगा, क्योंकि कई याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। विभिन्न मुस्लिम संगठनों और धार्मिक नेताओं ने न्यायालय के इस फैसले का सीमित स्वागत किया है, क्योंकि इससे मुस्लिम संपत्तियों पर सरकारी हस्तक्षेप को रोकने में कुछ हद तक मदद मिलेगी। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश को आंशिक राहत लेकिन कइ ं प्रावधानों पर निराशा जताई है। ला बोर्ड ने कलेक्टरों की शक्तियों पर रोक और वक्फ बाई यूजर को सुरक्षित रखने का स्वागत किया लेकिन कइ ं धाराओं को असंवसैधानिक बताया। लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर उच्चतम न्यायालय के आदेश की समीक्षा बैठक की बोर्ड ने उन सभी लोगों का आभार जताया जिन्होंने इस बिल का विरोध किया।

वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 वक्फ अधिनियम 1965 में संशोधन करता है, जिसमें केन्द्र का नियंत्रण बढ़ता है और गैर-मुस्लिम सदस्यों की भूमिका होती हैं, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेबही बढ़े। राष्ट्रपति ने अप्रैल 2025 में इसे मंजूरी दी, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने सितम्बर 2025 में वक्फ संशोधन अधिनियम बनाने के लिए पांच साल की मुस्लिम होने की शर्त पर रोक लगा दी है, साथ ही कलेक्टर द्वारा संपत्ति अधिकार तय करने के प्रावधान पर भी रोक लगाई है, जो शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन माना गया। विधेयक वक्फ संपत्तियों पर केन्द्र के नियंत्रण को बढ़ाता है और भविश्य की वक्फ संपत्तियों के लिए उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ की अवधारणा को समाप्त करता है। कई राउंड की सुनवाई के बाद अन्तरिम फैसला आया है। इस कानून के खिलाफ जिन मुस्लिम समुदायों के लोगों ने विरोध जताया है, उन का कहना है यह लड़ाई लम्बी है। कांग्रेस नेता इमरान प्रताप गढ़ी भी याचिकाकर्ता हैं, उन्होंने इस फैसले पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने वक्फ संशोधन कानून की आत्मा पर रोक लगा दी है। वक्फ का अर्थ अल्लाह की सेवा के लिए किसी मुसलमान द्वारा अपनी किसी भी चल या अचल संपत्ति को धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए स्थाई रूप से समर्पित करना है।


एक बार जब कोई संपत्ति वक्फ घोषित हो जाती है, तो वह अविभाज्य हो जाती है और जिसे बेचा या हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है और वह हमेशा के लिए अल्लाह की संपत्ति मानी जाती है। किसी व्यक्ति द्वारा मस्जिद, स्कूल, अस्पताल या अन्य सार्वजनिक संस्थानों के निर्माण जैसे धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए किया गया दान। वक्फ की सम्पत्ति को बेचा नहीं जा सकता, विरासत में नहीं दिया जा सकता या उस पर कोई बोझ नहीं डाला जा सकता। वक्फ संपत्ति अल्लाह में निहित होती है। यह स्थाई मानी जाती है। एक बार वक्फ, हमेशा वक्फ का नियम लागू होता है। वक्फ संपत्तियों का प्रबन्धन वक्फ बोर्डों द्वारा किया जाता है, जो वक्फ की देखरेख करते हैं। दिल्ली सल्तनत के दौरान वक्फ की प्रक्रिया को व्यवस्थित किया गया था, जब शासकों ने मस्जिदों, मदरसों और अन्य धार्मिक कार्यों के लिए संपत्तियां दान की थीं। नवाबों ने धार्मिक और परोपकारी गतिविधियों के लिए जमीनें वक्फ की थीं। वक्फ बोर्ड का गठन वक्फ अधिनियम, 1954 के तहत किया गया था ताकि वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और देखरेख को व्यवस्थित किया जा सके। 1964 में केन्द्रीय वक्फ परिशद की स्थापना हुई, जो राज्य वक्फ बोर्डों के कामकाज की निगरानी और सलाह देने का काम करती है। इस अधि. नियम को वक्फ अधिनियम 1995 में प्रतिस्थापित किया गया। वक्फ प्रबन्धन को मजबूत करने और वक्फ संपत्तियों की देखरेख के लिए एक औपचारिक ढांचा स्थापित किया गया। वक्फ बोर्ड का मुख्य कार्य वक्फ से संबंधित संपत्तियों का प्रबंधन, संरक्षण और प्रशासन करना है। वक्फ बोर्ड एक वैधानिक निकाय है, जिसका गठन वक्फ अधिनियम के प्रावधानों के तहत किया जाता है। यह एक व्यवस्था है जो राज्य वक्फ बोर्डों की देखरेख करता है। विभिन्न राज्यों में वक्फ बोर्ड स्थापित किए जिनका काम अपने राज्य की वक्फ संपत्तियों का प्रब ंधन करना है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी

## तटरक्षक बल ने फिलीपींस के सरकारी जहाज को निशाना बनाया

**बीजिंग।** चीन और फिलीपींस के बीच दक्षिण चीन सागर में टकराव का एक और गंभीर मामला सामने आया है। बताया गया है कि चीनी तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) के जहाजों ने फिलीपींस के एक सरकारी पोत पर पानी की तेज बौछार से हमला किया और इसके बाद में उसे टक्कर मार दी।




■ इस घटना में जहाज को हल्का नुकसान पहुंचा हालांकि किसी भी चालक दल के सदस्य को चोट नहीं आई

इस घटना में जहाज को हल्का नुकसान पहुंचा, हालांकि किसी भी चालक दल के सदस्य को चोट नहीं आई। फिलीपींस तटरक्षक बल के अनुसार, यह घटना दक्षिण चीन सागर के विवादित इलाके में स्थित थीटू द्वीप के पास हुई। यह द्वीप फिलीपींस के कब्जे में है और वहां फिलीपींस के नागरिकों और मछुआरों की बस्ती भी है। घटना के समय फिलीपींस का सरकारी जहाज बीआरपी दातु पगबुआया वहां दो अन्य मछली पालन विभाग के जहाजों के साथ लंगर डाले हुए था। तीनों जहाज मछुआरों को सहयोग देने के लिए उस इलाके में मौजूद थे। तटरक्षक बल के प्रवक्ता कमोडोर जे टारिएला ने बताया कि अचानक चीनी तटरक्षक जहाज और कुछ संदिग्ध सैन्य नौकाएं तेजी से वहां पहुंचीं और खतरनाक ढंग से उसके जहाजों के बहुत करीब आ गईं। इसके बाद एक चीनी जहाज, जिसका नंबर 21559 था, ने दातु पगबुआया पर सीधा पानी की तेज बौछारें दागीं। कुछ ही मिनटों बाद उसी जहाज ने फिलीपींस के पोत के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे उसे हल्का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि किसी भी चालक दल को चोट नहीं आई और जहाज बाद में सुरक्षित स्थान पर चला गया। फिलीपींस तटरक्षक बल द्वारा जारी एक वीडियो में चीनी जहाज को पानी की तेज धार से हमला करते और फिलीपींस के झंडे को निशाना बनाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में फिलीपींस का जहाज हमले से बचने के लिए दिशा बदलता भी दिखाई देता है। फिलीपींस तटरक्षक बल के प्रमुख एडमिरल रॉनी गिल गवान ने कहा कि ऐसी घटनाएं उनके मनोबल को कमजोर नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा कि फिलीपीनी मछुआरों की आजीविका इन जलक्षेत्रों पर निर्भर है। चाहे पानी की तोप चले या जहाजों से टक्कर मारी जाए, हम अपने क्षेत्र की एक इंच जमीन भी किसी विदेशी ताकत को नहीं सौंपेंगे।

## रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडिटिव्स का सबसे बड़ा निर्यातक भारतः यूक्रेनी थिंक टैंक

**कीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगाने का एलान किया था। ट्रंप ने भारत पर रूस-यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने का गंभीर आरोप लगाया था। हालांकि भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। अब यूक्रेन के एक थिंक टैंक ने भारत पर एक और बड़ा आरोप लगाया है। यूक्रेनी थिंक टैंक ने दावा किया है कि भारत, रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडीटिव्स का सबसे बड़ा निर्यातक देश है और रूसी लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन को बेहतर करने में मदद कर रहा है।



नई दिल्ली। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण अफ्रीका में बस दुर्घटना में 40 लोगों की मौत

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के लिम्पोपो प्रांत में रविवार शाम हुई एक बस दुर्घटना में सात बच्चों समेत कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सड़क यातायात प्रबंधन निगम ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि बस एक पहाड़ी दर्रे पर सड़क से उतरकर नीचे गिर गई। बस हादसे में हताहत लोग जिम्बाब्वे और मलावी के नागरिक थे जो पूर्वी केप प्रांत से स्वदेश लौट रहे थे। लिम्पोपो प्रांतीय सरकार के प्रमुख फोफी रामाथुबा ने कहा कि यह एक बहुत ही गंभीर त्रासदी है।

### साउथ कैरोलिना में गोलीबारी, चार की मौत, 20 घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी के साउथ कैरोलिना के ब्यूफोर्ट काउंटी के एक भीड़भाड़ वाले बार में रविवार तड़के हुई गोलीबारी में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और अन्य 20 घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी थी। ब्यूफोर्ट काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि कल सेंट हेलेना द्वीप स्थित विलीज़ बार एंड ग्रिल में गोलीबारी की कई खबरें मिलने पर पुलिस अधिकारियों को बुलाया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के समय सैकड़ों लोग घटनास्थल पर मौजूद थे।

### तुर्की दजला, फरात नदियों में और पानी छोड़े: इराक

**बगदाद।** इराक के जल संसाधन मंत्री औन दियाब ने रविवार को कहा कि देश में पानी की कमी को दूर करने के लिए उन्होंने पड़ोसी मुल्क तुर्की से दजला और फ़रात नदियों में और पानी छोड़ने की मांग की है। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, तुर्की से गुजारिश की गई है कि अक्टूबर और नवम्बर महीने के लिए दजला और फ़रात नदियों में पानी ज्यादा मात्रा में छोड़ा जाये। दियाब ने आने वाले सर्दियों के मौसम का हवाला देते हुए कहा कि यह वर्ष, 1933 के बाद इराक में पानी की कमी का सबसे कठिन और गंभीर वर्ष है।

### यूक्रेनी ड्रोन डोनेट्स्क में बस पर किया हमला, छह घायल

**मॉस्को।** यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र के गोरलोव्का में एक यूक्रेनी ड्रोन ने एक यात्री बस पर हमला किया, जिससे छह नागरिक घायल हो गए। गोरलोव्का के मेयर ने रविवार को यह जानकारी दी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती के अनुसार गोरलोव्का के मेयर इवान प्रिखोदको ने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि गोरलोव्का के एक आवासीय क्षेत्र में एक यूक्रेनी ड्रोन ने एक बस पर हमला किया, जिससे छह लोग घायल हो गए।

# हमास ने सभी 20 इजरायली बंधक रिहा किए

## 7 और 13 के दो बैच में छोड़ा गया, बदले में इजरायल ने 250 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया




**तेल अवीव।** हमास ने सभी 20 इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया है। इन्हें 7 और 13 के दो बैच में छोड़ा गया। हमास ने इन्हें रिहा कर रेडक्रास को सौंपा। इसके बाद इजरायली सेना के हवाले किया गया। सभी बंधक इजरायल पहुंच चुके हैं। हमास के पास अब कोई भी जिंदा इजरायली बंधक नहीं है।

हमास आज ही 28 इजरायली शवों को भी सौंपेगा। इसके बदले में इजरायल ने आज 250 फलस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इजरायल पहुंचे हैं। खुद बेंजामिन नेतन्याहू उन्हें रिसीव करने बेन गुरियन एयरपोर्ट पहुंचे थे। ट्रम्प, नेतन्याहू के साथ इजरायली संसद पहुंचे। इससे पहले नेतन्याहू ने संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने दुनिया में शांति के लिए बहुत कोशिशें की हैं। उन्हें अगले साल शांति का नोबेल मिलना


**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इजरायल पहुंचे, खुद बेंजामिन नेतन्याहू उन्हें रिसीव करने बेन गुरियन एयरपोर्ट पहुंचे थे**

चाहिए। इजरायली सूत्रों के अनुसार, हमास गाजा में बचे सभी मृत बंधकों के शवों को नहीं ढूंढ पा रहा है।

इससे दूसरे चरण के समझौते में मुश्किलें आ रही हैं। सूत्रों के अनुसार, इजरायल सरकार को पता है कि हमास कुछ मृत बंधकों का ठिकाना नहीं जानता और उन्हें वापस लाने में असमर्थ है। फिलहाल, यह संख्या 1 से 9 बताई जा रही है, जबकि इसके और ज्यादा होने का अनुमान है। इजरायल ने हाल की शांति बातचीत में सभी बंधकों (जीवित और मृत) की वापसी का शर्त रखी थी।अमेरिका को भी इस बात की जानक.

ारी है कि कुछ बंधक गाजा के उन समूहों के कब्जे में हैं, जिन पर हमास का पूरा कंट्रोल नहीं है। अमेरिकी अधिकारी बारबरा लीफ ने सीएनएन से कहा कि मृत बंधकों की वापसी मुश्किल हो सकती है। पूर्व इजरायली सैन्य कमांडर गल हिर्श ने कहा कि सभी बचे हुए शवों को खोजने के लिए इजरायल, अमेरिका, मिस्र, कतर और तुर्की एक संयुक्त टीम बनाएगी। ट्रम्प का भाषण नेसेट में कुछ समय के लिए रो. कना पड़ा, क्योंकि 2 इजरायली सांसद फलस्तीन के पक्ष में नारेबाजी कर रहे थे। सुरक्षा अधिकारियों ने इन्हें संसद से बाहर खींचकर बैनर छीन लिए। इजरायली सांसद ने संसद में एक प्लेकार्ड पकड़ा है जिसपर 'फलस्तीन को मान्यता दो' का नारा लिखा है। ट्रम्प ने अपने भाषण में गाजा बंधक समझौते के लिए अरब देशों और मुस्लिम नेताओं की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने हमास पर दबाव बनाकर बंधकों को रिहा कराने में मदद की। उन्होंने आगे कहा: यह इजरायल और दुनिया के लिए एक बड़ी जीत है कि इतने सारे देश शांति के लिए एक साथ काम कर रहे हैं। यह एक नए मिडिल ईस्ट की ऐतिहासिक सुबह है।

## ट्रम्प ने किया इजरायल-हमास जंग के खात्मे का एलान



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को इज़रायल और हमास के बीच जंग के खत्म होने का एलान कर दिया। ट्रम्प ने अपने खास विमान एयर फ़ोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए युद्धविराम के टिके रहने पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह जारी रहेगा। इसके जारी रहने के कई कारण हैं। लेकिन मुझे लगता है कि लोग इससे थक चुके हैं। सदियों बीत गए हैं। मुझे लगता है कि लोग इससे थक चुके हैं। शुक्रवार सुबह लागू हुआ यह युद्धविराम ट्रम्प की 20-सूत्रीय गाजा शांति योजना के पहले चरण के बाद आया है। इस योजना में हमास का निरस्त्रीकरण और क्षेत्र में अमेरिका के नेतृत्व में एक समन्वय केंद्र की स्थापना शामिल है। इसके अगले चरणों पर बातचीत अभी भी जारी है। युद्धविराम समझौते के तहत, हमास और इजरायल सभी बंधकों को रिहा करेंगे। यह जंग सात अक्टूबर, 2023 को इज़रायल पर हमास के हमलों से शुरू हुई थी। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, तब से इज़रायल की सैन्य प्रतिक्रिया में 67000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें 18000 से अधिक बच्चे शामिल हैं। उड़ान भरने से पहले ट्रम्प ने इस यात्रा को 'एक बेहद खास समय' बताते हुए इसे दुर्लभ एकता का क्षण बताया। उन्होंने युद्ध विराम के लिए इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और कतर की भूमिका की प्रशंसा की।

# गाजा में हमास लीडर के बेटे समेत 64 की मौत

## फलस्तीनी पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**गाजा।** गाजा सिटी में हमास और डोगमूश कबीले के बीच हुई झड़प में 64 लोग मारे गए हैं। इनमें 52 डोगमूश और 12 हमास लड़ाके शामिल हैं। हमास के टेलीविजन चैनल के मुताबिक हमास के सीनियर अधिकारी बासेम नैम का बेटा भी झड़प में मारा गया। झड़प में एक फलस्तीनी पत्रकार की भी गोली लगने से मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हिंसा उस समय भड़की जब हमास के लड़ाकों ने सब्रा इलाके में कबीले के ठिकानों पर हमला किया।

**यह हिंसा उस समय भड़की जब हमास के लड़ाकों ने सब्रा इलाके में कबीले के ठिकानों पर हमला किया**

डोगमूश कबीले ने आरोप लगाया कि हमास ने सीजफायर का फायदा उठाकर उन्हें निशाना बनाया। हमास ने चेतावनी दी है कि जो मिलिशिया मेंबर और अपराधी खूनखराबे में शामिल नहीं हैं, वे अगले रविवार तक आत्मसमर्पण कर सकते हैं, अन्यथा उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि गोलीबारी से लोग डरकर भाग रहे थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बीबीसी को बताया कि इस बार लोग इजरायली हमलों से नहीं, बल्कि अपने ही लोगों से भाग रहे थे। डोगमूश नाम की उत्पत्ति तुर्किश मूल की बताई जाती है। इसका मतलब होता है- तुर्की में जन्मा हुआ। कहा जाता है कि डोगमूश कबीला 20वीं सदी की शुरुआत में पलायन कर गाजा पहुंचा था। यह कबीला गाजा सिटी के साब्रा और तेल अल-हवा में बसा हुआ है। डोगमूश गाजा के बड़े घरानों में गिना जाता है। डोगमूश पर अलकायदा के करीबी होने का आरोप लगता है। इस कबीले पर ब्रिटिश पत्रकार एलन जानस्टन और इजरायली कैदी गिलाश शालिद के अपहरण में शामिल होने का आरोप है। गाजा में सत्ता हासिल करने को लेकर डोमगूश और हमास के बीच कई बार संघर्ष हो चुका है।

# ट्रम्प के फैसले के खिलाफ निर्वस्त्र होकर लोगों ने निकाली बाइक रैली

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले के खिलाफ ओरेगन के पोर्टलैंड शहर में अनोखा विरोध प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने निर्वस्त्र होकर बाइक रैली निकाली। राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा पोर्टलैंड में नेशनल गाड्र्स की तैनाती के विरोध में ये बाइक रैली निकाली गई।

अमेरिका के कई शहरों में संघीय बल नेशनल गाड्र्स की तैनाती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। पोर्टलैंड में हर साल विश्व नग्न बाइक राइड का आयोजन किया जाता है, लेकिन ट्रम्प प्रशासन द्वारा पोर्टलैंड में अप्रवासियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई और नेशनल गाड्र्स की तैनाती के फैसले की




■ सैनिकों की तैनाती का कर रहे विरोध

खिलाफ इस बार समय से पहले ही इस अनोखी बाइक रैली का आयोजन किया गया। पोर्टलैंड में बीते कई दिनों से अप्रवासियों के खिलाफ आव्रजन विभाग की कार्रवाई का विरोध हो रहा है। आव्रजन केंद्र के बाहर कई बार प्रदर्शनकारी और सुरक्षाकर्मियों की भिड़ंत हो चुकी है। रैली में शामिल हुए एक प्रदर्शनकारी जेनेन किंग ने निर्वस्त्र बाइक राइड को विरोध करने का पोर्टलैंड का विशिष्ट तरीका बताया। 51 वर्षीय महिला ऊनी मोजो, जो एक विग और एक टोपी के अलावा पूरी तरह निर्वस्त्र थी, उसने गर्म चाय की चुस्की लेते हुए कहा कि उसे लगातार हो रही बारिश से कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि हम बिल्कुल नहीं चाहते कि हमारे शहर में सैनिक आएं। साल 2004 से ओरेगन के सबसे बड़े शहर पोर्टलैंड की सड़कों पर हर साल नग्न निकाली जाती है।

## भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति 43 साल बाद रिहा, गलत आरोप में काटी सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में भारतीय-अमे. रिकी सुब्रमण्यम वेदम 43 साल तक हत्या के एक झूठे मामले में जेल में रहने के बाद रिहा कर दिए गए हैं। 64 साल के वेदम को 3 अक्टूबर को रिहा किया गया था। वेदम, एक स्थाई अमेरिकी निवासी है। 1980 में उनपर अपने क्लासमेट की हत्या के आरोप लगे। हालांकि, वेदम ने हमेशा अपनी बेगुनाही का दावा किया, फिर भी उसे 1983 और 1988 में दो बार दोषी ठहराया गया और बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अगस्त 2025 में, सेंटर काउंटी के जज जोनाथन ग्राइन ने उनकी सजा को पलट दिया।

# इकोनॉमिक्स का नोबेल दो अमेरिकी और एक ब्रिटिश प्रोफेसर का

**स्टाकहोम।** इस साल इकोनामिक्स का नोबेल पुरस्कार तीन अर्थशास्त्रियों जोएल मोकिर (अमेरिका), पीटर हाविट (अमेरिका) और फिलिप एगियान (यूके) को मिला है। नोबेल समिति ने बताया कि इन अर्थशास्त्रियों ने बताया कि इना. ेवेशन से कैसे आर्थिक विकास का रास्ता खुलता है।

तकनीक तेजी से बदलती है और हम सभी पर असर डालती है। उत्पाद और उत्पादन के नए तरीके पुराने तरीकों को बदलते रहते हैं और यह प्रक्रिया कभी खत्म नहीं होती। यही लगातार आर्थिक विकास का आधार है, जिससे दुनिया भर के लोगों की जीवन गुणवत्ता, स्वास्थ्य और

**आर्थिक विकास में इनोवेशन की स्टडी के लिए मिला, 10 करोड़ प्राइज मिलेगा**

जीवन स्तर बेहतर होता है। विज. ेताओं को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपये), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट मिलेगा। पुरस्कार 10 दिसम्बर को स्टाकहोम में दिए जाएंगे।

नोबेल समिति के मुताबिक, जोएल मोकिर ने इतिहास को देखकर यह बताया कि लगातार आर्थिक विकास क्यों हो पाया। उन्होंने कहा कि अगर नए-नए आविष्कार और सुधार लगातार होते रहते हैं, तो हमें सिर्फ यह पता होना जरूरी नहीं कि कोई चीज काम करती है, बल्कि यह भी समझना जरूरी है कि क्यों वह काम करती है।

औद्योगिक क्रांति से पहले लोग यह अक्सर नहीं समझ पाते थे, इसलिए नए खोजों और आविष्कारों का सही इस्तेमाल करना मुश्किल था। इसके अलावा, मोकिर ने कहा कि समाज का नए विचारों के लिए खुला होना और बदलाव स्वीकार करना भी बहुत जरूरी है। फिलिप एगियान और पीटर हाविट ने लगातार आर्थिक विकास कैसे होता है, इसे समझाने की कोशिश की। इन दोनों ने 1992 में एक मॉडल बनाया जिसे 'क्रिएटिव डिस्ट्रक्शन' यानी 'रचनात्मक विनाश' कहा गया।

# अवैध रूप से रह रहे छह अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार

## पुलिस ने कार्रवाई कर एफआरआरओ को सौंपे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिले की पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई निहाल विहार थाना क्षेत्र में की गई, जहां पुलिस की गश्ती टीम ने सतर्कता दिखाते हुए सभी को मौके पर पकड़ लिया। बाद में सभी को कानूनी प्रक्रिया के तहत विदेशी नागरिक सीधे संबंधित नागरिक प्राधिकरण (एफआरआरओ) को सौंप दिया गया है ताकि उनके निर्वासन की कार्रवाई पूरी की जा सके। पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने सोमवार को बताया कि दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए अभियान तेज किया गया है। निहाल विहार थाने की टीम ने 10 अक्टूबर को चंदर विहार इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि कुछ विदेशी नागरिक बिना वैध



दस्तावेजों के एक मकान में रह रहे हैं। सूचना मिलते ही टीम ने तत्परता से छापा मारा। पुलिस को देखकर सभी छह विदेशी नागरिक भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने पासपोर्ट और वीज़ा दस्तावेज दिखाने में असमर्थता जताई। आगे जांच में पाया गया कि उनके वीज़ा की अवधि समाप्त हो चुकी है और वे लंबे समय से दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे थे। इन गिरफ्तारियों में विदेशी नागरिकों की पहचान कैमरून निवासी फ्रैंक फोटचिंग, रोमियो लूसियन, नाइजीरिया निवासी सैमुएल, माल्क फराडे, इनौसा, घना निवासी इवांस डांसो के रूप में हुई है। पुलिस ने विद. ेशी नागरिकों को आश्रय देने के आरोप में मकान मालिक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। सभी छह विदेशी नागरिकों को नरेला स्थित सेवा सदन, लैंपुर डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। एफआरआरओ के समन्वय में निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उपायुक्त ने कहा कि दिल्ली पुलिस की नीति 'शून्य सहिष्णुता' के तहत किसी भी व्यक्ति को बिना वैध दस्तावेजों के देश में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## सूडानी सेना ने पश्चिमी सूडान में 100 से ज्यादा लड़ाकों के मारे जाने का किया दावा

**खारतूम।** सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने रविवार को कहा कि पश्चिमी सूडान के एल फशर में हुई लड़ाई में रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के 100 से जयादा लड़ाके मारे गए हैं। एसएएफ के छठी इन्फैंट्री डिवीजन ने एक बयान में कहा कि उसने रविवार तड़के एल फशर शहर पर मिलिशिया द्वारा किए गए भीषण हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। इसमें आगे कहा गया कि हमारे बलों ने बहादुरी से हमलावरों का सामना किया, जिससे कर्मियों और उपकरणों को भारी नुकसान हुआ, 100 से जयादा मिलिशिया लड़ाके मारे गए और अन्य घायल हुए। सूडान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया था कि आरएसएफ के ड्रोन हमलों में एल फशर स्थित एक अस्थाई आश्रय स्थल पर 57 नागरिक मारे गए, हालांकि आरएसएफ ने रविवार को इस बमबारी की जिम्मेदारी से इनकार किया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108